
kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-164 | बुधवार, 16 जुलाई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन से सफल वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है।



उन्होंने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है, बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। राजनाथ सिंह

नक्सलियों ने स्वीकारा- एक साल में विभिन्न राज्यों में मारे गए 357 साथी 11

बिहार कैबिनेट में पांच वर्ष में एक करोड़ नौकरी देने सहित 30 प्रस्तावों पर मुहर 12

## संक्षेप

### देश का व्यापार घाटा कम होकर 20.31 अरब डॉलर हुआ

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश का व्यापार घाटा कम होकर 20.31 अरब डॉलर रह गया। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 22.42 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि अप्रैल-जून 2025 में देश का कुल आयात 230.62 अरब डॉलर और कुल निर्यात 210.31 अरब डॉलर रहा। आयात की तुलना में निर्यात ज्यादा बढ़ने से व्यापार घाटे में कमी आयी है। पिछले साल की समान तिमाही में आयात 220.94 अरब डॉलर और निर्यात 198.52 अरब डॉलर था। इसमें वस्तु निर्यात 1.92 प्रतिशत बढ़कर 112.17 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 10.93 प्रतिशत बढ़कर 98.13 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वस्तु आयात 4.23 प्रतिशत और सेवा आयात 4.92 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 179.44 अरब डॉलर और 51.18 अरब डॉलर पर रहे। मंत्रालय ने बताया कि अप्रैल-जून की तिमाही में गैर-पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 5.97 फीसदी बढ़कर 94.77 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल की समान तिमाही में यह 89.42 अरब डॉलर था। तिमाही के दौरान पेट्रोलियम और हीरे-जवाहरात को छोड़कर अन्य वस्तुओं का आयात 117.02 अरब डॉलर और निर्यात 88.10 अरब डॉलर रहा। जून 2025 में कुल निर्यात 67.98 अरब डॉलर और कुल आयात 71.50 अरब डॉलर रहा। इसमें वस्तु निर्यात 35.14 अरब डॉलर और आयात 53.92 अरब डॉलर रहा। इस दौरान सेवाओं का निर्यात 32.84 अरब डॉलर और आयात 17.58 अरब डॉलर दर्ज किया गया।

### लेखपालों के लिए गांव स्तर पर लागू होगी रोस्टर प्रणाली

लखनऊ। लोगों को राहत देने के लिए लेखपालों के लिए गांव स्तर पर रोस्टर व्यवस्था लागू होगी। यह पूरी तरह से ऑनलाइन होगा, जिससे लोगों को आसानी से पता चलेगा कि लेखपाल उनके गांव में कब रहेगा। इसके लिए एकीकृत डिजिटल लॉगिन प्रणाली (सिंगल विंडो लॉग इन सिस्टम) विकसित की जा रही है, जिससे सभी काम एक ही पोर्टल से किए जा सकेंगे। राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि डिजिटलीकरण व्यवस्था की जा रही है, जिससे राजस्व मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि लेखपालों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर राजस्व प्रशासन को और अधिक सुलभ, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाना है। इस पहल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि लोगों को राजस्व विभाग से जुड़ी सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें। जैसे-प्रमाण पत्रों की संस्तुति, भू-अभिलेख अपडेट कराना और विरासत संबंधी काम को समयबद्ध, त्रुटिरहित व ग्राम स्तर पर ही कराना है। इससे ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से तहसीलों के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने यह बताया इसके लिए सभी लेखपालों को तहसील स्तर पर एक निश्चित कार्यस्थल दिया जा रहा है।

# यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार को मिलेगा सेवा विस्तार!

## एक साल के सेवाविस्तार के लिए योगी सरकार ने केंद्र को भेजा पत्र



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह को मुख्य सचिव के पद पर एक साल का सेवा विस्तार देने के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेज दिया गया है। पत्र के साथ उनके द्वारा उत्तर प्रदेश के हित में किए गए कामों का जिक्र भी किया गया है। इसमें बताया गया है कि उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक वातावरण बनाने में अहम भूमिका निभाने के साथ ही अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर करने की दिशा में सार्थक प्रयास किए हैं। मनोज कुमार सिंह वर्ष 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। मुख्य सचिव के साथ उनके पास आईआईडीसी और अध्यक्ष पिकप का चार्ज है। दुर्गा शंकर मिश्र के ढाई साल के सेवा विस्तार के बाद उन्हें 30 जून 2024 को मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। मनोज कुमार सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में नगर विकास, पंचायती राज, ग्राम विकास विभाग और कृषि उत्पादन आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। वह 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि उच्च स्तर से उन्हें एक साल का सेवा विस्तार देने के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेज दिया गया है। इसमें ग्लोबल इंवेस्टर समिट के साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी इसी साल कराने का जिक्र भी किया गया है, क्योंकि मनोज कुमार सिंह के पास अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) का प्रभार भी है। इसके पहले वर्ष 2019 में मुख्य सचिव रहे अनूप चंद्र पांडेय का छह माह का विस्तार केंद्र सरकार द्वारा इसी आधार पर किया जा चुका है। इसीलिए केंद्र सरकार से पत्र लिखकर अनुरोध किया गया है कि उन्हें भी एक साल का सेवाविस्तार दिया जाए। उनके रहने से प्रदेश में निवेश का माहौल बना है और सेवा विस्तार से इसे धरातल पर उतरने में आसानी होने के साथ ही युवाओं के रोजगार मिलने की राह भी खुलेगी।

### कौन बन सकता है मुख्य सचिव

केंद्र सरकार द्वारा सेवाविस्तार न मिलने की स्थिति में मुख्य सचिव की रेस में वर्ष 1989 बैच के डा. देवेश चतुर्वेदी और एसपी गोयल के नाम पर विचार हो सकता है। डा. देवेश चतुर्वेदी मौजूदा समय केंद्र में सचिव कृषि व किसान कल्याण के पद पर तैनात हैं। वह फरवरी 2026 में सेवानिवृत्त होंगे। दूसरा नाम मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल का है। वह जनवरी 2027 में सेवानिवृत्त होंगे। तीसरा नाम वर्ष 1990 बैच के आईएएस दीपक कुमार का भी चर्चाओं में है।

### ब्यूरोक्रेसी में होगा बड़ा बदलाव

मनोज कुमार सिंह का कार्यकाल न बढ़ाने और एसपी गोयल के मुख्य सचिव बनने की स्थिति में यूपी की ब्यूरोक्रेसी में बड़ा बदलाव होगा। पंचम तल से लेकर आईआईडीसी के पद पर नई तैनाती होगी। इसके साथ ही कुछ और अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव के दायित्वों में बदलाव हो सकता है। डा. देवेश चतुर्वेदी के मुख्य सचिव बनने की स्थिति में यह बदलाव आंशिक होगा।

### योगी के सचिव अमित सिंह की प्रतिनियुक्ति फिर बढ़ी


लखनऊ। केन्द्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सचिव अमित सिंह की प्रतिनियुक्ति एक बार फिर बढ़ा दी है। अब वह मार्च 2027 तक अपने इस पद पर बने रहेंगे। 2000 बैच के आईआरएसएस अधिकारी अमित सिंह की प्रतिनियुक्ति को 2027 मार्च तक के लिए मंजूरी मिल गयी है। केंद्र सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि आईआरएसएस अधिकारी अमित सिंह जब से प्रतिनियुक्ति पर उत्तर प्रदेश आए हैं तब से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सचिव पद पर तैनात हैं। अमित सिंह सीएम योगी के भरोसेमंद और जिम्मेदार अधिकारियों में गिने जाते हैं।

# स्पेस स्टेशन में 18 दिन रहकर लौटे शुभांशु

एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के अपने तीन अन्य साथियों के साथ मंगलवार को धरती पर लौट आये।

स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे के करीब समुद्र में उतरा। ग्रुप कैप्टन शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर 18 दिन बिताये। इस दौरान उन्होंने कई वैज्ञानिक अनुसंधानों को अंजाम दिया। चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर यान भारतीय समय के अनुसार सोमवार दोपहर बाद चार बजकर 35 मिनट पर आईएसएस से रवाना हुआ था। बाइस घंटे से ज्यादा के सफर के बाद यान अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरा। आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किये गये मिशन भी शामिल थे। भारतीय वायु सेना में टेस्ट पायलट शुक्ला देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए चयनित संभावित क्रू में भी शामिल हैं। वह इस क्रू में एक मात्र ऐसे सदस्य बन गये हैं, जिनके पास अब अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव है, जो मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। एक्स-4 मिशन की लॉन्चिंग 25 जून को हुई थी और मिशन 26 जून को ही आईएसएस पहुंचा था। ग्रुप कैप्टन शुक्ला राकेश शर्मा के 41 साल बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे और आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीत विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं।



स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग कैलिफोर्निया के तट पर हुई, पहली बार कोई भारतीय आईएसएस गया था

''मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूँ, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और भावनाओं से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। यह भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।' नरेंद्र मोदी

### अंतरिक्ष मिशन की सफलता पर योगी ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु को दी बधाई

लखनऊ। एक्सिओम स्पेस 4 (एएक्स-4) की ऐतिहासिक सफलता और धरती पर सफल वापसी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लाल ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम को बधाई दी है। अंतरिक्ष से लौटे भारतीय पायलट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से बधाई दी और उनकी उपलब्धि को उत्तर प्रदेश और देश के लिए गौरव का क्षण बताया। योगी ने अपने संदेश में कहा, 'वेलकम बैक टू अर्थ।' ऐतिहासिक एक्सिओम मिशन 4 को सकुशल संपन्न कर सफल वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला व उनकी टीम को हार्दिक बधाई। आपकी उपलब्धि साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का गौरवपूर्ण प्रतीक है। आज हर भारतीय, विशेषकर उत्तर प्रदेश वासी गौरवान्वित है। भारत आपके स्वागत को उत्सुक है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला लखनऊ के मूल निवासी हैं। वायुसेना में उनकी सेवाएं उत्कृष्ट रहीं, लेकिन शेष पेज 11 पर

# आतंकवाद से सख्ती से निपटने के उद्देश्यों पर अडिग रहे एससीओ : जयशंकर

एजेंसी

बीजिंग/ नयी दिल्ली। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के अपने उद्देश्यों पर अड़िग रहने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति पर चलते हुए आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहेगा।

डा. जयशंकर ने मंगलवार को यहां बीजिंग में संगठन के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से निपटने के लिए की गयी थी।



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये तीनों चुनौती अक्सर एक साथ आती हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धर्म के आधार पर विभाजन को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन के कुछ सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भी सदस्य हैं और सुरक्षा परिषद ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। सुरक्षा परिषद ने आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने इसी के अनुरूप कार्रवाई की है। उन्होंने कहा,हम हमले तब से शेष पेज 11 पर

### यमन में नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा टली

नयी दिल्ली। यमन में हूतियों के नियंत्रण वाली राजधानी सना में हत्या के जुर्म में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को दी जाने वाली मौत की सजा टाल दी गयी है।

सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि भारतीय अधिकारियों के प्रयासों से निमिषा प्रिया की सजा टल गयी है। भारतीय अधिकारी वहां के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में थे। सूत्रों ने कहा, पता चला है कि यमन के स्थानीय अधिकारियों ने 16 जुलाई को निमिषा प्रिया को दी जाने वाली मौत की सजा स्थगित कर दी है। भारत सरकार इस मामले की शुरुआत से ही पीड़ित पक्ष के साथ समुचित व्यवहार के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। सरकार हाल में निमिषा के परिजनों को यमन में दूसरे पक्ष के साथ सहमति का कोई रास्ता निकालने की कोशिश करने और सजा को टलवाने के प्रयासों में विशेष तरीके से सहयोग कर रही शेष पेज 11 पर

### भारतीय सेना पर टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी को मिली जमानत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में उनकी कथित अपमानजनक टिप्पणी से संबंधित एक मामले में लखनऊ की स्थानीय अदालत ने मंगलवार को जमानत दे दी।

अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने 20-20 हजार रुपये के दो बांड पर श्री गांधी को जमानत दे दी। श्री गांधी के वकील प्रांशु अग्रवाल की तरफ से जमानत याचिका डाली गई थी जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। इससे पहले राहुल गांधी एयरपोर्ट से सीधे एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचे। पिछली पांच सुनवाई के दौरान श्री गांधी अदालत में उपस्थित नहीं हुए थे।



इसके बाद अदालत ने उन्हें समन जारी किया था। जमानत मिलने के बाद राहुल सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। गौरतलब है कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के एक सेवानिवृत्त अधिकारी उदय शंकर श्रीवास्तव ने एक शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा था कि 16 दिसंबर, 2022 को शेष पेज 11 पर

# अमेरिका ने भारत को दूसरा जीई-404 इंजन सौंपा

एजेंसी

नई दिल्ली। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार भारत को लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क 1ए लड़ाकू विमान के लिए अमेरिका से दूसरा जीई-404 इंजन मिल गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 12 जीई-404 इंजन मिलने की उम्मीद है। ये इंजन एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों में लगाए जाएंगे। भारतीय वायु सेना ने 83 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों के ऑर्डर दिए हैं और रक्षा मंत्रालय की मंजूरी के बाद 97 और ऐसे विमान खरीदने का प्रस्ताव अंतिम चरण में है।

भारत ने फरवरी 2021 में एचएएल के साथ 48 हजार करोड़ का एक समझौता किया था। इस अनुबंध में 73 तेजस मार्क 1ए जेट और 10 प्रशिक्षक विमान शामिल थे। भारतीय वायु सेना को 2024 में पहली खेप मिलने की उम्मीद थी, लेकिन इसी



एचएएल को इस वित्तीय वर्ष के अंत तक जीई एयरोस्पेस से 12 इंजन मिलने की उम्मीद

बीच अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस (जीई) ने एफ-404 इंजन का उत्पादन बंद कर दिया। भारतीय वायु सेना के साथ फरवरी, 2021 में अनुबंध होने के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को इसी साल मार्च से नए विमान की आपूर्ति होनी थी, लेकिन इसमें लगने वाले इंजन की अमेरिका से आपूर्ति में देरी की वजह से इंतजार लंबा हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मार्च में वाशिंगटन यात्रा के दौरान इंजन आपूर्ति में देरी का मुद्दा उठाया शेष पेज 11

# वैश्विक बाजार की मांग के अनुरूप युवाओं को तराशें : सीएम

## युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए सरकार कटिबद्ध : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय कौशल मेले और प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद योगी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षित युवा आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत है और भाजपा की सरकारें उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये कटिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में 25 करोड़ की आबादी में 56 से 60 प्रतिशत लोग कामकाजी वर्ग से हैं। इन युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम 'एआई और डिजिटल स्किल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण' उत्तर प्रदेश के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि यह राज्य की युवा शक्ति को नई दिशा प्रदान करने का आधार बन रही है। योगी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में परंपरागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा,हमने स्केल को स्किल में बदलने के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रदेश सरकार 2 करोड़ युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करवा रही है, जिनमें से 50 लाख युवा अब तक लाभान्वित हो चुके हैं। इसके अलावा, टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को न्यू-एज टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ा गया है, ताकि उद्योगों और बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। प्रदेश में 400 के करीब राजकीय और 3000 निजी आईटीआई संचालित हैं, जहां न्यूनतम शुल्क पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। सरकार निजी आईटीआई में पढ़ने वाले छात्रों को स्कॉलरशिप और अन्य प्रोत्साहन भी दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि



प्रत्येक युवा को उसकी रुचि और योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में कानून-व्यवस्था में सुधार और सरकार की सकारात्मक नीयत के कारण 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। ये निवेश लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रहे हैं। उन्होंने उद्योगों और शैक्षिक संस्थानों के बीच तालमेल को आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे उद्योगों की मांग के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए जा सकते हैं। योगी ने 'सीएम युवा' योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के तहत कौशल विकास, आईटीआई, पॉलिटेक्निक या डिग्री प्राप्त युवाओं को पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है। इस वर्ष 24 जनवरी को शुरू हुई इस योजना से अब तक 50 हजार से अधिक युवा लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना में युवाओं को केवल मूलधन चुकाना होगा, ब्याज का खर्च सरकार वहन करेगी। इसके बाद 7.5 लाख रुपये तक का अतिरिक्त ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) और 'मुख्यमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान' जैसी योजनाओं के माध्यम से परंपरागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया गया है। उन्होंने बताया कि ओडीओपी के तहत डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है, जबकि विश्वकर्मा योजना शेष पेज 11 पर

# दारागंज में युवक पर हमले और लूट का आरोप पुलिस पर पक्षपात के गंभीर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**2 बजे रात चली गोली, युवक सहित चार पर रिपोर्ट हुई दर्जसाढ़े बारह बजे थाने में पीड़ित विमल मिश्रा ने दी थी तहरीर,यदि पुलिस सक्रिय हो जाती तो नहीं होती घटना**

प्रयागराज । दारागंज थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक युवक पर कथित रूप से जानलेवा हमला कर नकदी और सोने की चेन लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने और लिखित शिकायत सौंपने के बावजूद स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, जबकि विपक्षी पक्ष की कथित घटना की तहरीर पर त्वरित एफआईआर दर्ज कर ली गई। रात 12:30 पर विमल ने थाने में तहरीर देकर शिकायत किया लेकिन पुलिस उस समय घटना को टाल गई और रात 2 बजे गोली चलने की घटना घट गई। यदि पुलिस विमल मिश्रा की तहरीर लेकर सक्रिय हुई होती तो शायद इतनी बड़ी घटना नही घटती ।दारागंज निवासी विमल मिश्रा पुत्र विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि 13 जुलाई की रात लगभग 12 बजे मोहल्ले के ही राम लखन मिश्रा, संदीप धोबी समेत चार लोगों ने उस पर और उसके भाई पर अचानक हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार हमलावरों ने गाली गलौज और कट्टे की बट से मारपीट की, जिसके बाद उसकी दो तोला सोने की चेन और करीब ?5000 नकद लूटकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।विमल मिश्रा का कहना है कि उसने घटना के तुरंत बाद 112 नंबर पर कॉल कर सूचना दी और रात्रि करीब 12:30 बजे स्वयं थाना दारागंज पहुँचकर ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी को लिखित तहरीर



सौंपी। आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने केवल ्लकल देखेंगेङ्ग कहकर उसे वापस भेज दिया।इसी रात करीब 2 बजे पीड़ित को पता चला कि विपक्षी पक्ष ने उल्टा विमल मिश्रा के ही खिलाफ गोली मारने की रिपोर्ट दर्ज करा दी। विमल का दावा है कि राम लखन मिश्रा और उसके परिजनों के विरुद्ध पहले से दर्जनों गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जबकि संदीप धोबी हाल ही में जेल से छूटकर आया है।पीड़ित का यह भी कहना है कि घटना के समय वह अपने घर पर मौजूद था, जिसकी पुष्टि मोहल्ले के सीसीटीवी फुटेज से हो सकती है। साथ ही, रात्रि 12:30 बजे थाना दारागंज में उसकी मौजूदगी भी सीसीटीवी रिकॉर्ड से स्पष्ट की जा सकती है।विमल मिश्रा ने मामले की निष्पक्ष जाँच, दोषियों के विरुद्ध सख़्त कानूनी कार्रवाई और झूठे मुकदमे से राहत दिलाने के लिए पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को प्रार्थना पत्र भेजा है।पुलिस की भूमिका पर उठे सवालघटना को लेकर स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस आरोपियों से मिलीभगत कर उनकी शिकायत को दबा रही है, जबकि विपक्षी की तहरीर पर तुरन्त कार्रवाई की गई।इस मामले में अब तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। पीड़ित का कहना है कि यदि पुलिस ने उसकी दी हुई तहरीर पर समय रहते कार्रवाई की होती, तो घटना को रोका जा सकता था। बता दे की रामसागर मिश्रा और संदीप पर दर्जनों अपराधी मुकदमे हैं, जिसके कारण तमाम दुश्मन है । इनकी खुलेआम दुश्मनी चल रही है, कोई भी घटना को अंजाम दे सकता है यह लोग हमें फसाने की साजिश किए हैं । फ़िलहाल मामले की जाँच और पुलिस की कार्रवाई पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विमल और अन्य कई लोगों के घर पर रात 3:20 मिनट पर दबिश भी दिया है ।

# एसडीएम ने वर्षों से मिल रही शिकायत का कराया निस्तारण



एसडीएम ने अपनी सूझबूझ से किसानों की फ़सल बर्बाद होने से बचाया, कोरांव तहसील क्षेत्र के मिश्रपुर गांव का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव ( प्रयागराज) कोरांव तहसील क्षेत्र के मिश्रपुर गांव में पानी निकासी की समस्या का समाधान नवागंतुक एसडीएम संदीप तिवारी ने त्वरित कार्रवाई करके किया। गांव में पानी निकासी बंद होने से लगभग 400 सौ बीघा की फसल पानी में डूबने से बर्बाद हो रही थी और पानी घरों में घुसने लगा था। एसडीएम संदीप तिवारी ने मंगलवार को दो जेसीबी, पुलिस फोर्स, तहसीलदार और लेखपाल के साथ मौके पर पहुंचकर कई घंटा कड़ी मसक्कत कर पानी निकासी की व्यवस्था कराई। उन्होंने प्रधानपति को जाम नाली की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। एसडीएम की इस त्वरित कार्रवाई से गांव की पानी निकासी की समस्या का समाधान हुआ और फसल को बर्बाद होने से बचाया जा सका। साथ ही घरों में पानी घुसने की समस्या भी दूर हुई।

## लूट और छिनैती की घटनाओं से सहमे लोग

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में बढ़ती लूट और छिनैती की घटनाओं ने स्थानीय लोगों में खौफ का माहौल बना दिया है। लगातार हो रही आपराधिक वारदातों से पुलिस की कार्यशैली और प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।मामला 6 जुलाई की रात का है, जब मखऊपुर प्रीतमनगर निवासी सुधीर यादव और नीरज यादव, जो वाइन शॉप में काम करते हैं, रेलवे ब्रिज के पास भगवतपुर गांव से लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने तमंचा सटाकर उनकी बाइक लूट ली। हालांकि, मौके पर 112 पुलिस के पहुँचते ही बदमाश बाइक छोड़कर फरार हो गए।एक अन्य घटना 12 जुलाई की सुबह हुई, जब मिर्ज़ापुर निवासी सत्यदेव सिंह की बेटी पूजा कोचिंग से झलवा से विक्रम में बैठकर लौट रही थी। रेलवे ब्रिज अंडरपास के पास बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर उसका मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। इस घटना में पुलिस अभी तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि भगवतपुर रेलवे ब्रिज और उसके आसपास का इलाका लुटेरों के लिए सुरक्षित अड्डा बन चुका है। शाम होते ही संदिग्ध बाइक सवार वहां मंडराते रहते हैं और वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जाते हैं।लगातार हो रही इन घटनाओं से राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। आमजन का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो लोगों का पुलिस पर से भरोसा पूरी तरह उठ जाएगा।

## जलभराव को लेकर नाराज़ पार्षद ने नगर आयुक्त पर साधा निशाना

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम की लापरवाही एक बार फिर लोगों की परेशानी का सबब बन गई है। लखनऊ के सरोजिनी नगर द्वितीय वार्ड के अंतर्गत आने वाले अवध बिहार तपोवन नगर इलाके में बीते 20 दिनों से लगातार जलभराव की समस्या बनी हुई है। पानी भरने के कारण न सिर्फ आमजन को आने–जाने में मुश्किल हो रही है, बल्कि संक्रमण और गंदगी से स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम के खिलाफ नाराजगी जताई है और कहा कि बार–बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। इस मुद्दे पर जनता की आवाज उठाते हुए वार्ड के पार्षद राम नरेश ने नगर आयुक्त पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा, ''अगर नगर आयुक्त के पास जनता से मिलने का समय नहीं है तो उन्हें नगर निगम की कुर्सी छोड़कर लखनऊ से चले जाना चाहिए।'' पार्षद का आरोप है कि अधिकारियों को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है और शिकायतों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। अब देखना यह होगा कि नगर निगम इस गंभीर समस्या पर कब तक ध्यान देता है और लोगों को राहत मिलती है या नहीं।

## उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मण्डल के सहयोग से मेदांता हॉस्पिटल द्वारा लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सरोजनीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मण्डल के सहयोग से मेदांता हॉस्पिटल द्वारा मंगलवार को गहरू में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर मे 299 महिला और पुरुषों ने अपने स्वास्थ्य की जॉच कराई तथा डॉक्टरों से परामर्श लिया। मेदांता हॉस्पिटल की टीम में डॉ. अमित, नर्सिंग स्टाफ शिवांगी व आस्था, बीएडी टेक्निशियन तेजस पाण्डेय,प्रोजेक्ट मैनेजर महेंद्र पाल सिंह व सहायक सुदामा प्रसाद रहे। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार सिंह विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुमार हजेला,संगठन मंत्री सरदार हरजीत सिंह, गौरी बाजार उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मण्डल अध्यक्ष दिलीप रावत व उनकी पूरी टीम मौजूद रही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि हमारा संगठन जनता और व्यापारियों की स्वास्थ्य सेवा तथा जनहित में सदैव अपनी अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

## समाजसेवी प्रमोद मिश्र का मनाया गया जन्मदिवस

**कोरांव ( प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोराव मिश्रपुर गांव के रहने वाले समाजसेवी प्रमोद पयासी का जन्मोत्सव समारोह मंगलवार को अनसुईया गेस्ट हाउस कोरांव में बड़े पैमाने पर मनाया गया। युवा समाजसेवियों के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोग शामिल हुए और प्रमोद पयासी को बधाइयाँ और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत राममूर्ति मिश्र इंग्लिश एकेडमी कोराव में पौधारोपण से हुई। इसके बाद जन्मोत्सव कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों ने प्रमोद पयासी को बधाइयाँ और शुभकामनाएं दीं। चर्चित गायक राहुल शुक्ला पंडित ने अपने गीत, ग़ज़ल और भजन के माध्यम से समा बांधा और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। प्रमोद पयासी ने आए हुए लोगों का स्वागत और अभिनंदन किया और सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनता का प्यार और समर्थन उनकी ताकत को बढ़ाता है कार्यक्रम में आए हुए लोगों के लिए जलपान और भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। सेंट मैरिज स्कूल तराव के फादर जार्ज अपने अन्य सहयोगी स्टॉफ के साथ माला और फूल का गुच्छा देकर प्रमोद पयासी को लंबी उम्र की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, प्रधान, और अन्य प्रमुख लोग शामिल हुए। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे और प्रमोद पयासी को जन्मदिन की बधाइयाँ दीं।

## पूरामुफ्ती थाने में तैनात उपनिरीक्षक राजेश यादव का आकस्मिक निधन, विभाग में शोक की लहर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूरामुफ्ती थाना में तैनात उपनिरीक्षक राजेश यादव का ह्रदयगति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से प्रयागराज पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है और इसे एक अपूरणीय क्षति के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, उपनिरीक्षक राजेश यादव पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। इलाज हेतु उन्होंने अवकाश लिया और अपने निवास स्थान गए, जहाँ से फिर इलाज के लिए लखनऊ रवाना हुए। लखनऊ के एक प्रतिष्ठित निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को उनका निधन हो गया। राजेश यादव प्रयागराज जिले के विभिन्न थानों में अपनी सेवा दे चुके थे और वे एक सौम्य, कर्तव्यनिष्ठ और लोकप्रिय अधिकारी के रूप में जाने जाते थे। उनकी सादगीपूर्ण जीवनशैली और व्यवहार से सहकर्मियों के बीच उनका विशेष स्थान था। उनके निधन की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। विभागीय अधिकारी व सहयोगी गहरे दुख में हैं, वहीं पारिवारिक जनों में भी कोहराम मचा हुआ है। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पारिवारिक निर्णयानुसार संपन्न होगी।

## मेगा कैम्प का होगा आयोजन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड समस्त उपभोक्ताओं को समय पर सही बिल उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन एवं सहयोगी विद्युत वितरण निगमों में उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए दिनांक 17, 18 एवं 19 जुलाई को 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक नये संयोजन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, विधा परिवर्तन, बिल जमा करने एवं अन्य सम्बन्धित कार्यों की शिकायतों का निस्तारण करने हेतु प्रत्येक खण्ड स्तर पर मेगा कैम्पों का आयोजन किया जायेगा।

# बसन्तकुंज में होगी 50 भूखंडों की ई-नीलामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए ने आवास और व्यवसायिक निवेश की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए राजधानी के प्राइम लोकेशनों पर स्थित कई महत्वपूर्ण संपत्तियों को ई-ऑक्शन के लिए पेश किया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-जी में गऊघाट के पास ग्रीन कॉरिडोर से सटे 252 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 50 आवासीय भूखंडों को पहली बार ई-नीलामी प्रक्रिया में शामिल किया गया है। इन भूखंडों का अनुमानित मूल्य ?32,955 प्रति वर्गमीटर निर्धारित किया गया है। कुल मिलाकर इन भूखंडों की कीमत लगभग 310 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके अलावा, लैंड ऑडिट के जरिए चिन्हित की गई उन बहुमूल्य संपत्तियों को भी इस बार की नीलामी में शामिल किया गया है, जिन्हें खाली कराकर बिक्री योग्य बनाया गया है। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा के अनुसार, मंगलवार को उपाध्यक्ष ने योजना अधिकारियों के साथ बैठक कर लैंड ऑडिट में चिन्हित की गई अन्य संपत्तियों को भी चरणबद्ध तरीके से नीलामी में उतारने के निर्देश दिए। इस क्रम में गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में एसएसबी के पास करीब 2.5 हेक्टेयर जमीन, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये है, को भी नीलामी में शामिल किया गया है। इसके साथ ही गोमती नगर के विशाल खण्ड में 1800 वर्गमीटर क्षेत्रफल के दो भूखंड, जो व्यावसायिक और नर्सिंग होम उपयोग के लिए चिह्नित हैं, को भी ऑक्शन के लिए तैयार किया गया है। एलडीए ने भविष्य की आवासीय परियोजनाओं के लिए भी जमीन चिह्नित कर ली है। बालू अड्डा (बहुखंडी आवास के पास) में लगभग 4,200 वर्गमीटर और ऐशबाग क्षेत्र में भदेवां के पास लगभग 5,000 वर्गमीटर की अर्जित भूमि पर बहुमंजिला आवासीय भवनों के निर्माण की योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही प्राधिकरण ने दो बड़े व्यावसायिक परिसरों रतनखण्ड और मानसरोवर कॉम्पलेक्स को भी ई-नीलामी के माध्यम से बेचने का निर्णय लिया है। रतनखण्ड कॉम्पलेक्स, जो कि 6729.6 वर्गमीटर में बना पांच मंजिला परिसर है, उसकी कीमत 87 करोड़ निर्धारित की गई है। वहीं मानसरोवर कॉम्पलेक्स, जो 1586.43 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्मित है, की कीमत 15.27 करोड़ तय की गई है। **कैनविज टाइम्स संवाददाता**

# एचपीसीएल के 51वें स्थापना दिवस पर 18 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रहीमाबाद/लखनऊ। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के 51वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को रहीमाबाद के एचपी गैस ग्रामीण वितरक केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एचपी गैस एजेंसी संचालक सुलेमान हुसैन ने किया और इस शिविर में एचपी गैस रहीमाबाद के कर्मचारियो सहित 18 लोगों ने रक्तदान किया। बताते चलें कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के 51वें स्थापना दिवस पर रहीमाबाद एचपी गैस ग्रामीण वितरक केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर को हेल्थ सिटी ब्लड बैंक संचालित द्वारा मेडवेदिक हेल्थ केयर के वरिष्ठ प्रबंधक ऋषभ शर्मा मुख्य कर्मचारी आलोक यादव पंछी श्रीवास्तव की देखरेख में शिविर संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्देश्य रक्त भंडार को मजबूत करना और लखनऊ के विभिन्न अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। रक्त की बढ़ती मांग को देखते हुए यह शिविर जीवन बचाने और समुदाय में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। रक्तदान करने वालों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य उस्मान हुसैन, धर्मेंद्र, पुष्पाल सिंह, आशीष यादव, हरीश तिवारी, मुजम्मिल, विश्वजीत, विजय, शिव शंकर, संदीप, पुष्पेंद्र सैनी और लक्ष्मी नारायण, मनोज कुमार राठौर, अनूप कुमार गौतम, दिलीप कुमार, मोहम्मद तुफैल, शील सिंह नें रक्तदान किया, इस मौके पर सीनियर मैनेजर ऋषभ शर्मा ने कहा रक्तदान एक महान कार्य है जो किसी के जीवन को बचा सकता है। यह एक ऐसा उपहार है जो किसी को भी दिया जा सकता है, और यह किसी भी व्यक्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है। एचपीसीएल द्वारा आयोजित यह रक्तदान शिविर न केवल रक्त की कमी को पूरा करने में मदद करेगा, बल्कि लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में भी जागरूक करेगा।

# भाजपा सरकार में टूटे भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट गये है। हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार और लूट है। निर्माण कार्यों में कमीशनखोरी के कारण कोई काम मानक के अनुसार नहीं हो रहा है। प्रदेश के जिलों-जिलों में अभी तक जल जीवन मिशन योजना में बनी पानी की टंकियां टूट रही है। पाइप लाइने फट रही है। सड़कें दरक रही है। अब तो पुल और पुलिया भी टूट रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि बारिश शुरू होते ही गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का भ्रष्टाचार उजागर हो गया। सात हजार करोड़ से ज्यादा लागत से कई वर्षों में बनी सड़क दरक गयी। चित्रकूट में करोड़ों रूपये की लागत से बने पुलों का अप्रोच मार्ग धंस गया। भाजपा सरकार में जनता के पैसे की लूट चल रही है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार हो चुकी है। श्री यादव ने कहा कि सरकार में झूठी बयानबाजी और कागजी बैठकों के अलावा कुछ नहीं हो रहा है। भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की कहानी बहुत लम्बी है। अवैध खनन, प्राकृतिक संसाधनों की लूट जारी है। ट्रांसफर-पोस्टिंग में हुआ लेन-देन भ्रष्टाचार पहले ही सबके सामने आ चुका है। निवेश परियोजनाओं और इंवेस्ट यूपी की कमीशनखोरी जगजाहिर हो चुकी है। थाने और तहसील पहले से ही भ्रष्टाचार के अड़डे बन चुके है।

अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के तेवर सिर्फ दिखावे के है। सरकार में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचारियों को संरक्षण है। लोग त्रस्त हैं। नाले-नालियों की सफाई तक में लूट चल रही है। राजधानी लखनऊ में ही हल्की बरसात होते ही नाले उफनाने लगे हैं। शहर के मुख्य मार्गों तक में जल भराव के हालात बन रहे हैं। लोग बेबसी में जीवनयापन करने को मजबूर है। लोग नालों में बहे जा रहे हैं। लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके में शासन-प्रशासन की लापरवाही के कारण खुले नाले में गिरने से सुरेश लोधी की दुःखद मौत बहुत ही हृदय विदारक घटना है। भाजपा सरकार की संवेदनहीनता की यह पराकाष्ठा है।

## शुभांशु शुक्ला को अखिलेश ने दी बधाई

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से सकुशल वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके माता-पिता, परिवार और देशवासियों को बधाई दी। शुभांशु शुक्ला का स्पेसक्राफ्ट मंगलवार को कैलिफोर्निया के समुद्र में स्प्लैश डाउन हुआ। अखिलेश ने कहा कि यह अभियान भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। सभी भारतीयों को शुभांशु शुक्ला पर गर्व है। उन्होंने कहा कि शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होने के बाद लखनऊ के त्रिवेणी नगर में उनके परिवार के लोगों से मुलाकात हुई थी।

## परवर पश्चिम के जलशायीनाथ शिव धाम का होगा कायाकल्प

सरोजनीनगर,कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरोजनीनगर की ग्राम पंचायत परवर पश्चिम स्थित प्राचीन श्री महादेव जलशायीनाथ शिव धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस मंदिर व उसके परिसर के कायाकल्प के लिए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों से पर्यटन व संस्कृति विभाग से एक करोड़ रुपए की धनराशि मिली है। स्थानीय लोग लंबे समय से इस प्राचीन मंदिर के विकास की मांग कर रहे थे। पर्यटन व संस्कृति विभाग के इस निर्णय से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश सिंह सोमवंशी ने इसके लिए विभाग के मंत्री जयवीर सिंह व विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का लंबे समय से चला आ रहा यह सपना अब पूरा होगा। स्थानीय निवासियों ने भी विधायक के इंस प्रयास की सराहना की है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या:– विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/207/2025–26 | |
| क | कार्य का विवरण: एल0एच0बी0 कोचों में पिंक बुक आइटम सं0 735/24–25 के अर्न्तगत आर0एम0पी0यू0 के नवीनीकरण का कार्य। | |
| ख | अनुमानित लागत | रू० 4,46,00,179.50/– |
| ग | धरोहर राशि | रू० 3,73,000/– |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ड | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| | अन्य सूचना | |
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवम समय | 06.08.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 06.08.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफ़र पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरांन्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। **निविदा संख्या:– विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/207/2025–26 दिनांक: 14.07.2025** 2128/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# शोकाकुल परिवार से मिलकर दयालु ने व्यक्त की संवेदना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। प्रदेश सरकार के आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने भाजपा, महानगर के राष्ट्रीय प्रशिक्षण विभाग के सहसंयोजक सौरभ पाठक की माताजी के निधन दुख प्रकट करते हुए अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। आयुष मंत्री डॉ दयालु ने दुर्गाकुंड स्थित करपात्री स्ट्रीट उनके आवास पर पहुंचकर उनकी माताजी के चरणों में पुष्प अर्पित कर अपनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे आयुष मंत्री ने सौरभ पाठक और उनके परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। साथ ही आयुष मंत्री डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भेजे गए शोक संदेश को भी सौरभ पाठक को सौंपा। इस मौके पर उनके साथ कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान परिवार के मुखिया शिवानंद पाठक एवं आशुतोष पाठक ने वाराणसी आई बैंक सोसायटी के डॉक्टर अजय मौर्या द्वारा हुए नेत्रदान के बारे में मंत्री जी को अवगत कराया ।काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य अर्चक की धर्मपत्नी के निधन पर व्यक्त की अपनी शोक संवेदना । आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक टेकनारायण ज़ी की धर्म पत्नी के निधन पर उनके आवास जाकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आयुष मंत्री ने गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में डॉ हरदत शुक्ला संजय मिश्रा संतोष सैनी गौरव राठी जितेंद्र कुशवाहा सुधीर त्रिपाठी जय विश्वकर्मा प्रवीण पांडेय सौरभ राय अरुण पांडेय प्रमोद राय सर्वेश वर्मा आकाश सेठ रजत केसरी राजेश वर्मा आदि मुख्य रुप से शामिल थे !


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PRG-OSD-539-24-1 (Advertising- On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-565-25-1 (Advertising- Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PYGS-BCA-100-25-1 (Misc Static Services-Battery operated carts with Advertisement) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2129/25

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# तत्कालीन निदेशक समाज कल्याण गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❐ ईओडब्ल्यू टीम का छात्रवृत्ति घोटाले के आरोपी मिश्रीलाल पासवान पर कसा शिकंजा

लखनऊ। वित्तीय वर्ष 2010-11 व 2011-12 के मध्य निदेशालय समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में नियुक्त तत्कालीन निदेशक मिश्रीलाल पासवान व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा संस्था गुरूनानक एजूकेशन ट्रस्ट रुड़की हरिद्वार, उत्तराखण्ड के तत्कालीन ट्रस्टी के साथ आपसी आपराधिक दुरभि सन्धि व छल करके मूल्यवान एवं महत्वपूर्ण अभिलेखीय साक्ष्यों को विलोपित एवं नष्ट करके, केन्द्र पुरोनिधानित अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत PGDM पाठ्यक्रम में उक्त अवधि में अध्ययनरत 336 छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति की निर्धारित धनराशि के स्थान पर अनियमित तरीके से अधिक धनराशि प्रदान करके, कुल 7,95,10,370 रूपये (सात करोड़ पिचानवे लाख दस हजार तीन सौ सत्तर रुपये मात्र) की राजकीय धनराशि की छति कारित की गयी। प्रकरण में गुरूनानक एजूकेशन ट्रस्ट रुड़की हरिद्वार, उत्तराखण्ड द्वारा कई छात्रों का फर्जी प्रवेश दिखाकर दुरभिसंधि करते हुए फर्जी छात्रों की छात्रवृत्ति प्राप्त की गयी, जिसके सम्बन्ध में जांचोपरान्त दिनांक- 23.10.2019 को थाना एसआईटी उ0प्र0 लखनऊ पर 05 अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0- 16/2019 पंजीकृत कराया गया । विवेचना के मध्य संकलित साक्ष्य से अपराध प्रमाणित पाये जाने पर तत्कालीन निदेशक समाज कल्याण विभाग मिश्रीलाल पासवान को धारा- 409,420,120बी0, 201 भादवि के अन्तर्गत आज दिनांक- 15.07.2025 को ई0ओ0डब्लू0 उ0प्र0 लखनऊ की टीम द्वारा महानगर लखनऊ से गिरफ्तार किया गया । अन्य 04 अभियुक्तों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

# भूजल संरक्षण जागरूकता अभियान का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। बिजनौर के नटकुर स्थित आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च, नटकुर द्वारा मंगलवार को वाटर एंड इंडिया व विएगा फाउंडेशन के सहयोग से भूगर्भ जल संरक्षण अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य भूजल संरक्षण और जल के सतत उपयोग के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था। इस मौके पर विद्यार्थियों, फैकल्टी सदस्यों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही।कार्यक्रम के अंतर्गत कई प्रभावशाली गतिविधियाँ जैसे जल संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक, रोचक क्विज प्रतियोगिता, और वृक्षारोपण अभियान, जिससे पर्यावरणीय जिम्मेदारी का संदेश मजबूती से दिया गया। अभियान में विशेष अतिथि के रूप में देवेंद्र सिंह कार्यक्रम समन्वयक, वाटर एड इंडिया, श्वेता सिंह अनुसंधान एवं विकास अधिकारी, शारजील खान राज्य तकनीकी विशेषज्ञ, महेश चंद्र देवा प्रसिद्ध नाटक लेखक एवं निर्देशक, मदर सेवा संस्थान मौजूद रहे।शमहेश चंद्र देवा के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। जिसने प्रभावी ढंग से भूजल बचाने का महत्वपूर्ण संदेश जनमानस तक पहुँचाया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण में युवाओं को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बनी और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य ( एसडी जी6 ऽ स्वच्छ जल और स्वच्छता) की दिशा में शैक्षणिक, सामाजिक एवं पारिस्थितिक उद्देश्यों की पूर्ति की। अभियान का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा यह संकल्प लेने के साथ हुआ कि वे जल बचाएँगे, अपव्यय को रोकेंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए भूजल संसाधनों की रक्षा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान फार्मेसी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ आदित्य सिंह, मैनेजमेंट तथा एजुकेशन की डिप्टी डायरेक्टर डॉ अंकिता अग्रवाल, विभागाध्यक्ष बी.के. सिंह के अतिरिक्त डॉ. गौरव मिश्रा वडॉ. स्नेहा सिंह उपस्थित रहे।

## बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिल में गड़बड़ी से परेशान बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। उत्तर प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री की मंशा के अनुसार, प्रदेशभर में 17, 18 और 19 जुलाई को विशेष 'बिल सुधार अभियान' चलाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के हर बिजली वितरण खंड में मेगा कैंप लगाए जाएंगे, जिनमें उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। इन कैंपों में गलत बिजली बिल सुधारने के साथ-साथ नए कनेक्शन, लोड बढ़ाने, खराब मीटर बदलवाने, मीटर से जुड़ी दिक्कतें, बिल जमा करने और उपभोक्ता प्रोफाइल सुधार से संबंधित शिकायतों को भी सुना जाएगा। सभी शिकायतों को 1912 हेल्पलाइन पर पंजीकृत किया जाएगा और उपभोक्ता का पूरा विवरण रिकॉर्ड में दर्ज होगा। हर शिकायत पर एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई पूरी की जाएगी। बिल संशोधन के बाद उपभोक्ता के नाम से बिल सुधार मेमो जनरेट होगा, जिसे वह अपने ऑनलाइन अकाउंट पर देख सकेगा। कैंप हर दिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होंगे। इन कैंपों में अधिशासी अभियंता (वितरण), उपखंड अधिकारी और सहायक अभियंता (मीटर) अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहेंगे, ताकि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं अधीक्षण अभियंता (वितरण), अधिशासी अभियंता (परीक्षण) और मुख्य अभियंता (वितरण) कैंपों का निरीक्षण कर अभियान की सफलता सुनिश्चित करेंगे। अभियान की निगरानी और संचालन की जिम्मेदारी बिजली वितरण निगम के निदेशक (वाणिज्य) और उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक (वाणिज्य) को सौंपी गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बताया कि विभाग उपभोक्ताओं को सही बिल देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए नई बिलिंग एजेंसियों की नियुक्ति, मीटर रीडिंग में सुधार और मानवीय हस्तक्षेप को कम करने के प्रयास पहले ही किए जा चुके हैं। इसके बावजूद अगर उपभोक्ताओं को गलत बिल मिल रहा है तो यह मेगा कैंप उन्हें राहत देगा।

## आउटसोर्स तकनीकी कार्मिक की कार्यस्थल पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना, इलाज के दौरान निधन

**दुबग्गा लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र में बीते 12 जुलाई 2025 को लगभग 17:20 बजे दुबग्गा डिपो में कार्यरत आउटसोर्स तकनीकी कार्मिक श्री प्रेम पाल, जो सेवा प्रदाता फर्म एम. एस. एस. इंटरप्राइजेज के माध्यम से नियुक्त थे, एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना का शिकार हो गए। घटना उस समय घटी जब वे बस के टायर लगाने के उपरांत जैक निकालने की प्रक्रिया में थे। इसी दौरान अचानक जैक फिसलने से उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही तत्काल उन्हें प्राथमिक उपचार हेतु एरा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी दुखद मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी तत्काल उनके परिजनों को दी गई और संबंधित थानाध्यक्ष, थाना दुबग्गा को भी विधिवत अवगत कराया गया। सेवा प्रदाता फर्म द्वारा शोक संतप्त परिवार को त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई तथा मृतक कर्मचारी के समस्त देय हितलाभों और भुगतान की प्रक्रिया नियमानुसार प्रगति पर है। पोस्टमार्टम के उपरांत उनका पार्थिव शरीर उनके परिजनों को सौंप दिया गया, जिसे वे दाह संस्कार हेतु अपने पैतृक गांव, इमामबाग, काकोरी (लखनऊ) ले गए। घटना के समय डिपो पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक दुबग्गा श्री देवेंद्र गर्ग, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी श्री अनिल तिवारी, सीनियर फोरमैन श्री सुभाष सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे एवं सभी ने स्थिति पर तत्परता से संज्ञान लेते हुए समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की। परिवार को इस असामयिक दुखद घटना से गहरा आघात पहुंचा है। परिवहन विभाग एवं सेवा प्रदाता संस्था द्वारा इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़े रहने का पूर्ण आश्वासन दिया गया है।

## वन विभाग की जमीन पर प्लॉटिंग की कोशिश, विभाग की सख्ती से भागे प्रॉपर्टी डीलर

**निगोहां , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र के उतरावां गांव में बीते सोमवार को अज्ञात प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश की गई। गाटा संख्या 2049/2051 पर स्थित जमीन को जेसीबी मशीन द्वारा समतल कर प्लॉटिंग की तैयारी की जा रही थी।सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्य पर आपत्ति जताई। शुरू में कब्जा करने वालों ने विभाग को गुमराह करने की कोशिश की और जमीन को राजस्व विभाग की बताने लगे। हालांकि जब वन रेंजर अभिषेक चौधरी ने तहकीकात कर राजस्व विभाग के लेखपाल से रिकॉर्ड की पुष्टि की तो स्पष्ट हुआ कि यह जमीन वन विभाग के नाम दर्ज है। जैसे ही विभागीय कागज सामने आए, मौके पर मौजूद प्रॉपर्टी डीलर और मजदूर काम छोड़कर भाग निकले। वन रेंजर अभिषेक चौधरी ने बताया कि भूमि पर अवैध कब्जे की यह गंभीर कोशिश थी और विभाग इस पर सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि संबंधित अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस जमीन पर पहले भी कब्जे की कोशिशें की जा चुकी हैं, लेकिन इस बार विभाग की तत्परता से यह प्रयास विफल हो गया।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक संपन्न

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड गोसाईगंज की योजना बैठक सम्पन्न हुई। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग के सह मंत्री भूपेंद्र जिला मंत्री राजेश हिंदू उपस्थित रहे।इस बैठक में आगामी कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की गई साथ ही अखंड भारत दिवस, व विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस मनाने पर भी पर चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में प्रखंड के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव , मंत्री अमरदीप यादव , उपाध्यक्ष शिवकुमार मिश्र , प्रखंड सत्संग प्रमुख शैलेश वर्मा , प्रखंड मीडिया प्रभारी सुशील विश्वकर्मा , चंदन मिश्रा , शुभम ,सचिन , प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख विपिन यादव ,व सभी प्रखंड पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रिंकी सिंह सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीतापुर जनपद की युवा सपा नेत्री एवं महिला सभा की वर्तमान राष्ट्रीय सचिव शिक्षिका रिंकी सिंह की पार्टी के प्रति उनकी लगन और निष्ठा को को देखते हुए उनका प्रमोशन कर समाजवादी पार्टी महिला सभा का राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया गया है।समाजवादी पार्टी को मजबूती देने एवं समाजवादी नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने रिंकी सिंह को यह जिम्मेदारी दी है।इसके लिए उन्होंने हाईकमान का आभार जताया है।पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने रिंकी सिंह को राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र की कई वरिष्ठ सपा नेता सहित आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।रिंकी सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी में ही महिलाओं का सम्मान सुरक्षित है।समाजवादी पार्टी जनता की भलाई के लिए निरंतर संघर्षरत रही है।उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ महिला संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करेंगी।देश व प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सिद्धांतों नीतियों और विचारों एवं उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करती रहूंगी।

# सर्पदंश से 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ । थाना क्षेत्र के राती गांव के बाहर वर्षों से कुटिया बनाकर रह रहे 80 वर्षीय बुजुर्ग गुरु प्रसाद रावत की सर्पदंश से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात जब वह अपनी कुटिया में सो रहे थे, उसी दौरान एक कैरट में बैठे जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग गुरु प्रसाद रावत बीते करीब 30 वर्षों से गांव के समीप ही खेल मैदान के किनारे स्थित एक मंदिर के पास अपनी पत्नी रामप्यारी के साथ कुटिया बनाकर रह रहे थे। रोज की तरह सोमवार रात भी वह अपनी कुटिया में सो रहे थे। उनके पास ही एक प्लास्टिक की कैरट रखी थी, जिसमें एक जहरीला सर्प था। नींद में उनका हाथ कैरट पर पड़ा, सर्प ने हाथ में डस लिया।सर्पदंश के बाद भी गुरु प्रसाद ने साहस दिखाते हुए सांप को पकड़ा और उसे एक झोले में बंद कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही उनके बेटे पवन कुमार तुरंत पर पहुंचे और पिता को निजी वाहन से लेकर मोहनलालगंज सीएचसी लें गये। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। सिविल अस्पताल में तीन इंजेक्शन लगाए गए, लेकिन मरीज की बिगड़ती हालत देखकर डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दी। परिजनों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें घर ले जाने का निर्णय लिया और पारंपरिक इलाज का सहारा लिया। घर लौटने के बाद दूर-दराज से आए साधु-संतों ने जड़ी-बूटी से इलाज शुरू किया। बंगाली बाबा को भी बुलाया गया, जिन्होंने पहले पारंपरिक जड़ी-बूटी दी, फिर बीन बजाकर इलाज का प्रयास किया। लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद गुरु प्रसाद की जान नहीं बचाई जा सकी। ग्रामीणों में घटना को लेकर गहरा शोक है। लोगों ने बताया कि गुरु प्रसाद रावत धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे और वर्षों से गांव से अलग शांत जीवन बिता रहे थे। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है।

# खुले मैनहोल व नालों को कवर करने का सिलसिला जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बारिश के मौसम में लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लखनऊ नगर निगम ने शहर में खुले मैनहोल और नालों को ढकने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। अब तक 90 से अधिक जगहों पर खुले नालों और मैनहोल पर ढक्कन लगाए जा चुके हैं, वहीं जलकल विभाग ने 30 से ज्यादा जगहों पर सीवर के टूटे ढक्कन बदले हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर यह काम तेजी और प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। सभी जोनों के इंजीनियर शहर के अलग-अलग इलाकों का निरीक्षण कर खुले ढक्कनों और नालों को चिन्हित कर तुरंत उन्हें कवर करवा रहे हैं, ताकि जलभराव के दौरान किसी तरह की दुर्घटना न हो और लोग सुरक्षित रह सकें। ज्ञात रहे कि अभी हाल ही में ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के राधा ग्राम में एक खुले नाले में गिरकर एक युवक की मौत हो गई थी जिसमें नगर निगम की अच्छी खासी फजीहत हुई थी। इस मामले में एक अवर अभियंता को निलंबित किया गया था तथा ठेकेदार के ऊपर एफआईआर दर्ज कराते हुए उसकी फॉर्म को ब्लैक लिस्ट भी किया गया था। भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा ना हो इसके लिए नगर आयुक्त पूरी तरह से सख्त हो चुके हैं। सभी अपर नगर आयुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने इलाकों में खुद जाकर देखें और अधिकारियों को निर्देश दें कि कहीं भी खुला मैनहोल या नाला न रह जाए। इस काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम के मुख्य अभियंता (सिविल) महेश वर्मा ने बताया कि बीते कुछ दिनों में 90 से ज्यादा जगहों पर यह काम पूरा हो चुका है और बाकी जगहों पर भी शिकायत मिलते ही तुरंत काम शुरू किया जा रहा है। इस अभियान में जलकल विभाग भी सक्रिय है। जलकल विभाग के महानिदेशक कुलदीप सिंह ने कहा कि 30 से ज्यादा स्थानों पर टूटे या गायब सीवर ढक्कनों को बदला गया है और जैसे ही किसी क्षेत्र से जानकारी मिलती है, टीम तुरंत मौके पर पहुंच कर काम करती है। नगर निगम और जलकल विभाग का यह संयुक्त अभियान न सिर्फ हादसों को रोकने में मदद करेगा, बल्कि शहर की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत करेगा। लोगों से अपील की गई है कि अगर वे कहीं भी खुला मैनहोल या नाला देखें तो नगर निगम या जलकल विभाग को तुरंत इसकी सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने साफ किया है कि यह अभियान तब तक चलेगा जब तक शहर के सभी चिन्हित स्थान सुरक्षित ढंग से ढक नहीं दिए जाते और सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो जाती।

# भाकियू अवध राजू गुप्ता के प्रतिनिधि मण्डल ने सीएचसी अधीक्षक व खंड विकास अधिकारी से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन का प्रतिनिधि मंडल द्वारा क्षेत्र के दो जिम्मेदार अधिकारियों से मिलकर किसानों मजदूरों बूढ़े जवान माता बहनों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाई गंज के अधीक्षक डाक्टर सुरेश कुमार पाण्डेय मेजर से वार्ता हुई ।उनसे मिलकर भर्ती मरीजों से मिलकर हाल चाल पूछा गया।पाया गया कि अस्पताल में ईलाज की उचित व्यवस्था देखभाल की जा रही है ।अस्पताल के बाद भाकियू जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम ने खण्ड विकास अधिकारी मुलाक़ात की और उनके साथ क्षेत्र की कई समस्याओं को लेकर वार्ता की। समस्याएं जैसे खराब इंडिया टू मार्का हैंडपंप रिबोर मरम्मत कार्य स्टील लाईट विधवा पेंशन विकलांग पेंशन वृद्धा पेंशन राशनकार्ड शौचालय आवास नाली खंडजा कच्चा रास्ता सी सी रोड निर्माण कार्य मुख्यमंत्री शादी योजना आदि विकास सम्बंधित समस्यायों के समाधान हेतु बातचीत की।इस वार्ता में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा दस दिन का समय मांगा गया। उनकी ओर से 15 दिन में काम कराने का अवश्वन दिया गया।उधर भाकियू नेता ने बताया कि यदि दोनों जिम्मेदारों द्वारा काम न कराए जाने की स्थिति में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जिला अध्यक्ष के अनुसार धरने का आयोजन खण्ड विकास कार्यलय के प्रांगण में होगा।ब्लाक स्तरीय दोनों अधिकारियों से मुलाकात करनेज वाले भाकियू नेता में जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम, जिला कमांडर निजी सचिव राम आसरे गौतम, जिला महामंत्री जगदीश रावत, जिला सचिव खूब चंद्र गौतम ,जिला उपाध्यक्ष मिलन गोमती प्रसाद ,पूर्व प्रधान महिला जिला उपाध्यक्ष जागेश्वरी प्रधानिन, महिला जिला संगठन मंत्री जगरानी गौतम , तहसील अध्यक्ष रामगोपाल रावत, तहसील प्रभारी घनश्याम रावत, ब्लाक अध्यक्ष रज्जन लाल रावत, ब्लाक उपाध्यक्ष महेश रावत ,ब्लाक सचिव प्रहलाद रावत, राजबहादुर राम करन रावत ,राम सुभाष रावत , बुद्धू लाल रावत , गिरीश कुमार रावत, चन्दन रावत , महादेव गौतम, राजरानी यादव , सोनिया, कमल हसन ,शंकर गौतम ,राम सागर रावत ,आशा देवी रावत ,कलावती , कौशल्या आदि लोग शामिल रहे।

# पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी : वीरेंद्र शंकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ। क्षेत्र के शाह मोहम्मद्पुर अपैया (बबैया) गांव में मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री वीरेन्द्र शंकर मिश्रा ने अपने पैतृक निवास पहुंचकर 'एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर वीरेंद्र शंकर मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी समान रूप से जिम्मेवारी है। उन्होंने सभी से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति पौधा रोपण करें , और बड़ा होने तक पौधे की देखभाल भी करें कहा कि पेड़ पौधे का हमारे जीवन में बहुत महत्व है यह न सिर्फ हमें जीवनदायक ऑक्सीजन देता है बल्कि कई प्रकार से हमें लाभ पहुंचाते हैं। ऐसे में सभी लोग अपने माता के सम्मान में पौधारोपण करें गौरतलब है कि प्रधानमंत्री पीएम नारेन्द्र मोदी की ओर से विश्व पर्यावरण 'एक पेड़ मां के नाम' अंतर्गत अभियान चल रहा है। जिसमें अधिक से अधिक लोग हिस्सा ले । उन्होंने आगे कहा कि आज बहुत जरूरी हो गया है कि सभी लोग अपने-अपने घरों के आसपास खाली स्थान पर एक दो फलदार पौधा जन्मदिन के अवसर पर या शादी के सालगिरह पर या बच्चों के जन्मदिन पर अवश्य लगाएं। इस मौके पर गिरीश त्रिवेदी , पूर्व बीडीसी मंटू रावत , दीपक तिवारी , संतोष रावत, वीरू रावत, दीर्घायु मिश्रा समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ ट्रॉमा सेंटर में भर्ती, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने जाना हालचाल



निगोहां, लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के नंदौली गांव निवासी असफाक खां पुत्र असफान खां बीते सोमवार की शाम अपनी ससुराल जा रहे थे, तभी रास्ते में एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गए। देर रात किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने आनन-फानन में बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाजुक देखते हुए ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। हादसे की खबर मिलते ही पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे और घायल असफाक खां के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रशासन से मांग की है कि अज्ञात वाहन चालक की जल्द पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उत्तर प्रदेश प्रो वालीबॉल लीग में खेलेगी लखनऊ टाइगर्स की टीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। राजधानी की पहचान अब धीरे-धीरे खेल की फील्ड में बढ़ती जा रही है उत्तर प्रदेश प्रो वालीबॉल लीग में लखनऊ टाइगर्स की टीम का गठन हो गया है जिसमें टीम के मालिक डॉक्टर भुखरत अहमद, आर्यन मालिक और पंकज मलिक ने बताया कि स्पोर्ट्स को आगे ले जाने का एक प्रयास है जिसमें हमारे प्रदेश और देश का नाम इंटरनेशनल लेवल पर हमारे प्लेयर रोशन करे।

लखनऊ टाइगर्स के टीम मैनेजर मोहम्मद आसिफ ने बताया कि 3 जुलाई को नोएडा में हुए ऑक्शन में लखनऊ टाइगर्स की टीम में देश के नेशनल और इंटरनेशनल प्लेयर को लेकर एक बैलेंस टीम बनाई है तथा एक बेहतर रणनीति के साथ हमारी टीम उतरेगी तथा मैच दर मैच अपनी रणनीति चेंज करती रहेगी जिससे ट्रॉफी जीतने का एक मजबूत दावा पेश करेगी।

आगे बताते चले की उत्तर प्रदेश प्रो वालीबॉल लीग भारत की ऐसी पहली लीग है जो किसी प्रदेश में इतने बड़े स्तर पर आयोजित की जा रही है । उत्तर प्रदेश के खेल मंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव जी ने ट्रॉफी को लॉन्च करके लीग का शुभारंभ कर दिया है यह लीग 7 अगस्त से 21 अगस्त तक खेली जाएगी जिसमें 7 अगस्त को उद्घाटन मैच नोएडा के स्टेडियम में खेला जाएगा जिसका प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, डीडी स्पोर्ट्स तथा सोशल मीडिया के अलग-अलग चैनलों द्वारा किया जाएगा इसमें उत्तर प्रदेश के अलग-अलग आठ फ्रेंचाइजी की टीम इसमें हिस्सा लेगी तथा ट्रॉफी को जीतने का दावा पेश करेगी। टीम के कोऑर्डिनेटर मोहम्मद शाहिद ने बताया

यह पूरा सीजन बहुत रोमांचक होने वाला है जिसमें भारतवर्ष के खिलाड़ी और दर्शक इसमें जुड़ेंगे।

# एलडीए ने 43 बीघा अवैध प्लाटिंग की ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए ने मंगलवार को अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गोसाईंगंज और सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में कुल 43 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 और जोन-2 की टीमों द्वारा की गई।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि ग्राम मलौली (गोसाईंगंज) में रामजी लाल, नीरज और अन्य लोगों द्वारा लगभग 16 बीघा में अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसी क्षेत्र में राजकुमार, शंकर और सुरेन्द्र कुमार द्वारा 3 बीघा, विजय मौर्य और पंकज सिंह द्वारा 8 बीघा तथा हंसराज, कल्याण सिंह, नीतू मिश्रा और अन्य द्वारा 6 बीघा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। किसी भी मामले में प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृति नहीं ली गई थी। इन सभी स्थलों पर बन रही कॉलोनियों को एलडीए प्रवर्तन टीम ने मौके पर ध्वस्त कर दिया। वहीं प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि ग्राम सोनई कजेहरा (सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र) में बृजेश दुबे और अन्य द्वारा लगभग 10 बीघा में बिना अनुमति के अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इस संबंध में विहित न्यायालय से ध्वस्तीकरण आदेश प्राप्त होने के बाद कार्रवाई की गई। टीम ने यहां बनाई गई सड़क, नाली और बाउंड्रीवॉल को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

# सद्भावना स्वयं सहायता समूह पर विकास कार्यों के धन का दुरुपयोग, शासन-प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सकरन, सीतापुर। ग्राम पंचायत चिल्हिया, खजुरा, अंगरासी, अदवारी, लखनियापुर एवं लखुवाबेहड़ में विकास कार्यों के लिए सरकार द्वारा जारी की गई लाखों रुपये की धनराशि का गबन अब प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सीधा सवाल खड़ा कर रहा है। सद्भावना स्वयं सहायता समूह को ग्राम पंचायतों की अनदेखी करते हुए मनमाने ढंग से भुगतान किया जाना, न केवल वित्तीय अनियमितता है, बल्कि 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत स्थापित पंचायती राज व्यवस्था के अधिकारों का खुला उल्लंघन भी है।संवैधानिक अधिकारों की अवहेलनापंचायती राज अधिनियम के तहत ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों की योजना, क्रियान्वयन और व्यय का अधिकार है। किन्तु पंचायतों की खुली बैठक बिना संपन्न कर, बिना पारदर्शी प्रक्रिया के विभाग द्वारा स्वयं सहायता समूह को भुगतान किया जाना, सीधे तौर पर लोकहित और लोकतांत्रिक व्यवस्था की उपेक्षा




है। यह कृत्य अनुच्छेद 40 (ग्राम पंचायतों को अधिकार) तथा अनुच्छेद 243-क्क (पंचायतों के कार्य और जिम्मेदारियां) के प्रावधानों का उल्लंघन करता है।विभागीय संरक्षण में भ्रष्टाचार?क्षेत्र सकरन की ग्राम पंचायत चिल्हिया में हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर सद्भावना एस एच जी पर 10550 रुपए, 17000रूपए 6/03/2025को,21320 रूपए 15/03/225 को,20020रुपए 27/03/2025 को व पंचायत भवन हेतु व्यय भुगतान 10200 रुपए 16/10/2024 को भुगतान किए गए। ग्राम पंचायत खजुरा में हैंड पम्प मरम्मत के नाम पर 16000रूपए 19/03/2025 को तथा पंचायत भवन निर्माण कार्य पर सामग्री भुगतान सद्भावना समूह पर क्रमशः 52500 व 59000 रूपए का भुगतान 06/03/2025 को भेजा गया। जीपी लखनियापुर में एच पी मरम्मत पर 21000 रूपए व प्रशासनिक व्यय के 13500 रुपए 25/03/2025 को भुगतान किए गए। ग्राम पंचायत अंगरासी में हैंडपम्प मरम्मत पर 19000,सोकपिट निर्माण कार्य पर54053 रूपए, कमाल के घर से इंटरलोकिंग व नाली निर्माण तथा इंटरलोकिंग से पेंटेड रोड तक इंटरलोकिंग निर्माण पर सद्भावना एस एच जी पर क्रमशः 36990 व 74794रूपए फर्जी तरीके से 20/02/2025 को भुगतान कराए गए। ग्राम पंचायत अदवारी में प्रशासनिक व्यय के नाम पर फर्जी बिल बाउचर 15200 रूपए का 08/02/2025 को सद्भावना स्वयं सहायता समूह के नाम फर्जी तरीके से भेजा गया।इस वित्तीय अनियमितता में यदि जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत नहीं है तो आखिर किसके निर्देश पर इतनी बड़ी धनराशि को सीधे एसएचजी को ट्रांसफर किया गया? क्या यह विभागीय मिलीभगत नहीं? यदि नहीं, तो जिम्मेदारों के खिलाफ अब तक कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?ग्रामवासियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने मामले की सीबीआई या आर्थिक अपराध शाखा से निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। उनका कहना है कि दोषी अधिकारियों और सद्भावना स्वयं सहायता समूह के संचालकों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कठोर कार्यवाही होनी चाहिए।अगर समय रहते शासन-प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के अधिकारों का घोर अपमान माना जाएगा। साथ ही इससे यह भी प्रतीत होगा कि विभाग स्वयं इस भ्रष्टाचार का संरक्षक बना हुआ है।

क्षेत्रवासियों की माने तो समूह संचालिका के पति की ऊँची पहुँच के चलते ऐसे महाभ्रष्टतम कार्यों को किया जा रहा है जिसमें समूह की अन्य महिलाओं को कोई भी हिस्सा नहीं दिया जाता है यदि ये सत्य है तो उक्त समूह पर क्रेडिट करोड़ों की धनराशि का खुलासा कब व जिम्मेदारों पर कार्यवाही कब?

## पौधरोपण महाअभियान समापन के बाद वन खण्ड गांधेरिया में मनाया गया ऑक्सी वन पौधरोपण कार्यक्रम



मछरेहटा, सीतापुर। सोमवार को पौधरोपण महाअभियान समापन के बाद वन खण्ड गांधेरिया में ऑक्सी वन पौध रोपण कार्यक्रम मनाया गया , जिसमें पीपल , पाकर , बरगद एवं चितवन के पौधे रोपे गए। ऑक्सी पौध रोपण की शुरुआत कर 65 पौधे रोपे सोमवार को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजय भार्गव, बीडीओ राजेश तिवारी मछरेहटा , क्षेत्रीय वन अधिकारी सिकंदर सिंह ने बताया कि पौध रोपण के लिए पौधों का संरक्षण अति अवशयक है नहीं तो यह अभियान असफल हो जाएगा । कार्यक्रम में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी सुनील त्रिपाठी , वनदारोगा , तोमर , विजय कुमार अनिल यादव, वाचर एवं ग्रामीण अपस्थित रहे।

# जमीन पर कब्जा करने का महिला ने लगाया आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उन्नाव। कलक्ट्रेट परिसर में हमीरपुर से आई एक दृष्टिबाधित महिला ने अधिकारियों के सामने अपनी पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जे और जबरन मंदिर निर्माण की शिकायत करते हुए इंसाफ की गुहार लगाई। महिला का आरोप है कि सदर तहसील के ग्राम अगोहरा गारा स्थित उसकी जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है और अब वहां जबरन धार्मिक निर्माण कार्य कर रहे हैं। दिव्यांग महिला के अनुसार, वह गाटा संख्या 833, 834 और 835 में करीब 100 वर्गगज भूमि की मालकिन है। खतौनी में यह भूमि ''नवीन परती'' के नाम दर्ज है। पीड़िता का कहना है कि उक्त भूमि पर ग्राम प्रधान के पति रमेश, हृदय नारायण, चंद्रपाल और राहुल (पुत्र भगवानदीन) समेत कुछ अन्य लोगों ने मिलकर कब्जा कर लिया है। जबरन मंदिर बनवा रहे इन लोगों ने पहले जमीन पर अवैध कब्जा किया और अब उस पर जबरन मंदिर निर्माण शुरू करवा दिया है। महिला ने बताया कि वह जन्म से दृष्टिबाधित है और अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के



समक्ष नहीं रख सकती, इसलिए अब तक उसने कई बार अपने भाईधनश्याम सिंह के माध्यम से मामले की शिकायत की है। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे वह मानसिक रूप से बेहद परेशान है। निष्पक्ष जांच कराने की मांग पीड़िता ने डीएम से मुलाकात कर मांग की कि उसकी पुश्तैनी भूमि की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। फर्जी दस्तावेजों को खारिज किया जाए और जमीन को कब्जामुक्त कराया जाए। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि स्थानीय प्रभावशाली लोग उसके दिव्यांग होने का फायदा उठा रहे हैं और उसे न्याय से वंचित रखने की कोशिश कर रहे हैं।

# आगामी 28 जुलाई को जनपद के सभी नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में आयोजित होगा हरिशंकरी पौधरोपण

**कैनविज टाइम्स संवाददात**

सीतापुर । आगामी 28 जुलाई को जनपद के सभी नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में हरिशंकरी (बरगद, पीपल, पाकड़) का पौधरोपण किया जायेगा। इस व्यापक अभियान की तैयारी हेतु सभी नगरीय निकायों में 22 से 24 जुलाई के मध्य समन्वय बैठक आयोजित की जायेगी। यह जानकारी अभिषेक आनंद ने लोक भारती संस्था के आवहन पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान दी। बैठक में सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी, सभासदों, गायत्री परिवार, पतंजलि परिवार, बार एसोसिएशन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, खत्री सभा, इनव्हील संस्था, सेवा भारती, भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिन्दू परिषद, अखिल भारतीय व्यापार मण्डल, किसान संगठनों के पदाधिकारियों सहित जनपद के प्रत्येक क्षेत्र से आये सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी 1588 गांवों में अभियान चलाकर दो चरणों में हरिशंकरी का पौधरोपण किया जा चुका है। इसके उपरान्त जनपद के 11 नगरीय निकायों के 228 वार्डों में स्थान चिन्हित कर हरिशंकरी का रोपण दिनांक-28 जुलाई 2025, दिन-सोमवार को किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि समय से बैठक कराते हुये पर्यावरण संरक्षण हेतु महत्वपूर्ण इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

उन्होंने कहा कि इस अभियान में समाज के लोगों, सभासदों, स्वयंसेवी संगठनों आदि को सम्मिलित कराते हुये पौधों के रोपण एवं सुरक्षा का प्रबंध कराया जाये। हरिशंकरी पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे। जिलाधिकारी ने इस व्यापक अभियान हेतु पहल करने तथा पूर्व में पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन, नदियों के पुनर्जीवीकरण, प्राकृतिक कृषि तथा वानस्पतिक कचरा निस्तारण के संबंध में लोक भारती संस्था द्वारा किये गये कार्यों की सराहना भी की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये लोक भारती के प्रदेश संयोजक/मा0 सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान ने सभी को प्रेरित किया कि अधिक से अधिक पौधे का रोपण करायें। उन्होंने हरिशंकरी पौधों की विशेषता बताते हुये कहा कि यह पौधे प्राकृतिक पर्यावरण एवं जल संरक्षण के साथ-साथ हमें आस्था से भी जोड़ते हैं तथा सभी को छाया भी प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि हम महर्षि दधीचि, महर्षि वेद व्यास जैसे महान ऋषियों मनीषियों की भूमि से संबंधित है, अतः उनके जीवन से त्याग और परोपकार की प्रेरणा लेकर समाज के लिये कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस मानव शरीर से जितनें अच्छे कार्य करवा लेंगे, समाज में हमें उतनी अधिक पहचान मिलेगी। उन्होंने नदियों के पुनर्जीवीकरण एवं अन्य समाज उपयोगी कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी की प्रशंसा की।

## बोल बम नारे के साथ सुल्तानगंज कंवर भरने के लिए निकले शिव भक्त



कमलापुर, सीतापुर । पवित्र सावन माह में शिव की आराधना शिव भक्ति में लीन भक्तो ने सुल्तानगंज से गंगा जी से पवित्र जल भरकर देवघर बाबा बैजनाथ धाम के लिए पैदल कांवर भरकर लगभग 120 किलो मीटर यात्रा को लेकर लंबी दूरी तय करके भगवान भोलेनाथ महादेव को जल अर्पित करते हैं।कमलापुर क्षेत्र के मास्टरबाग से लगभग दो दर्जन से अधिक भक्तो ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के कावरियों का जत्था हर हर महादेव के उद्घोष के साथ रवाना हुआ कांवरियों में पिंटू रावत अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष भाजपा कसमंडा मास्टरबाग,आशीष,पंकज, सुरजीत, सुमित,अमन, राकेश, आदि दो दर्जन से अधिक भक्त दर्शन करने के लिए देवघर बाबा बैजनाथ धाम पहुंचे

# मनरेगा योजना परसेहरा में बनी भ्रष्टाचार का अड्डा

**काम कम, हेराफ़ेरी ज्यादाः फर्जीवाड़े से चल रहा मनरेगा**

**परसेहरा पंचायत में घोटाले की फसल, जिम्मेदारों की चुप्पी खतरनाक**

**विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत परसेहरा महिलाओ की लग रही हाजरी , अपलोड फोटो में नही दिख रही महिलाएं एक ही फोटो को बार बार किया जा अपलोड , आधा सैकड़ा से ज्यादा लगाई जा रही हाजरी**

**कैनविज टाइम्स संवाददा**




सीतापुर। विकास खंड खैराबादग्राम पंचायत परसेहरा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के नाम पर खुलेआम सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। जिन हाथों में गरीबों को रोजगार देने की जिम्मेदारी है, वहीं हाथ अब भ्रष्टाचार की दलदल में आकंठ डूबे नजर आ रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि वास्तविक मजदूरों को काम देने की बजाय, कागजों पर फर्जी नाम चढ़ा दिए जाते हैं। एक ही फोटो को कई बार अपलोड कर आधा सैकड़ा से ज्यादा हाजरी लगाई जा रही है। जिसमे महिलाओ की भी हाजरी लगाई जा रही है, जब कि मनरेगा पोर्टल पर अपलोड फोटो में महिलाएं कही भी नजर नही आ रही है। अब सवाल यह उठता है की क्या वास्तविक में महिलाएं काम कर भी रही है या नही क्यों की अगर महिलाएं कार्य पर होती तो फोटो तो कही न कही होनी चाहिए थी। सूत्रों के अनुसार फर्जी हाजिरी, फर्जी भुगतान और पूरी तरह फर्जी व्यवस्था चल रही है जिसमे ब्लाक स्तर के संबधित अधिकारियों का कही न कही संरक्षण प्राप्त है।जिन अधिकारियों की जिम्मेदारी इस योजना की निगरानी की है, वे जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे हैं। न कोई जांच होती है, न ही मौके पर सत्यापन। यह चुप्पी भ्रष्टाचार को खुला संरक्षण दे रही है। इस पूरे खेल में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से योजनाबद्ध तरीके से सरकारी धन की लूट की जा रही है। लाभ गरीब मजदूरों को नहीं, बल्कि भ्रष्ट तंत्र को हो रहा है। ग्रामीणों ने इस पर रोष व्यक्त करते हुए उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

# कमजोर बच्चों की पहचान और पोषण सुधार को लेकर डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**ग्रोथ मेजरमेंट की प्रक्रिया देखी, माताओं से संवाद कर दिया पोषण का संदेश**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। संभव अभियान 5.0 के तहत बच्चों के पोषण स्तर का यथार्थ मूल्यांकन कर कमजोर व नाटे बच्चों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन सतत रूप से सक्रिय है। इसी क्रम में मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सलेमपुर कोन व रंगीला नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर ग्रोथ मेजरमेंट कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीपीओ भारत प्रसाद मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान डीएम ने बच्चों की लंबाई, वजन व ऊंचाई की माप प्रक्रिया को बारीकी से देखा। उन्होंने स्वयं के समक्ष बच्चों का माप कराते हुए इस पूरी प्रक्रिया की गुणवत्ता को परखा और उपस्थित कार्मिकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता कमजोर और नाटे बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें उपयुक्त पोषण उपलब्ध कराना है।

### बच्चों को मिला स्नेह, माताओं को मिला संदेश

निरीक्षण के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल का मातृत्व भरा व्यवहार देखने को मिला। बच्चों को स्नेहपूर्वक दुलारते हुए उन्होंने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उपस्थित माताओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने साफ कहा कि सिर्फ सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही कुपोषण पर विजय संभव है।

### टीकाकरण, स्वच्छता और आहार पर ज़ोर

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने माताओं से नियमित टीकाकरण, स्वच्छता और संतुलित आहार देने पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे। हर घर तक पोषण का संदेश पहुंचे, यही अभियान का उद्देश्य है।

### डीएम ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण, बच्चों की रीडिंग स्किल पर दिया जोर

पुस्तक वितरण में लापरवाही पर प्रधानाध्यापक से मांगा स्पष्टीकरण*डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर, यूपीएस रंगीला नगर और पीएस रंगीला नगर का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीपीओ भारत प्रसाद, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह संबंधित बीडीओ मौजूद रहे।

### छात्रा महक ने पढ़कर दिखाया ब्लैकबोर्ड, डीएम हुईं प्रसन्न

प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर में निरीक्षण के दौरान कक्षा एक की छात्रा महक ने ब्लैकबोर्ड पर लिखे शब्दों को स्पष्ट रूप से पढ़कर सुनाया। डीएम ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पंक्ति से बच्चों को पढ़ाया जाए ताकि सभी की रीडिंग स्किल में सुधार हो।

### यूपीएस रंगीला नगर में नहीं मिली पुस्तकें, डीएम नाराज़

यूपीएस रंगीला नगर में कक्षा छह के छात्र आदेश के पास पाठ्य पुस्तकें नहीं मिलीं। जबकि विद्यालय में पुस्तकों की उपलब्धता थी। इस पर डीएम ने पुस्तक वितरण में लापरवाही को गंभीरता से लिया और प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

### छात्रा सीमा ने बच्चों को पढ़ाया, डीएम ने की सराहना

पीएस रंगीला नगर में निरीक्षण के दौरान कक्षा तीन की छात्रा सीमा ब्लैकबोर्ड पर लिखे शब्दों को अन्य बच्चों को पढ़ाती मिली। डीएम ने छात्रा की प्रशंसा करते हुए उसकी नेतृत्व क्षमता की सराहना की। इसके बाद डीएम ने सभी बच्चों से ब्लैकबोर्ड पर लिखे शब्दों की रीडिंग करवाई। डीएम ने मिड डे मील की गुणवत्ता और स्वच्छता व्यवस्था का भी परीक्षण किया। भोजन की साफ-सफाई और पोषण स्तर को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

## थाना मझगई पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लखीमपुर, खीरी। संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना मझगई के नेतृत्व में आज दिनांक-15.07.2025 को थाना मझगई पुलिस द्वारा मु0नं0 189/04 धारा 498ए/325 भादवि में वारण्टी अभियुक्त उत्तम कुमार पुत्र सोहन निवासी ग्राम लोकन पुरवा थाना मझगई जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान कर न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि महफूज अली थाना मझगई का0 रोबिन सिंह थाना मझगई शामिल रहे।

## मृतक मां बेटे का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम





उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र स्थानीय क्षेत्र के गांव शकूराबाद निवासी अशोक कुमार का परिवार शनिवार को राजस्थान में खाटू श्याम और बाला जी के दर्शन करने अपनी कार से गया था जिसमें छः लोग और एक बच्ची सवार थे। कार सवार लोगों में अशोक कुमार की पत्नी सरलेश उसका पुत्र पच्चीस वर्षीय पुत्र शिवम, तथा शिवम की पत्नी सोनम उसकी बेटी डेढ़ वर्षीय ऋषिका उर्फ रिशू, साली मोनी उर्फ मोना एवं चचेरा भाई शोभित और शोभित की मां रानी बैठे थे। दर्शन करके रविवार रात वहां से वापस अपने घर लौट रहे थे। भोर पहर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर फिरोजाबाद के थाना नसीरपुर क्षेत्र के अन्तर्गत अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई जिसे शिवम चला रहा था। कार पलटने से कार में सवार सभी लोग गम्भीर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए शिकोहाबाद भेजा गया जहां से मेडिकल कालेज फिरोजाबाद रेफर किया गया वहां इलाज के दौरान शिवम और उसकी मां सरलेश की मौत हो गई और अन्य घायलों का इलाज किया गया। दुर्घटना में पत्नी और बेटे की मौत तथा अन्य के घायल होने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन तुरन्त घटना स्थल के लिए रवाना हो गए और वहां से सोमवार देर रात दोनों शवों को लेकर जैसे ही गांव पहुंचे तो गांव के लोगों का मजमा लग गया। परिजनों ने मंगलवार को नानामऊ घाट पर मां बेटे के शवों का अन्तिम संस्कार कर दिया। उधर घायलों का इलाज अभी भी अस्पताल में चल रहा है। अब घर की ज़िम्मेदारी अशोक पर आ जाने से वह परेशान है।

# यूरिया की नहीं होगी किल्लत, 96 समितियों को भेजा जाएगा 2310 एमटी उर्वरक

**गोला रैक प्वाइंट पर पहुंची यूरिया की बड़ी खेप, कृषकों के लिए कंट्रोल रूम भी सक्रिय**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी । जिले में कृषक बंधुओं के लिए राहत भरी खबर है। सहकारिता विभाग की 126 बी0 पैक्स और अन्य सहकारी संस्थाओं के माध्यम से यूरिया वितरण की प्रक्रिया लगातार जारी है। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विभाग द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।किसानों को समय से यूरिया उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 15 जुलाई को गोला रैक प्वाइंट पर इफको यूरिया की 2669.580 मीट्रिक टन की रैक पहुंची है। इस रैक से जिले की कुल 96 बी0 पैक्स/संस्थाओं को 2310.750 मीट्रिक टन यूरिया का आवंटन किया गया है, जो आगामी 2-3 दिनों में पूरी तरह समितियों को भेज दिया जाएगा। 150-150 एमटी यूरिया इफको केंद्र और गन्ना समितियों को भेजा जाएगा।

### इन ब्लॉकों की समितियों को मिला आवंटन

यूरिया वितरण में जिले के विभिन्न विकासखंडों की 96 समितियां शामिल हैं। इसमें लखीमपुर (07), नकहा (05), फूलबेहड़ (08), बेहजम (08), बिजुआ (07), बांकेगंज (07), कुम्भी (09), निघासन (05), मितौली (10), पलिया (04), धौरहरा (03), रमियाबेहड़ (04), ईसानगर (05), मोहम्मदी (09), पसगवां (05) विकासखंड शामिल हैं। इसके अलावा बफर गोदाम से 09 अन्य समितियों को भी यूरिया भेजा गया है। कुल मिलाकर जनपद की 98 समितियों/संस्थाओं को यूरिया का प्रेषण सुनिश्चित किया गया है।

### किसानों के लिए कंट्रोल रूम व मोबाइल नंबर जारी

कृषकों की सहायता हेतु जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका संचालन प्रतीक कुमार शुक्ला (मोबाइल नं. 7007918909) द्वारा किया जा रहा है। साथ ही, सभी समितियों पर संबंधित ब्लॉक स्तरीय सहायक विकास अधिकारी (सह.) और जिला स्तर पर अपर जिला सहकारी अधिकारी के मोबाइल नंबर भी प्रदर्शित किए गए हैं, ताकि किसान सीधे संपर्क कर जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकें।सहकारिता विभाग ने स्पष्ट किया है कि यूरिया वितरण में समिति के सदस्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। गैर-सदस्य किसानों को यूरिया प्राप्ति के लिए आधार कार्ड व खसरा/खतौनी ले जाना अनिवार्य किया गया है। साथ ही, सचिवों को निर्देश दिए कि वे बार-बार यूरिया लेने आने वाले किसानों का पृथक विवरण तैयार करें। उर्वरक वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सभी एडीओ (सह.) व अपर जिला सहकारी अधिकारियों को समितियों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी किसान के साथ दुर्व्यवहार न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### जनपद में यूरिया की कोई कमी नहीं

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता रजनीश कुमार ने कृषकों से अपील की कि वे उर्वरक की कमी को लेकर चिंतित न हों। उच्चाधिकारियों से लगातार संपर्क में रहते हुए आवश्यकतानुसार रैक मंगवाई जा रही हैं। जनपद में लगातार यूरिया की खेप पहुंच रही है। कृषकों से अनुरोध है कि वे अपनी जोतबही के अनुसार ही नियमानुसार उर्वरक प्राप्त करें। सहयोग और पारदर्शिता के साथ इस वर्ष भी किसानों को समय से खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय किया गया।

## आंख फोड़ने वाला आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। जिले के थाना बरदह थाना क्षेत्र में एक गंभीर हमले के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला दिनांक 16 अप्रैल 2025 की रात करीब 10 बजे का है, जब ग्राम जैतीपुर निवासी रामअवध सरोज ने थाना स्थानीय पर दी गई सूचना में बताया कि गांव के ही प्रमोद सरोज व दिलीप सरोज उसके घर के पास उगे गांजे के पेड़ को तोड़कर पी रहे थे।रामअवध ने जब उन्हें ऐसा करने से रोका तो दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर भागा, लेकिन कुछ देर बाद प्रमोद ने अपने बड़े भाई समीर सरोज को बुला लिया। जब रामअवध अपने घर लौट रहा था, तभी तीनों आरोपियों ने उसे फिर पकड़ लिया और बेरहमी से पिटाई की। इस दौरान प्रमोद सरोज ने बाइक की चाभी पीड़ित की आंख में घुसा दी, जिससे उसकी दाहिनी आंख की पुतली बाहर आ गई और वह बुरी तरह घायल हो गया।इस मामले में बरदह थाने में धारा 115(2), 352, 118(1), 351(3) उगट्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में विवेचना में आरोप गंभीर पाए जाने पर धारा 118(2) उगट्ट की भी बढ़ोत्तरी की गई।

## महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार हर समय रहती है जागरूकः प्रियंका मौर्या



उन्नाव । देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग हर समय महिला शिक्षा सुरक्षा और उनके रोजगार के लिए हर समय जागरूक होकर क्रिया शील है सरकार की प्राथमिकता है कि महिलाओं को हर संभव उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायता की जाए पूर्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने एक मात्र 6 वर्ष की कन्या के एडमिशन ना होने पर खुद बिटिया का एडमिशन करवाने के निर्देश जारी किए थे मात्र तीन घंटे में बिटिया का एडमिशन हुआ था इससे साफ प्रतीत होता है कि सरकार के मुखिया बहन बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए जागरुक हैयह बात उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य और लखनऊ की प्रसिद्ध होम्यो पैथ की डाक्टर प्रियंका मौर्य ने जिला अस्पताल में महिलाओं को फल और कटोरी वितरण करने के बाद कार्यकर्ताओं के बीच में कही । उन्होंने कहा मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में सरकार लगातार महिला सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है अनेक योजनाएं चला कर उनको सशक्त और आत्मनिर्भर बना कर उनका उनको सम्मान देने का कार्य कर रही है।इससे पूर्व उन्होंने जिला अस्पताल में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी के साथ निरीक्षण। करने के बाद महिला वार्ड की अधीक्षक डाक्टर फौजिया जमील को निर्देशित किया कि महिलाओं के3 उपचार के बाद कोई भी लापरवाही न की जाए नवजात शिशुओं की सुरक्षा को लेकर भी सचेत रहे ,उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और समाधान का भरोसा दिलाया।

# सांसद बहराइच की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई दिशा की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, बलहा की श्रीमती सरोज सोनकर, कैसरगंज के आनन्द कुमार यादव, सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि सुनील सिंह व संजीव सिंह, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, नगर निकायों के अध्यक्ष तथा उनके प्रतिनिधि, प्रमुखगण, अन्य जनप्रतिनिधि व समिति के सदस्यगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के दौरान जनप्रतिनिधियों की ओर से सुझाव प्राप्त हुआ की राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत जनपद की 98640 लखपति दीदीयों की ब्लाकवार सूची जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करायी जाय ताकि वे अपने स्तर पर भी उन्हें सम्मानित कर सकें। अध्यक्ष डॉ. गोंड ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूहों के उत्पादों की मार्केटिंग के माकूल बन्दोबस्त कराये जायें। मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में लेबर मद में उपलब्ध बजट 11277.41 लाख के सापेक्ष माह जून तक 10585.11 लाख व्यय कर 4352009 मानव दिवस का सृजन किया गया है। अधि.अभि. ड्रेनेज़ खण्ड को निर्देश दिया गया कि जनपद में बड़े-बड़े नालों की सफाई के लिए प्रस्ताव तैयार करें।राष्ट्रीय सामाजिक सहायता अन्तर्गत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन व पारिवारिक लाभ योजना की समीक्षा के दौरान सुझाव दिया गया कि ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की बुकलेट जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी जाय ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके और वह उसका लाभ उठा सके तथा अभियान संचालित कर सभी वंचित पात्र लोगों को योजनाओं से आच्छादित भी किया जाय। इस सम्बन्ध में डीएम मोनिका रानी ने बताया कि वृर्षाऋतु के पश्चात जनपद में पुनः सेवा से संतृप्तिकरण अभियान संचालित किया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष डॉ. गोंड ने निर्देश दिया कि स्थायी सूची से हटाये गये अपात्रों की सूची जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करा दी जाये ताकि वे भी अपने स्तर से पात्रता का सत्यापन करा सकें। इसके अलावा सर्वे कार्य पूरा होने के पश्चात तैयार होने वाली सूची भी जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करायी जाय।श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना की समीक्षा के दौरान एमएलसी डॉ. त्रिपाठी ने सुझाव दिया कि कलस्टर के अपूर्ण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराकर कराये गये कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाय। ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान आर-सेटी की समीक्षा के दौरान डीएम द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रत्येक सत्र के समापन पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रमाण-पत्र का वितरण कराया जाय। साथ ही संस्थान के माध्यम से प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की सूची भी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाय। परम्परागत कृषि विकास योजना अन्तर्गत प्राकृतिक खेती के लिए चयनित ग्रामों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करायें। नेशनल मिशन फॉर स्वायल हेल्थ एण्ड फर्टीलिटी योजना अन्तर्गत मृदा स्वास्थ कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सुझाव प्राप्त हुआ कि लैब से संचालित गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय साथ ही क्षेत्र पंचायतों की बैठक में भी व्यापक जानकारी उपलब्ध करायें ताकि अधिकाधिक कृषक लाभान्वित हों।राष्ट्रीय कृषि बाज़ार योजना की समीक्षा के दौरान विधायक पयागपुर श्री त्रिपाठी द्वारा पयागपुर मण्डी में सुरक्षा व मरम्मत के सम्बन्ध में दिये गये सुझाव पर डीएम ने सचिव मण्डी को यथाशीघ्र समस्या का समाधान कराये जाने के निर्देश दिये गये। अटल नवीनीकरण और शहरीकरण परिवर्तन मिशन 2.0 के तहत जनपद के निकायों में निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान सुझाव प्राप्त हुआ कि बलरामपुर के स्थान पर जनपद में इकाई की स्थापना करायी जाय ताकि परियोजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सके।

# मंदिर में महिला के गले से सोने की चेन चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। सावन की पहली सोमवार पर शहर के दुखहरण नाथ मंदिर में आपार भीड़ जुटी थी। इसी दौरान चोरों ने एक महिला के गले से सोने का चैन उड़ा लिया।महिला कोतवाली पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई है।जानकारी के बाद पुलि स मामले की जांच में जुटी हुई है।बताया गया है कि कोतवाली नगर क्षेत्र के गायत्री पुरम कालोनी की रहने वाली संतोष मिश्रा पत्नी राम प्रकाश मिश्र सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे नगर के दुखहन नाथ मदिंर पर जलाभिषे क करने आई थी नल से पानी भरते समय अज्ञात चोर ने उनके गले से पहना सोने का जंजीर झपटटा मार कर फरार हो गया काफी खोज वीन के वाद भी चोर व जजीर का कुछ पता नही चला है।इसके बाद वह थाने पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई है।वहीं मामले को लेकर नगर कोतवाल विवेक द्विवेदी ने बताया कि पूर्व में ही लोगों से निवेदन किया गया है कि वह मंदिर परिसर में जलाभि षेक के दौरान महंगा गहना आदि पहन कर नहीं आए।अत्यधिक भीड़ में चोर हाथ साफ कर लेते हैं।लोगों को खुद भी सतर्क रहने की जरूरत है।हालांकि गायब हुए गहने की तलाश की जा रही है।मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा जा रहा है।अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भाभी को ससुराल छोड़ने गया युवक दो महीने से नहीं लौटा घर वापस

**परिजनों को आशंका, हत्या या बंधक बना लिया गया है रज्जन कुमार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम गोड़वा निवासी युवक रज्जन कुमार दो महीने से लापता है और अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है।रज्जन 12 मई 2025 को अपनी भाभी को बिहार के बेगूसराय जिले के गांव लाखो स्थित ससुराल छोड़ने गया था,लेकिन इसके बाद से वह खुद अभी वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रज्जन की हत्या या उसे बंधक बना लिए जाने की आशंका जताई है। परिजनों ने इस घटना को लेकर कटरा बाजार थाने में 16 मई को गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने के चलते अब पूरा परिवार गहरे मानसिक तनाव और असमंजस में है।परिजनों के अनुसार, रज्जन की भाभी नीशू को उसके मायके बिहार छोड़ने जाना था, जिसे रज्जन बाई ट्रेन छोड़ने गया था। दोनों 12 मई की सुबह निकले और नीशू को बेगूसराय के लाखो गांव छोड़ने के बाद रज्जन वहां दो दिन रूका और फिर वापस आने लगा वापस आते समय हाजीपुर तक उसकी मोबाइल चालू थी और परिजनों से बात होती रही बराबर उसके बाद रज्जन के मोबा इल की लोकेशन और संपर्क दोनों बंद हो गए।

उस दिन के बाद से रज्जन की कोई सूचना नहीं मिली। परिवार ने जब कई प्रयासों के बाद भी संपर्क नहीं हो पाया, तो 16 मई को कटरा बाजार थाने में लिखित शिकायत दी, लेकिन परिजनों के अनुसार, पुलिस ने न तो सीसीटीवी खंगाले, न कॉल डिटेल्स की गहन जांच कराई और न ही रज्जन की तलाश के लिए बिहार पुलिस से समन्वय किया। रज्जन के पिता राम शंकर ने 11 जून को पुलिस अधीक्षक गोंडा को भी लिखित शिकायत सौंपी,लेकिन कोई भी सकारात्मक पहल नहीं हुई।आखिरकार, अब उन्होंने देवीपाटन मंडल के पुलिस उपमहा निरीक्षक को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है।उनका आरोप है कि पुलिस की इस लापरवाही ने परिवार को निराश और भयभीत कर दिया है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी फरियाद को हल्के में लिया जा रहा है, जबकि यह एक गंभीर आपराधिक मामला हो सकता है। रज्जन की मां और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।मां का कहना है कि जब भी घर का दरवाज़ा खुलता है,तो लगता है कि शायद रज्जन लौट आया हो।उसकी पत्नी लगातार दो महीने से उम्मीद लगाए बैठी है कि उसका पति सही-सलामत लौट आएगा।परि जन अब किसी अप्रिय घटना की आशंका में दिन-रात आंखें बिछाए बैठे हैं। उनका कहना है कि अगर समय रहते पुलिस ने सतर्कता दिखाई होती तो शायद रज्जन का अब तक कोई सुराग मिल चुका होता।गांव और आस-पास के इलाकों में इस घटना को लेकर गहरी चिंता और नाराजगी है।ग्रामीणों का कहना है कि रज्जन एक मिलनसार और मेहनती युवक था, उसके साथ हुई यह घटना चौंकाने वाली है। सभी ने प्रशासन से मांग की है कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जांच कर उन्हें दंडित किया जाए और रज्जन की बरामदगी के लिए विशेष टीम गठित की जाए।अब सवाल यह उठता है कि क्या रज्जन जिंदा है। कहीं फंसा है या किसी साजिश का शिकार हुआ...? परिजन अब भी उम्मीद और इंसाफ के इंतज़ार में हैं।

# आयुर्वेद को आधुनिक जीवन से जोड़ने की पहल वैदिक लाइफ इंडिया की हुई औपचारिक बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ककरी में स्वास्थ्य और आयुर्वेदिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वैदिक लाइफ़ इंडिया द्वारा एक औपचारिक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक कंपनी के सीईओ नसीम अहमद की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिन्होंने कंपनी के उद्देश्यों, उत्पादों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वैदिक लाइफ इंडिया, एक निजी आयुर्वेदिक उत्पाद निर्माण और वितरण कंपनी है, जो पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति को आधुनिक जीवनशैली में समाहित करने की दिशा में कार्यरत है। बैठक में कंपनी द्वारा निर्मित विभिन्न दवाओं, हर्बल उत्पादों और आयुर्वेद आधारित स्वास्थ्य समाधान की जानकारी साझा की गई। साथ ही इन उत्पादों के प्राकृतिक तत्वों, उपयोग विधियों और स्वास्थ्य लाभों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति की उपयोगिता, दवाओं की गुणवत्ता नियंत्रण, और लोगों के बीच जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर स्वास्थ्य से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद हुआ, जिनमें डायबिटीज, जोड़ों का दर्द, पाचन समस्याएं, और इम्युनिटी बूस्टिंग उपाय जैसे विषय शामिल रहे। बैठक का उद्देश्य न केवल कंपनी के उत्पादों की जानकारी देना था, बल्कि आमजन को यह समझाना भी था कि प्राकृतिक और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियाँ किस प्रकार रोगों से लड़ने में प्रभावी हो सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित प्रतिभागियों को प्रचार सामग्री और नमूना उत्पाद भी वितरित किए गए, ताकि वे स्वयं इनके उपयोग का अनुभव ले सकें। इस मौके पर अखिलेश कुमार यादव, डॉ शादाब सिद्दीकी, मोहम्मद रशीद खान, मौलाना मंसूर रजा, मुन्ना कुरैशी, मौलाना महताब रजा, सरफराज सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक:अधिकारियों को विभागीय रैंक में सुधार लाने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा व मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने मंगलवार को मुख्य मंत्री डैश बोर्ड के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में समीक्षा बैठक की।बैठक में जिला धिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे रैंकिंग को सुधारने हेतु ठोस प्रयास किए जाएं।उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर जनपद की स्थिति बेहतर हो, इसके लिए सभी विभागों को समन्वय एवं नियमित मॉनिट रिंग के साथ कार्य करना होगा।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो भी विभाग लापरवाही करेगा,उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगीमुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने विभागवार योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि योजनाओं के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति ही रैंकिंग में सुधार ला सकती है।उन्होंने विकास खंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक अधिकारियों को नियमित फील्ड विजिट करने तथा जमीनी हकीकत से अवगत रहने के निर्देश दिए।बैठक में 'स्वच्छ भारत मिशन', 'प्रधानमंत्री आवास योजना', 'मनरेगा', 'जल जीवन मिशन', 'शिक्षा' एवं 'स्वास्थ्य' सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रत्येक अधिकारी से योजना अनुसार बिंदुवार जानकारी प्राप्त की एवं अपेक्षित सुधार हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।बैठक में यह भी तय किया गया कि समीक्षा बैठक आयो जित की जाएगी, जिसमें अद्यतन प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पारदशिता,संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए जनपद को राज्य में उत्कृष्ट स्थान पर लाने का प्रयास करें।बैठक में परि योजना निदेशक डीआरडीए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राजअधि कारी, डीसी एनआरएलएम,डीसी मनरेगा, सहायक अभियंता जल निगम, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला पर उपलब्ध हैं सब्जी बेहन पौध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि जनपद बहराइच के कृषकों को सब्जी बेहन पौध को सुलभता से उपलब्ध कराने के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला, बभनी, बहराइच में ''मिनी सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स'' का निर्माण कराया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य कृषकों को रोगमुक्त व स्वस्थ्य शाकभाजी पौध उपलब्ध कराना है। इच्छुक कृषक स्वर्ण जयन्ती पौधशाला द्वारा उत्पादित बेहन पौध रू-2/प्रति पौध की दर से प्राप्त कर सकते है तथा बेमौसम शाकभाजी उत्पादित कर कृषि को अपनी मुख्य आय बना सकता है। एक्सीलेन्स नर्सरी में किसान अपना बीज देकर रू.-1/प्रति पौध शुल्क जमा कर पौध उत्पादित करा सकते हैं। श्री चौधरी ने बताया कि आगामी मौसम मसाला मिर्च, शिमला मिर्च, सेम, टमाटर, गोभी आदि के पौधे रोपण हेतु उपलब्ध हैं। यह पौधे राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला, बभनी, बहराइच पर कभी भी प्राप्त कर सकते हैं। पौधशाला प्रभारी, मंजीत सिंह के मो.न. 7388046768 पर सम्पर्क कर अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# विकासखंड करनैलगंज में कहने को गांव की महिला प्रधान,पतिदेव कर रहे सारे काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले की विकासखंड करनैलगंज में 71ग्राम पंचायतों में 32 ग्राम पंचायतो में महिलाग्राम प्रधान चुनी गईं महिलाओं की शक्ति महज उनके नाम तक ही सीमित है,महिला सशक्ति करण अभियान का असर भी जिले में धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है।आरक्षण की मजबूरी ने महिलाओं को ग्राम प्रधान तो बना दिया है, लेकिन असली प्रधान तो उनके ससुर,पति या फिर देवर ही सब काम कर रहे हैं।हालांकि प्रशासनिक सख्ती से कुछ सुधार भी जरूर हुए हैं और बैठकों से प्रधान पतियों की उपस्थिति पर लगाम लगी है।लेकिन अभी और प्रयास जरूरी हैं।करनैलगंज विकासखंड में कुल ग्राम पंचायतों की संख्या 71 है।पंचायत चुनावों में 32 सीटों पर महिलाओं ने जीत दर्ज की।कुल ग्राम प्रधानों में आधे से थोड़ा कम महिलाएं हैं। जिन गांवों की ग्राम प्रधान महिलाएं हैं,वहां ग्राम प्रधान का पूरा काम उनके पति,पुत्र, देवर,ससुर या प्रतिनिधि देखते हैं।चुनाव जीतने के बाद इनकी मुहर,डोंगल व पंचायतों से जुड़े अभि लेख भी प्रतिनिधि ही संभालते हैं।अधिकंाश गांवों में प्रधान के बजाए लोग उनको ही ग्राम प्रधान कहते हैं और समझते हैं।महिला ग्राम प्रधानों के अलावा अनुसूचित जाति व पिछड़ी जाति के अधिकंाश ग्राम प्रधानों को भी अपने प्रतिनिधि के पीछे चलना पड़ता है।कई गांवों में तो अपनी प्रतिष्ठा लगाकर अपने खास को प्रधान बनाने वाले मांगने पर भी उन्हें मुहर, डोंगल व पंचायत से जुड़े महत्वपूर्ण अभिलेख नहीं देते।ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि इस कदर दबंगई पर आमादा रहते हैं कि वे उन बैठकों में भी शामिल होते हैं,जहां प्रत्येक दशा में जनप्रति निधि का होना आवश्यक होता है।बैठक के एजेंडे पर भी प्रतिनिधि ही प्रधान के हस्ताक्षर कर देते हैं।सूत्र बता रहे है कि कई गांवों में तो ग्राम प्रधान के बजाय बैंकों में ग्राम प्रधान का हस्ताक्षर तक प्रतिनिधि करते हैं।

# चोरी किया ऑटो बरामद,दो गिरफ्तार



गोण्डा। मनकापुर कोतवाली पुलिस ने ऑटो-रिक्शा चोरी का मामला सुलझा लिया है।वादी इरफान पुत्र मुनव्वर, निवासी मोहल्ला आजाद नगर,कोतवाली मनकापुर, में लिखित तहरीर दी गयी कि उसने ऑटो (विक्रम) यूपी 43 ए.टी. 0021 राजेन्द्र प्रसाद दूबे की पत्नी आशा दूबे से खरीदा था।जो कि 13 जुलाई को रात आठ बजे ऑटो को कटी तिराहा ट्रांसफार्मर के पास खड़ा किया था,जो 14 जुलाई सुबह छः बजे गायब मिला।तलाश करने पर ऑटो मछली बाजार शराब ठेके के पास मिला,जिसमें आटो चोर रिंकू कुशवाहा जनपद शाहजहांपुर व धर्मे न्द्र जनपद बलरामपुर बैठे मिले।पीड़ित की तह रीर पर कोतवाली मनकापुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर चोरी करने के दोनो आरोपी अभियुक्तों- रिंकू कुशवाहा, धर्मेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में अभियुक्त गणों द्वारा ऑटो चोरी करने की बात स्वीकार की गयी है।गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना मनकापुर पुलिस क़े द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

# कड़ी मेहनत और संघर्ष से सरिता के सपने पूरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। दर्द सबके एक हैं,मगर हौसले सबके अलग-अलग होते है।कोई हताश हो के बिखर गया,तो कोई संघर्ष करके निखर गया।सपने तो हर कोई देखता है और उन्हें पूरे करने के भी लगातार प्रयास करता है,मगर कुछ ही शख्स होते है,जो अपने सपनों को पूरा कर पाते हैं। इनमें एक हैं।विकासखंड पंडरी कृपाल ग्राम पंचायत क़े छोटे से गांव खमरिया हरिवंश की रहने वाली सरिता चौधरी एक गृहणी थी जो घर पर रहकर ही बच्चों का देखभाल करती थी।जो अपने कठिन परिश्रम से आईटीआई में अनुदेशक क़े पद जैसे नौकरी हासिल की है।वहीं उनके पति विनोद कुमार आर्य रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत हैं विनोद ने बताया कि वह हाई स्कूल अलीगढ़ आईटीआई गाजियाबाद व सीटीआई इलाहाबाद में रहकर पढ़ाई की और उत्तर प्रदेश अधिनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा पास किया 2025 में उनका सलेक्शन आईटीआई अनुदेशक के पद पर हो गया इस सलेक्शन पर जहां पूरे गाँव व परिवार में खुशी का माहौल है वहीं गांव में चर्चा हो रही है कि वक्त किसी के बाप का जागीर नहीं है उन्होंने अपने इस कामयाबी पर माता पिता व चाचा जय करन चौधरी को बताया जिन्होंने सारी शिक्षा दीक्षा एवं संस्कार दिया और गुरुजनों व पति का आशीर्वाद मिला जिससे कामयाबी हासिल किया जिसकी चर्चा पूरे जिले में हो रही है।

# कुत्तों के झुंड द्वारा बच्चे को घायल करने की घटना का डीएम ने लिया संज्ञान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जनपद की तहसील नानपारा अन्तर्गत विकास खण्ड शिवपुर के थाना खैरीघाट के ग्राम खम्हरिया में 12 वर्षीय बालक को कुत्तों के झुंड द्वारा नोचकर घायल करने की घटना का कड़ा संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जिला विकास अधिकारी व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को संयुक्त रूप से मौके की जांच कर आवारा कुत्तों पर प्रभावी रोकथाम कराये जाने तथा अब तक इस सम्बन्ध में कोई प्रभावी कार्यवाही न किये जाने हेतु उत्तरदायी खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी एवं पंचायत सचिव का अग्रेतर आदेशों तक वेतन बाधित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि खण्ड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों को सचिव के माध्यम से आवारा कुत्तों को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही के सम्बन्ध में पूर्व में अनेको बार निर्देशित करने के बावजूद ऐसे प्रकरण संज्ञान में आने पर डीएम ने कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

# विश्व युवा कौशल दिवस का सीडीओ ने किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिल मुख्यालय पर स्थित आईटीआई में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने विश्व युवा कौशल दिवस का शुभारम्भ किया है।जनपद में संचालित राजकीय तथा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं कौशल विकास प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रशिक्षार्थियों द्वा रा बनाये गये मॉडल जॉब्स को प्रदर्शित कि या गया।कार्यक्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोण्डा में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला एवं रोजगार मेले में सेवायोजित प्रशिक्षा र्थियों को नियुक्ति पत्र तथा शिशिक्षु कॉन्ट्रैक्ट वितरित किया गया।इस कार्यक्रम में जनपद में उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्थाओं, जनपद के उद्यमियों तथा स्किल यूथ आइकन को प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मा नित किया गया।प्रशिक्षार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्किल एवं पर्यावरण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व जिला समन्वयक कौशल विकास एवं नोडल प्रधाना चार्य राम सिंह तथा सहायोगी प्रधानाचार्य प्रभुनाथ मिश्रा,प्रधानाचार्य रा.औ.प्र.सं.करनैलगंज गोण्डा,राकेश कुमार शुक्ला,प्रधानाचार्य रा.औ.प्र.सं. मनकापुर एवं अनिल कुमार पाठक प्रधानाचार्य रा.औ.प्र.सं.तरबगंज द्वारा किया गया।कार्यक्रम सभी संस्थानों के कार्यदेशक एवं अनुदेशकगण के उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का संचालन कार्यदेशक विजय बरवार द्वारा किया गया।

# स्मार्ट गन्ना किसान अपना रहे फसल सुरक्षा के स्मार्ट तरीके

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। गन्ना विकास विभाग पीलीभीत द्वारा गन्ना किसानों को घातक कीटनाशकों के विकल्प के रूप में जैविक कीट नियंत्रण की विधियों को अपनाने के लिए निरंतर जागरूक किया जा रहा है। किसानों के खेतों पर ही इन तकनीकों का प्रदर्शन कर लाभ बताए जा रहे हैं। जैविक कीट नियंत्रण न केवल रसायनों पर होने वाले खर्च को कम करता है, बल्कि पर्यावरण और मृदा स्वास्थ्य के लिए भी पूरी तरह सुरक्षित है।इसी क्रम में गन्ना विकास परिषद, पीलीभीत द्वारा अब तक विभिन्न किसान क्षेत्रों में किसानों को बड़ी संख्या में जैविक साधन वितरित किए गए हैं। जैविक कीट नियंत्रण की मुहिम के तहत कुल 800 ट्राईकोकार्ड 415 कृषकों को वितरित किए गए, जिससे करीब 240 एकड़ गन्ने की फसल को जैविक तरीके से कीटों से सुरक्षा मिली।गन्ना विकास परिषद बरखेड़ा एवं चीनी मिल बरखेड़ा द्वारा 450 फनेल फ़ेरोमोन ट्रैप 50 किसानों में वितरित किए गए, जिनसे 100 एकड़ गन्ने की रक्षा हुई। गन्ना विकास परिषद बरखेड़ा द्वारा अतिरिक्त 100 ट्राईकोकार्ड 55 किसानों में वितरित कर 50 एकड़ फसल को सुरक्षित किया गया।गन्ना विकास परिषद बीसलपुर द्वारा 200 ट्राईकोकार्ड 80 किसानों को वितरित किए गए, जिनसे 100 एकड़ गन्ना जैविक पद्धति से सुरक्षित हुआ।इस तरह कुल मिलाकर जनपद पीलीभीत में अब तक 600 एकड़ से अधिक गन्ना फसल को बिना किसी रासायनिक कीटनाशक के जैविक साधनों से सुरक्षित किया जा चुका है।

गन्ना किसानों द्वारा भी इन प्रयासों की सराहना की जा रही है। किसानों ने बताया कि ट्राईकोकार्ड, लाइट ट्रैप, इंटेलिजेंट लाइट ट्रैप व फ़ेरोमोन ट्रैप के उपयोग से फसल पर कीटों का प्रकोप घटा है, लागत घटी है और मिट्टी की उर्वरकता बनी रहती है।ख़ुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा किसानों से लगातार अपील की जा रही हैं कि अधिक से अधिक किसान रसायन मुक्त और टिकाऊ खेती की दिशा में आगे बढ़ें तथा अपने खेतों को प्राकृतिक संरक्षण दें। इन विधियों से केवल हानिकारक कीट आकर्षित होकर मरते है, लेकिन मित्र कीटो को कोई नुकसान नहीं होता है। गन्ने की फसल के प्रमुख मित्र कीट है-लेडी बर्ड बीटल, क्राइसोपिला, सिरफिड मक्खी, और विभिन्न प्रकार की मकड़िया। इसके अलावा कुछ परजीवी मित्र कीट भी होते है जैसे ट्राइकोग्रामा वास्प, ब्रेकॉन वास्प, एपिरिकैनिया आदि स जैविक विधियों से पर्यावरण संरक्षण के साथ फसल की गुणवत्ता बेहतर होती है। कीटनाशकों पर होने वाला खर्चा बच जाता है। जनपद के प्रगतिशील गन्ना किसान डॉ हरमीत सिंह ने बताया कि जैविक कीट नियंत्रण की विभिन्न विधियों को अपनाने के साथ ही वह जंगली जानवरो से फसल सुरक्षा के लिये आर्टिफिशल इंटेलिजेंट आधारित साउंड लाइट सिस्टम का उपयोग करते है।

# आयोजित की गई पीडीए महापंचायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर । समाजवादी पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर मे समाजवादी पार्टी के प्रदेश व्यापी आहवान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर "चलो गाँव की ओर" कार्यक्रम को लेकर समाजवादी पार्टी के सिपाही जनता के बीच हैं। और विधानसभा क्षेत्र मे सेक्टरवार पीडीए चर्चा कर रहे हैं। जनता के बीच बाबा साहब के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही गई इसके साथ ही संविधान पर भी चर्चा की गई समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में सेक्टरवार पीडीए चर्चा का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत पूरनपुर के ग्राम माधोटांडा मे आयोजन किया गया इस अवसर पर संविधान को बचाने व बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को जन जन तक पहुंचाया गया सेक्टरों मे जनपंचायत आयोजित की गई। इस अवसर पर समाज के कई वरिष्ठ नेताओ ने जनता को जागरूक किया।इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एव सपा नेता राजकुमार "राजू" ने किया एवं संचालन ओम शर्मा ने किया ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार "राजू" ने अपने संबोधन मे कहा की " देश की वंचित शोषित मेहनतकश कमेरा आवाम की अपने हक़ व अधिकार के लिए एकजुटता ही समाज में बदलाव लाएगी. पीडीए के रूप में वंचित शोषित बहुजन कमेरा आवाम की वैचारिक एकजुटता के नव जनवादी आंदोलन का आग़ाज़ किया है. सांप्रदायिकता की नफ़रत वाली राजनीति को पीडीए की एकजुटता ही हराएगी समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राजकुमार "राजू" ने इसके अतिरिक्त कहा की "समाजवादी पार्टी ने सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में 'पीडीए चर्चा' कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है। यह कार्यक्रम आज से शुरू होगा और अगल एक महीने के लिए चलेगा। कार्यक्रम संविधान को बचाने और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। पीडीए की ये लड़ाई हज़ारों साल के अन्याय व शोषण के ख़िलाफ़ सामाजिक न्याय की लड़ाई है. संविधान नहीं था, तो इंसान-इंसान में बँटवारा था. संविधान आया, तो इंसान को इंसान जोड़ा व एक बनाया हम सब को इस लड़ाई को आगे बढ़ाना है और इस सरकार को उखाड़ फ़ेकना है।सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव एवं पूर्व विधायक अरशद खा ने भी अपने संबोधन मे कहा की "ये बाबा साहेब के माननेवाले और 'बाबा' को माननेवालों के बीच की लड़ाई है एक तरफ़ संविधान को बनाने-बचानेवाले हैं; तो दूसरी तरफ़ संविधान को मिटानेवाले हैंअब तक संविधान ने पीडीए की रक्षा की है; अब पीडीए संविधान की रक्षा करेगा।समाजवादी महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश परिहार जी ने भी अपने संबोधन मे पी डी ए पर प्रकाश डाला साथ ही सभी पिछडो,दलितों,अल्पसंख्यकों से एकजुट होने की अपील की तथा इस सरकार को उखाड़ने को कहा समाजवादी महिला सभा की विधानसभा अध्यक्ष मीता सिंह ने भी अपने संबोधन मे कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के इस नारे को गाव गाव तक लेकर जाएगे और आगे बढ़ाएगे।इस दौरान सपा नेता कल्याण सिंह सरोज ने भी अपने विचार रखे एवं इस लड़ाई को लड़ने का संकल्प लिया।इस दौरान बड़ी संख्या मे सपाई उपस्थित रहे जिनमे प्रमुख रूप से समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश परिहार,सपा नेता ओम शर्मा, मीता सिंह,मनोज गौतम.सोनू गौतम.सुरेन्द्र गौतम काली चरण मौर्या.रामपाल.गौतम बसंत भारती,श्याम लाल गौतम. अफजल, आशीष,मीनू शर्मा, आदि बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित रहे है।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर सीओ का घेराव कर जताई नाराजगी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने किसानों की समस्याओं को लेकर मासिक पंचायत में चर्चा की गई और किसानों की समस्याओं को लेकर 9 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौपा गया।

जिसमें आवारा पशु ,किसानों की खाद की समस्या,ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा,समय से नहर का पानी किसानों का न मिल पाना,शारदा नदी कटान की समस्या सहित 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। उसके बाद पुलिस और विधुत विभाग की समस्या को लेकर सीओ को फोन कर तहसील में बुलाया गया। जिसपर सीओ ने तहसील में जाने से मना कर दिया और अधिशासी अभियंता ने भी जिले पर मीटिंग होने की बात कहकर टरका दिया। जिससे नाराज होकर भाकियू ने पहले तो तहसील परिसर में सीओ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया उसके बाद कोतवाली गेट और फिर सीओ कार्यालय में सीओ का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना प्रदर्शन करने लगे। इस पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ने भाकियू को समझाने का प्रयास करते हुए। उनके धरना प्रदर्शन में बैठकर पुलिस से संबंधित शिकायतों के बारे में जानकारी ली काफी समय तक सीओ कार्यालय में ही धरना प्रदर्शन चलता रहा हैं।

# जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी के लिए की गई जन सभा उमड़ा जन सैलाब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। मझोला उत्तराखंड जिला पंचायत क्षेत्र से भाजपा समर्थित प्रत्याशी अजय मौर्य के चुनाव संचालन की रणनीति बनाने हेतु आयोजित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक में मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल और अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ सहभागिता की है।आगामी 24 जुलाई को उगता हुआ सूरज चुनाव चिन्ह पर मतदान कर अजय मौर्य को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को और मजबूत बनाना है।अजय मौर्य को जीतना है।इस जन सभा में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के काफी करीबी एवं व्यापारी नेता कपिल अग्रवाल,ब्लॉक प्रमुख खटीमा रणजीत सिंह नामधारी, राजपाल सिंह द्.र्जा राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार,जिला पंचायत वार्ड नंबर 4 प्रतापपुर खटीमा की प्रत्याशी अमनदीप कौर नामधारी, रमेश चंद्र जोशी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष खटीमा, मनोज वाधवा मंडल मंत्री भाजपा खटीमा, सोमनाथ मौर्य मंडल अध्यक्ष नोसर, दान सिंह रावत वरिष्ठ भाजपा नेता, देवेंद्र सिंह रिंकू पूर्व मंडल अध्यक्ष, सतीश भट्ट पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष खटीमा,सतीश गोयल, हिमांशु बिष्ट सहित सैकड़ो समर्थक भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।

# शिक्षार्जन के तकनीकी ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद बने युवा: बालचंद्र सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। विश्व कौशल विकास दिवस पर मेरा युवा भारत सुल्तानपुर द्वारा एक संगोष्ठी व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन राणा प्रताप पी.जी.कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को केंद्र द्वारा स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया गया।



विश्व कौशल विकास दिवस पर मंगलवार को राणा प्रताप पी.जी.कॉलेज में संगोष्ठी व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बिजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक बालचंद्र सिंह ने कहा देश के विकास में युवाओं से सबसे बड़ी भागीदारी होती है। बढ़ती बेरोजगारी के लिए कुछ हद तक कौशल की कमी भी जिम्मेदार है। इसलिए शिक्षार्जन के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर हुनरमंद बनने की आवश्यकता हैं। प्राचार्य डॉ. डी. के.त्रिपाठी ने कहा आप सभी विकसित भारत का वह आधार स्तंभ हैं जो देश को निरंतर प्रगति और उन्नति की दिशा में लेकर जा रहे है। मेरा युवा भारत स्वयंसेवक अभिषेक दुबे ने कहा भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, जिसमें युवाओं के कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है। अंकित मिश्र ने कहा स्किल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने युवाओं को न केवल अपनी प्रतिभा संवारने का अवसर दिया है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का उचित माध्यम भी प्रदान किया है। माई युवा भारत के लेखा एंव सहायक विनय मिश्र ने कहा यह कार्यक्रम मनाने का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के प्रति जागरूक करना है और उन्हें काम या बिजनेस के लिए जरूरी कौशल प्रदान करना है। जिससे वो न सिर्फ अपना बल्कि देश का भी भला कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभात श्रीवास्तव ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. वीरेंद्र गुप्ता,डॉ. नीतू सिंह, डॉ. संजय पाण्डेय रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशाल पाण्डेय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# फ़ेसबुक पर सनातन व मोदी-योगी पर आपत्तिजनक पोस्ट, ज्ञापन-प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पिछले कुछ महीने से 'अखिलेश चौहान' नामक फ़ेसबुक आईडी से लगातार सनातन धर्म की आस्था व मान्यताओं के विरुद्ध अपमानजनक व अभद्र समाज ध्वंशक टिप्पणियां की जा रहीं हैं। पीएम मोदी-सीएम योगी व संस्कृति संबंधी सरकारी योजनाओं पर अशिष्ट टिप्पणियां करके खिल्ली उड़ाई जा रही है। जो कि सुल्तानपुर के हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं को नागवार गुजरा। सभी मंगलवार को एकजुट सनातन समन्वय अभियान के बैनर तले एकजुट हुए। कलेक्ट्रेट पहुंचे। विधर्मी जनों के कृत्यों पर नाराजगी जताते हुए नारेबाजी की और जिलाधिकारी की प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर उक्त आईडी की पहचान करके कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की।

प्राप्त विवरण के मुताबिक, सोशल प्लेटफार्म फ़ेसबुक व कुछ अन्य माध्यमों पर के एन आई टी निवासी किसी युवक ने 'अखिलेश चौहान' नाम से प्रोफ़ाइल आईडी बना रखी है। जो कि रोजाना सनातन की आस्था, मान्यताओं और विश्वास की खिल्ली उड़ाने वाले रील्स व पोस्ट शेयर करके सोशल मीडिया पर डालता रहता है। उक्त आईडी से पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ पर भी अपमानजनक-असभ्य टिप्पड़ियां की जा रही हैं। इसे संज्ञान लेते हुए सनातन समन्वय अभियान कुशभवनपुर के कार्यकर्ताओं ने विहिप पदाधिकारी दिवाकर सिंह, गौरक्षा वाहिनी के प्रमुख सर्वेश सिंह, जयशंकर दूबे ,बजरंगदल के किरण सोनी व संघ आदि से जुड़े लोगों के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर गुस्से की इजहार किया। मोदी-योगी के राज में भी विधर्मी कृत्यों पर लगाम न लग पाने पर रोष जाहिर कर नारेबाजी की। इसके बाद सभी ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी कुमार हर्ष की प्रतिनिधि के रूप में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। अल्टीमेटम दिया कि प्रशासन व पुलिस ऐसे राष्ट्र विरोधी व समाज विरोधी कृत्यों पर नियंत्रण करे।

## एसडीओ कार्यालय में अवैध रूप से संचालित किया जा रहा जनसेवा केन्द्र

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विद्युत उपखंड कार्यालय की सरकारी बिल्डिंग एवं एसडीओ कार्यालय में अवैध रूप से प्राइवेट जनसेवा केन्द्र संचालित किया जा रहा हैं। जबकि इस कार्यालय में पहले से ही विभाग का केन्द्र संचालित था। विभाग के केन्द्र को बंद कर दिया गया। अब खिड़की नंबर 3 और 4 पर विभाग का केन्द्र उपभोक्ताओं के बिल जमा कर रहे और उसी के पास में ही खिड़की नंबर 5 पर प्राइवेट जनसेवा केन्द्र अवैध तरीकें से संचालित कर दिया गया। तत्कालीन एसडीओ प्रवीण कनौजिया ने इसी जनसेवा केन्द्र को काफी प्रयास के बाद अपने कार्यालय से हटवाया था। जबकि केन्द्र हटवाने को लेकर काफी विवाद हुआ था। और पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। और काफी प्रयास के बाद केन्द्र हटाया जा सका था। सत्ता पक्ष के नेताओं की सिफारिश और उच्च अधिकारियों की मेहरबानी के चलते विवादित जनसेवा केन्द्र को दोबारा से एसडीओ के कार्यालय में अवैध तरीकें से संचालित कर दिया गया है। इस संबंध में मंगलवार को एसडीओ मोहित गुप्ता से जब जानकारी की तो उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के द्वारा जनसेवा केन्द्र संचालित कराया गया है। हालांकि जनसेवा केन्द्र संचालक के नाम पर सरकारी कार्यालय में बैठने हेतु कौई भी लिखित दस्तावेज या विभाग के द्वारा जारी की गई लिस्ट में नाम भी शामिल नहीं है। उसके बाद भी अवैध तरीक़े से जनसेवा केन्द्र सरकारी कार्यालय में संचालित करवा दिया गया हैं।

## सांप काटने से किसान की मौत मचा हड़कंप

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना माधोटाडा क्षेत्र के ग्राम चित्तर पुर में चंद्र पाल पुत्र श्री केदारी लाल उम्र 27 वर्ष की सांप के काट लेने से मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार मे कोहराम मच गया सांप के काटने से हुए मौत की खबर सुनते ही विद्यायक पुत्र ऋतुराज पासवान मौके पर पहुंचे और तत्काल रात को ही पोस्टमार्टम कराया एवं गोमती उदगम स्थल माधोटांडा अंत्योष्टि स्थल पहुँच कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कर परिजनों को सांत्वना दी है।

## भाजपा नगर अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान की मौजदूगी मे नगर टीम ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जिसमें नगर पालिका द्वारा कोतवाली गेट पर राम दरबार का चित्र लगवाया है। जिसका कुछ लोगो ने विरोध कर शिकायत दर्ज कराई है वही हर्ष प्रधान ने कहा कि नगर पालिका द्वारा कोतवाली गेट के पास रामदरबार का चित्र नगर के सौन्दर्यकरण के लिये लगवाया गया है। भगवान श्री राम न केवल हिन्दुओं के अपितु प्रत्येक भारतवासी के आदर्श हैं। केंद्र और राज्य की सरकार भी रामराज्य को आदर्श मानते हुये उसका अनुसरण करने का प्रयास कर रही है। जनमानस सहित प्रशासनिक अधिकारियों के लिए भी प्रेरणादायक है देश के अनेक महानगरों में, विभिन्न निकायों में सरकार द्वारा पेंटिंग इत्यादि के माध्यम से ऐसे चित्र बनवाये गये हैं लेकिन कुछ लोग राजनीतिक विद्धेश के कारण उस चित्र को हटवाने का प्रयास कर रहे हैं जो कि जनभावना के प्रतिकूल है एसडीएम को दिये पत्र के माध्यम से कहा कि रामदरबार का चित्र यथा स्थान लगा रहने दिया जाएं ज्ञापन देने वालो मे भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, महामंत्री सूरज बाथम, मानस शुक्ला, अम्बर मिश्रा,प्रदीप सिंह मुखिया, अवधेश भारती, अंकित बाल्मीकि, अमन वाल्मीकि, आलोक त्रिवेदी, रितेश गुप्ता पारू, सचिन, कमल चौहान सही कई कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

## डीएम की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई सम्पन्न

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के द्वारा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया। मा0 विधायक बीसलपुर द्वारा विभिन्न ग्रामों से ग्रामसभा तथा चारागाह की भूमि को कब्जा मुक्त करवाने, ललौर गुजरानपुर में पुल के निकट सड़क निर्माण हेतु मिट्टी उपलब्ध कराने, बॉसुरी चौराहे से जहानाबाद जाने वाली सड़क तथा बरहा रोड़ को अतिक्रमण मुक्त कराने, पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने, वनों के किनारे तार फ़ेंसिंग दुरूस्त कराये जाने सहित अन्य मांगे रखी गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को गम्भीरता के साथ सुना और शीघ्र ही समस्याओं का निराकरण कराने हेतु आश्वस्त किया।इस अवसर पर एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष संजीत प्रताप सिंह, विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा,विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान, विधायक बरखेड़ा प्रतिनिधि,चेयरमेन पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिला अधिकारी ऋतु पूनिया, अपर जिलाधिकारी रोशनी यादव, नगर मजिस्टेट विजय वर्धन तोमर, उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## स्मैक के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बल्दीराय पुलिस ने मंगलवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य दरोगा यादव को 291 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बल्दीराय थाना क्षेत्र की वलीपुर चौकी पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाते हुए दो शातिर स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक तो जिले का नामचीन चेहरा है पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव उर्फ दारोगा यादव निवासी महमूदपुर, हेमनापुर तथा रवि यादव निवासी कंापा थाना हलियापुर को बल्दी राय पुलिस ने 291 ग्राम स्मैक के साथ मौंके पर ही गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस ने बाबा दुलदास कुटी के पास मुखबिर की सूचना पर की। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक आपाची बाइक बरामद की गई है। थानाध्यक्ष बल्दीराय नारद मुनि सिंह के अनुसार दोनों आरोपी क्षेत्र में लंबे समय से अवैध स्मैक बेचते थे। दरोगा यादव तो बल्दीराय थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उस पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। दोनों अभियुक्तो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने की विधिक कार्यवाही की गई। बल्दीराय पुलिस की इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप गया है। बल्दीराय थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा स्मैक बेचने वालों को गिरफ्तार किया जाता है पुलिस की इतनी सख्ती के बावजूद भी इस स्मैक का कारोबार बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। थाना क्षेत्र में स्मैक के कारोबार होने से युवाओ में इसकी बुरी लत लग गई हैं कई का परिवार तो भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है लेकिन स्मैक का यह गोरखधंधा किसके संरक्षण में फल फूल रहा है शायद यह किसी से छुपा नहीं है। अगर जिले के पुलिस अधीक्षक इस गोरख धंधे पर अंकुश नहीं लगाए तो क्षेत्र के कितने गरीब परिवार की जिंदगी बद से बदत्तर होने में देर नही लगेगी।

## सीसी रोड निर्माण में भारी भ्रष्टाचार का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड पी.पी. कमैचा क्षेत्रान्तर्गत रूपी का पूरा, रामगढ़ में सीसी रोड निर्माण में भारी अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार को लेकर स्थानीय निवासी अनिल त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री से ऑनलाइन शिकायत किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि डॉ. लाल बहादुर त्रिपाठी के घर से उनके घर तक सीसी रोड निर्माण की मांग पर पूर्वांचल विकास निधि के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्माण कार्य कराया गया, किंतु यह कार्य न तो मानक के अनुरूप है और न ही पूरा। अनिल त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि सीसी रोड निर्माण कार्य में न गुणवत्ता का ध्यान रखा गया और न ही मानक प्रक्रिया का पालन किया गया। कार्यस्थल पर कोई सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया, जिससे ग्रामीणों को लागत और कार्यकाल की जानकारी नहीं मिल सकी। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क की लंबाई और चौड़ाई में भी हेराफ़ेरी की गई है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है।

## ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष बने दिलीप सिंह

अमेठी। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के सभागार कक्ष में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के निर्वाचन में जनपद कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया जिसमें दिलीप कुमार सिंह को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी गई है।जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर के सभागार में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के संरक्षक ओम प्रकाश दुबे की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जनपद शाखा अमेठी की जनपद कार्यकारिणी के सर्वसम्मति से चयन में दिलीप कुमार सिंह को अध्यक्ष,चंदन मौर्य पवन यादव को उपाध्यक्ष, अमरजीत यादव को महामंत्री,नेहा सिंह को कोषाध्यक्ष, संदीप गुप्ता को संगठन मंत्री, अंजुम व राम अभिलाष कनौजिया को संयुक मंत्री,शिव मोहन पाण्डेय को संप्रेक्षक, रजनीश भाष्कर को प्रांतीय प्रतिनिधि एवं अकलीम को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

# सीडीओ ने निरीक्षण में गैरहाजिर मिले कर्मियों का रोका वेतन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सीडीओ द्वारा कार्यालय उपायुक्त उद्योग, भूमि संरक्षण अधिकारी तथा जिला कृषि अधिकारी का किया औचक निरीक्षण**

अमेठी। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने मंगलवार को जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र अमेठी, कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी तथा कार्यालय जिला कृषि अधिकारी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के प्रथम चरण में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा उपायुक्त उद्योग कार्यालय का भ्रमण किया गया। उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में यह पाया गया कि विवेक कुमार मिश्रा, योगेन्द्र कुमार यादव सीएम फ़ेलो तथा उद्यमी मित्र प्रवीण कुमार कार्यालय से अनुपस्थित रहे या देर से पहुंचे। विशेष रूप से प्रवीण कुमार सवा ग्यारह बजे कार्यालय आए जिनसे पूछे जाने पर बताया गया कि वे जगदीशपुर में दीपक अस्पताल का सत्यापन करने गए थे। इस देरी को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने उपायुक्त उद्योग दिनेश चौरसिया को निर्देशित किया कि इन कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रस्तुत करें तथा भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उक्त कार्यालय कक्ष की साफ-सफाई की व्यवस्था असंतोषजनक पाई गई। अभिलेखों का रखरखाव व्यवस्थित नहीं था तथा कर्मचारियों की मेजों पर न तो नामपट्टिकाएं थीं और न ही किसी कर्मी द्वारा पहचान-पत्र धारण किया गया था। इस स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी कर्मचारियों द्वारा पटल की पहचान सुनिश्चित की जाए, आईडी कार्ड धारण किया जाए एवं कार्यालय को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जाय।इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी तथा जिला कृषि अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में यह पाया गया कि संजय कुमार श्रीवास्तव (प्रधान सहायक) तथा इंद्रपाल (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) अनुपस्थित पाए गए। इस पर निर्देशित किया गया कि उक्त कर्मचारियों का आज दिनांक पन्द्रह जुलाई का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित किया जाए तथा उनका स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए। उक्त कार्यालयों में भी स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। अभिलेखों का रखरखाव अव्यवस्थित था, कर्मचारियों की मेजों पर नामपट्टिकाएं नहीं थीं एवं कोई भी कर्मचारी आईडी कार्ड धारण किए हुए नहीं मिला।

## चोरी की मोटर साइकिल के साथ एक युवक गिरफ्तार

अमेठी। थाना गौरीगंज पुलिस ने चोरी की एक अदद मोटर साइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटर साइकिल पैदल लिये जा रहे व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होने पर पूछताछ की गई। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में उसने अपना नाम अंकुल उर्फ शिवा पुत्र जवाहर लाल निवासी धमरावां मजरे जंगल रामनगर थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब पच्चीस वर्ष बताया व मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा नही सका।मोटरसाइकिल के बारे में पूंछताछ में बताया कि मैनें यह मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 बी 9474 बीती बारह जुलाई को रात में सरकारी अस्पताल के पास शिव मेडिकल स्टोर के बाहर से लाक तोड़कर चोरी की थी।

# नकली नोट की चोट

हालांकि, भारत पूरी दुनिया में डिजिटल लेनदेन के मामले में अग्रणी बना हुआ है और यहां दुनिया भर में होने वाले लगभग आधे रियल टाइम लेन-देन डिजिटल भुगतान के जरिये ही होते हैं। हालांकि, नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि अभी भी अर्थव्यवस्था में नकली करेंसी की मौजूदगी बनी हुई है। केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। यह भी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। निस्संदेह, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं।

केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है।

# स्वास्थ्य बनाम स्वाद: समोसा और जलेबी से सावधान

**मोटापे एवं अन्य असाध्य बीमारियों की गंभीर स्थिति से जुड़े चौंकाने वाले तथ्य चिन्ताजनक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चीनी और ट्रांस वसा को मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग के मुख्य कारणों में गिनते हैं। भारत में हर 5 में से 1 व्यक्ति मोटापे का शिकार है, और इसके पीछे मुख्य कारण अत्यधिक तला-भुना भोजन है। दुनिया में मोटापे के मामले में भारत दूसरे नम्बर पर है। डब्लूएचओ के अनुसार, भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 2045 तक 13.4 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो दुनिया में सबसे अधिक होगी। बच्चों में बढ़ती मोटापे की दर का एक बड़ा कारण स्कूलों के आसपास मिलने वाले समोसा, कचोरी, बर्गर जैसी चीजें हैं। समोसा और कचोरी जैसी चीजों को बार-बार एक ही तेल में तला जाता है, जिससे उसमें ट्रांस फैट और कैंसरकारी तत्व (ऐक्रिलामाइड) पनपने लगते हैं। ये हृदय की धमनियों को सख्त कर देते हैं और कोलेस्ट्रॉल बढ़ाते हैं। जलेबी को चीनी के गाढ़े सिरप-चासनी में डुबोया जाता है, जिससे शरीर में तुरंत ग्लूकोज की मात्रा बढ़ती है। यह स्थिति इंसुलिन रेजिस्टेंस, टाइप-2 डायबिटीज और फैटी लिवर जैसी बीमारियों को न्योता देती है। समोसा और कचोरी में मैदा का अत्यधिक उपयोग होता है, जो पाचन को धीमा करता है। इससे गैस, कब्ज, अम्लपित्त और मोटापा जैसे विकार उत्पन्न होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर देशवासियों को न केवल सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रेरित किया है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का भी आह्वान किया है।**

भारत जैसे विविधताओं वाले देश में जहां हर नुक्कड़ पर समोसे की महक और जलेबी की मिठास लोगों को आकर्षित करती है, वहीं यह स्वादिष्ट व्यंजन अब स्वास्थ्य के लिए खतरे की घंटी बनते जा रहे हैं। हमारी परंपराओं और खानपान में गहराई से जुड़े समोसा, कचोरी और जलेबी जैसे तली-भुनी और अत्यधिक मीठी चीजें अब मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का प्रमुख कारण बन गई हैं। इन्हीं कारणों से देशभर में एक जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए जनजागृति अभियान शुरु हुआ है। तले हुए व्यंजनों के उपभोग को कम करने की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय एवं बढ़ती स्वास्थ्य चिन्ताओं को देखते हुए क्रांति का शंखनाद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया अभियान के तहत तेल और चीनी का उपभोग कम करने का आह्वान किया था। केन्द्र सरकार की सक्रियता से जैसे सिगरेट के पैकेट पर स्वास्थ्य चेतावनी होती है, ठीक वैसी ही चेतावनी इन तैलीय और मीठे खाद्य पदार्थों के बारे में जारी होगी। बड़े पैमाने पर इस बात का प्रचार रेडियो एवं अन्य टीवी चैनलों के माध्यमों से किया जा रहा है कि तैलीय या जरूरत से ज्यादा मीठे खाद्य पदार्थों के उपभोग से दूर रहा जाए। मोटापे एवं अन्य असाध्य बीमारियों की गंभीर स्थिति से जुड़े चौंकाने वाले तथ्य चिन्ताजनक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चीनी और ट्रांस वसा को मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग के मुख्य कारणों में गिनते हैं। भारत में हर 5 में से 1 व्यक्ति मोटापे का शिकार है, और इसके पीछे मुख्य कारण अत्यधिक तला-भुना भोजन है। दुनिया में मोटापे के मामले में भारत दूसरे नम्बर पर है। डब्लूएचओ के अनुसार, भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 2045 तक 13.4 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो दुनिया में सबसे अधिक होगी। बच्चों में बढ़ती मोटापे की दर का एक बड़ा कारण स्कूलों के आसपास मिलने वाले समोसा, कचोरी, बर्गर जैसी चीजें हैं। समोसा और कचोरी जैसी चीजों को बार-बार एक ही तेल में तला जाता है, जिससे उसमें ट्रांस फैट और कैंसरकारी तत्व (ऐक्रिलामाइड) पनपने लगते हैं। ये हृदय की धमनियों को सख्त कर देते हैं और कोलेस्ट्रॉल बढ़ाते हैं। जलेबी को चीनी के गाढ़े सिरप-चासनी में डुबोया जाता है, जिससे शरीर में तुरंत ग्लूकोज की मात्रा बढ़ती है। यह स्थिति इंसुलिन रेजिस्टेंस, टाइप-2 डायबिटीज और फैटी लिवर जैसी बीमारियों को न्योता देती है। समोसा और कचोरी में मैदा का अत्यधिक उपयोग होता है, जो पाचन को धीमा करता है। इससे गैस, कब्ज, अम्लपित्त और मोटापा जैसे विकार उत्पन्न होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर देशवासियों को न केवल सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रेरित किया है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का भी आह्वान किया है। हाल ही में उन्होंने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए देशवासियों से खाद्य पदार्थों में तेल की मात्रा कम करने और मोटापे जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचने की अपील की है। मोदी ने इस बढ़ती स्वास्थ्य समस्या पर चिंतन करते हुए कहा हमें अपने खान-पान में बदलाव करना होगा। कम तेल, कम नमक और कम चीनी-यही स्वास्थ्य की कुंजी है।' मोदी का आह्वान -तेल कम करें, जीवन स्वस्थ बनाएं है। क्योंकि अति तेल में तंदुरुस्ती नहीं, बीमारी का प्रवेश द्वार है। ध्यान रहे, देश में मोटापा बढ़ रहा है और इसके खिलाफ जागरूकता भी बढ़ रही है। यह भी कहा गया है कि लोग अपने भोजन में तेल को कम करके विकसित भारत बनाने में सहायक हो सकते हैं। इसी कड़ी में समोसे, जलेबी और स्वास्थ्य के लिए घातक व्यंजनों को अगर आधिकारिक रूप से निशाने पर लिया गया है, तो अचरज की बात नहीं, बल्कि वक्त की बड़ी जरूरत है। भारत में रसोई का अभिन्न हिस्सा है तेल। परंतु आज जिस प्रकार से हर व्यंजन में अत्यधिक तेल का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, इससे मोटापा भारत की बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन गयी है, उसने अन्य अनेक बीमारियों को प्रोत्साहन देते हुए स्वास्थ्य संकट को जन्म दे दिया है। तले-भुने खाद्य पदार्थ जैसे समोसा, कचोरी, पकौड़ी,



पूड़ी, जलेबी, फास्ट फूड, आदि मोटापा, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियों का कारण बनते जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य संस्थानों को कैफ़ेटेरिया और सार्वजनिक स्थानों पर साफ तौर पर 'तेल और चीनी के चेतावनी बोर्ड' लगाने का निर्देश दिया गया है। ये सूचनात्मक पोस्टर खासे लोकप्रिय खाद्य पदार्थों में वसा और चीनी की मात्रा को उजागर करेंगे। तले हुए और चीनी से भरपूर खाद्य पदार्थों को हतोत्साहित करने का समय आ गया है। इसकी शुरुआत अस्पतालों में चल रहे लापरवाह रेस्तरां से होनी चाहिए। तमाम रेस्तरां और मिष्ठान भंडारों पर इस चेतावनी को लटकाना आवश्यक है। ऐसा नहीं है कि लोग समोसा या जलेबी खाना छोड़ देंगे, पर उनमें सजगता आएगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बिमल छाजेड़ पिछले तीन दशकों से 'जीरो ऑयल' की खानपान पद्धति के माध्यम से हृदय रोगियों का प्रभावी इलाज कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली के सूत्र प्रस्तुत करते हुए जनता से आह्वान किया है कि तेल का सीमित उपयोग करते हुए पकवानों को तलने के बजाय भूनें, उबालें या भाप में पकाएं। शारीरिक गतिविधि बढ़ाने के लिये रोज़ाना योग, प्राणायाम, टहलना या व्यायाम करें। घर में जंक फूड बंद करें, बच्चों को ताजे फल, सूखे मेवे, अंकुरित अनाज दें। रोगों से नहीं, आदतों से लड़ें। खानपान में नियंत्रण सबसे बड़ा उपचार है। अतः बचाव के उपाय जरूरी हैं। पिछले दिनों, हर व्यक्ति से अपने भोजन में तेल की खपत को दस प्रतिशत तक कम करने की अपील की गई है। कुछ लोग अवश्य सुधार की ओर बढ़े होंगे और अब जब समोसे, जलेबी जैसे खाद्य पदार्थों पर चेतावनी रहेगी, तो खानपान में सुधार की गति को और बल मिलेगा। मोदीजी के नेतृत्व में शुरू हुआ 'फिट इंडिया मूवमेंट' सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का संदेश है। यह देश को बीमारियों के बोझ से मुक्त करने की दिशा में उठाया गया क्रांतिकारी कदम है। इस आंदोलन में लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि स्वस्थ व्यक्ति ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करता है। फिट इंडिया अभियान में ज्यादा ईमानदारी की जरूरत है और साथ ही, शुद्ध भोजन के लिए जिम्मेदार सरकारी महकमों को ईमानदारी से ज्यादा सचेत एवं सावधान होना पड़ेगा। आज अनेक प्रकार के विदेशी व्यंजन भी बाजारों में उपलब्ध हैं, इनमें से ज्यादातर व्यंजनों में मैदा, तेल, कृत्रिम रंग और रसायन का खतरनाक उपयोग हो रहा है। ऐसा कतई नहीं लगना चाहिए कि केवल भारतीय व्यंजनों को निशाना बनाया जा रहा है। दूसरी अहम बात, खाने और बनाने वालों, दोनों को जागना होगा। अनेक हलवाइयों की दुकानों पर एक ही तेल का बार-बार प्रयोग, खराब या गलत सामग्रियों का इस्तेमाल तत्काल रुकना चाहिए। आज ज़रूरत है कि हम सिर्फ स्वाद के गुलाम न बनें, बल्कि अपने शरीर की सुनें। एक जिम्मेदार समाज वही है जो अगली पीढ़ी को स्वाद के नाम पर बीमारियां नहीं, स्वस्थ आदतें सौंपे। एक ऐसी पीढ़ी तैयार हो रही है, जो स्वाद के पीछे स्वास्थ्य को त्याग रही है। यह चेतावनी नहीं, चेतना का संदेश है कि यदि अब भी नहीं सुधरे, तो आने वाली पीढ़ियाँ बीमारियों से जूझती रहेंगी। तो आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि तेल कम करेंगे, चलना बढ़ाएंगे, जीवन को लंबा और स्वस्थ बनाएंगे! विशेषतः व्यापारियों, रेस्टोरेंट मालिकों एवं हलवाइयों के लिये सरकार को कड़े प्रावधान बनाने होंगे। पैसा कमाने के चक्कर में देश के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को खुला नहीं छोड़ना चाहिए। जब दूध और पनीर की गारंटी न हो, तब हमें सोचना पड़ेगा कि केवल चेतावनी से सुधार नहीं आने वाला। गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले महकमों और अधिकारियों को युद्ध स्तर पर सक्रिय होना पड़ेगा, तभी हम फिट इंडिया के ख्वाब को साकार कर पाएंगे। **–ललित गर्ग**

# गांवों में बढ़ते जा रहे खाली पड़े घर

**विजय गर्ग**

कभी पहाड़ी राज्यों एवं सीमावर्ती गांवों में घरों के मुख्य द्वार पर ताले लटके दिखाई देते थे, लेकिन अब पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि के समृद्ध गांवों में भी सूनेपन का यह दायरा तेजी से बढ़ रहा है। मानव सभ्यता का इतिहास स्थानांतरण से जुड़ा है। गांव ही शहरों के रूप में विकसित हुए। मोहनजोदड़ो एवं हड़प्पा में ग्रामीण एवं नगरीय सभ्यता के साथ-साथ रहने के प्रमाण मिलते हैं। ऐसे कई प्रमाण वेदों एवं उपनिषदों में भी हैं। ग्रामीण आर्थिकी लंबे समय तक कृषि एवं उससे जुड़े कुटीर उद्योगों पर आधारित रही। यह सीमित आवश्यकताओं एवं वस्तु विनिमय आधारित बाजार के कारण आत्मनिर्भर भी रही। खेती के मशीनीकरण से पहले मानव श्रम पर आधारित होने के कारण संयुक्त परिवार तथा पशुपालन के लिए गांवों में बड़े आवास एक आवश्यकता थे। गांवों मे संयुक्त परिवार तथा सामाजिक संगठन उसी का परिणाम थे। समय के साथ औद्योगिक क्रांति ने ग्रामीण एवं नगरीय संबंधों को बदल दिया। इसके चलते गांवों की भूमिका और प्रकृति में भी परिवर्तन होते गए। समय की बदलती हुई आवश्यकताओं को देखते हुए संक्रमण की इस अवधि में समाज से लेकर नीति- नियंताओं ने परिवर्तन के साथ जुड़े अन्य प्रभावों को अनदेखा किया, जिसके कालांतर में दूरगामी परिणाम देखने को मिले। उद्योगीकरण से समृद्धि तो आई, लेकिन गांव नगरीय उपनिवेश में तब्दील होते गए। कृषि के मशीनीकरण और गांवों में बाजार के विस्तार के बाद व्यापारियों, दस्तकारों, गैर कृषि तथा कृषि श्रमिकों का नकारात्मक एवं सकारात्मक कारणों से शहरों की ओर प्रव्रजन हुआ। औद्योगिक क्रांति ने ग्रामीण एवं नगरीय संबंधों को बदल दिया, गांवों की प्रमुख भूमिका नगरों को सस्ता खाद्यान्न एवं मानव श्रम उपलब्ध कराने की हो गई, नगर औद्योगिक एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के विशिष्ट केंद्रों के रूप में विकसित हुए। उद्योगीकरण के विस्तार के लिए सरकारों ने कृषि उत्पादों एवं मानव श्रम को सस्ता रखने की नीतियां बनाईं जिससे उद्योगों के साथ-साथ नगरों का तेजी से विस्तार हुआ। विस्तार की यह प्रक्रिया समय के साथ और व्यापक होती गई। गांवों में प्राथमिक शिक्षा के विस्तार तथा शहरों में बढ़ते रोजगार के अवसरों के कारण किसान परिवारों का भी सरकारी एवं निजी सेवाओं में प्रतिनिधित्व बढ़ा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1960 में ग्रामीण क्षेत्रों में 81.60 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती थी, जो संभवतः इन्हीं कारणों से 2022 में घटकर 64.17 प्रतिशत रह गई। आज ग्रामीण क्षेत्रों में काम के अवसरों में कमी, खेती में घटती आय, गांवों के प्रति सरकारी उदासीनता तथा शहरों में नियोजित विकास, सार्वजनिक सुविधाएं, सेवा क्षेत्रों का विस्तार तथा रोजगार के अवसरों के कारण बड़ी-बड़ी संख्या में ग्रामीण युवक, युवतियां गांव छोड़कर शहरों में बस रहे हैं। पंजाब के गांवों के आर्थिक एवं समाजशास्त्रीय अध्ययन से चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। यहां 14.34 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों से एक या अधिक सदस्य विदेश में हैं। पुरुषों के बाहर जाने से गांवों में महिलाओं एवं अकेले बुजुर्गों की संख्या बढ़ी है, बड़े-बड़े घरों में ताले लटक रहे हैं। उप्र आर्थिक सर्वे की रिपोर्ट बताती है कि उद्योग एवं सेवा क्षेत्र वाले जिले गौतमबुद्ध नगर की प्रति व्यक्ति आय कृषि आधारित प्रतापगढ़ से 22 गुना अधिक है। बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से बड़ी संख्या में खेतिहर मजदूर पंजाब के गांवों में बस रहे हैं, जिससे वहां का धार्मिक-सामाजिक ढांचा बदल रहा है। बिहार, उत्तर प्रदेश आदि से मजदूर केरल जैसे दक्षिण के राज्यों में भी जा रहे हैं। कठिन भौगोलिक स्थितियों एवं आर्थिक परिस्थितियों के कारण हिमाचल एवं उत्तराखंड के युवाओं का भी तेजी से महानगरों की और विस्थापन हो रहा है। यहां बुजुर्ग अकेलेपन के विषाद के साथ जीवन बिता रहे हैं, जिसकी वास्तविकता हमें 'पायर' फिल्म के पदम सिंह एवं उसकी पत्नी तुलसी के चरित्र में दिखती है, जो पहाड़ों में अपने बेटे की प्रतीक्षा में जीवन बिता रहे हैं। कोरोना बाद घरेलू पर्यटन में वृद्धि हुई है। इसका लाभ लेने के लिए पहाड़ों राज्यों में मैदानी क्षेत्रों के व्यवसायी होटल एवं रिजार्ट में निवेश कर रहे हैं, जिसके कारण पहाड़ी पर्यटन स्थलों से स्थानीय निवासी बाहर हो रहे हैं। इसके चलते वहां पर असंतोष पनप रहा है। हालांकि इसे दूर करने के लिए संबंधित सरकारों ने राज्य से बाहर के निवासियों के लिए जमीन खरीदने पर प्रतिबंध लगाए हैं, लेकिन यह ट्रेंड बढ़ता जा रहा है। अधिकांश मैदानी राज्यों के गांवों का भी यही हाल है। यहां भी सरकारी सेवा एवं व्यवसाय के लिए शहर में बस गए परिवारों के घरों पर ताले लटके हैं। पुरखों के सम्मान से जुड़े होने के कारण वे उन्हें बेच भी नहीं पा रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# व्हीटग्रास जूस पीने से सेहत को मिलते हैं गजब के फायदे

हम गेंहू के आटे की रोटियाँ तो खाते हैं लेकिन गेंहू के ज्वारे के जूस यानी व्हीटग्रास जूस के फायदों के बारे में ज्यादातर लोगों को जानकारी नहीं होती है। डॉक्टर्स के अनुसार गेहूं के ज्वारे शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इसमें मैग्नीशियम, क्लोरोफिल, कैल्शियम, आयोडीन, सेलेनियम, जिंक, आयरन, फाइवर, विटमिन के, विटमिन बी, सी और ई जैसे कई पोषक तत्व होते हैं। जो के स्वास्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। व्हीटग्रास जूस के सेवन से शरीर को कई तरह से लाभ होता है। वजन कम करने के लिए व्हीटग्रास जूस का सेवन फायदेमंद माना जाता है। इसमें कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है। इसके साथ ही इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है। व्हीटग्रास जूस का सेवन करने से वेट लॉस में मदद मिलती है। व्हीटग्रास जूस का सेवन करने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। इसमें कई तरह के एंजाइम्स और फाइबर मौजूद होते हैं जो पाचन को



बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसके साथ ही यह भोजन को पचाने में सहायक है। व्हीटग्रास जूस का सेवन करने से आर्थराइटिस की समस्या में आराम मिलता है। इसमें कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने में मदद करते हैं। एनीमिया के रोगियों को भी व्हीटग्रास जूस का सेवन अवश्य करना चाहिए। इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर में खून की कमी को पूरा करने में मदद करते हैं। व्हीटग्रास जूस हमारे दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इस जूस का सेवन करने से बैड कोलेस्ट्रॉल स्तर को कम करने में मदद मिलती है।

## धर्म मंत्र

# विष्णु के 108 पवित्र मंदिरों में से एक है पद्मनाभस्वामी मंदिर

हमारी संस्कृति में मंदिरों का क्या महत्व है ये तो हम सभी जानते हैं। हर मंदिर का अपना महत्व होता है और कुछ ऐसा ही केरल राज्य के तिरुअनन्तपुरम में स्थित भगवान विष्णु के प्रसिद्ध पद्मनाभस्वामी मंदिर के साथ भी है। कहा जाता है कि जहां मंदिर बना है वहां भगवान विष्णु की प्रतिमा प्राप्त हुई थी जिसके चलते यहां मंदिर का निर्माण किया गया। इस मंदिर को सबसे अमीर मंदिरों में से एक माना जाता है। यहां लोग दूर-दूर से विष्णु जी के दर्शन करने आते हैं। तो चलिए जानते हैं कि आखिर इस मंदिर की मान्यता क्या है और किसने कराया था मंदिर का निर्माण। क्यों प्रसिद्ध है पद्मनाभस्वामी मंदिरः यहां भगवान विष्णु के भक्त हाजरी लगाने आते हैं। मान्यता है कि इस स्थान पर विष्णु भगवान की प्रतिमा प्राप्त हुई थी जिसके बाद उसी स्थान पर इस मंदिर का निर्माण किया गया है। इस मंदिर के गर्भ कक्ष में भगवान विष्णु की विशाल मूर्ति स्थापित है। इसी प्रतिमा को देखने के लिए लोग दूर-दराज से आते हैं। यहां पर भगवान विष्णु शेषनाग की शयन मुद्रा में स्थित हैं। ऐसा माना जाता है कि विष्णु भगवान के अंनत नामक नाग के नाम पर इस मंदिर का नाम रखा गया है। यहां पर एक सोने का स्तंभ भी बना हुआ है। यह बेहद खूबसूरत है। यह मंदिर भगवान विष्णु के 108 पवित्र मंदिरों में से एक है। यहां पर भगवान विष्णु भुजंग सर्प अनंत पर लेटे हुए हैं। ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर में पुरुष सिले हुए वस्त्र पहनकर प्रवेश नहीं कर सकते हैं। क्योंकि वस्त्र सिलने के बाद अशुद्ध हो जाते हैं।

## पर्यटन




# बिहार की राजगीर गुफा में छिपा है हर्यंक वंश का खजाना

भारत विविधताओं वाला देश है। उत्तर में हिमालय है तो दक्षिण में कन्याकुमारी है। पश्चिम में कच्छ है तो पूर्व में बंगाल की खाड़ी है। इसके साथ ही कई ऐसे रहस्यमयी स्थान है जो विज्ञान के लिए आज भी पहेली बनी हुई है। इन पहेलियों में एक पहेली सोन भंडार है जो कि बिहार राज्य के राजगीर में स्थित है। ऐसा कहा जाता है कि इस जगह पर सोने का खजाना है, जिसे हर्यक वंश के संस्थापक बिम्बिसार की पत्नी ने छिपा रखा है। आज तक कोई इस खजाना तक नहीं पहुंच पाया है। अंग्रेजों ने एक बार कोशिश भी की थी, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो पाए थे। यह स्थान बिहार राज्य के राजगीर में स्थित है। इतिहास की माने तो हर्यक वंश के संस्थापक बिम्बिसार को सोने चांदी से बेहद लगाव था। इसके लिए वह सोना और उसके आभूषणों को इकठ्ठा करते रहते थे। उनकी कई रानियां थी, जिनमें एक रानी बिम्बिसार की पसंद का पूरा ख्याल रखती थी। जब अजातशत्रु ने अपने पिता को बंदी बना लिया और कारागार में डाल दिया। तब बिम्बिसार की पत्नी ने राजगीर में यह सोन भंडार बनवाया था। इस गुफा में राजा द्वारा इकठ्ठा किए गए सभी खजानों को छिपा दिया गया था। आज तक यह गुफा विज्ञान के लिए पहेली है। इस गुफा में दो बड़े कमरे एक समान बनाए गए थे। एक गुफा में सैनिक रहते थे। जबकि दूसरे कमरे में खजानों को छिपाया गया था। इस कमरे को एक बड़े से चट्टान से ढका गया है, जिसे आज तक कोई खोलने में कामयाब नहीं हो पाया है। इस दरवाजे पर शंख लिपि में कुछ लिखा है। इस बारे में कहा जाता है कि अगर कोई इस लिपि को पढ़ने में सफल हो जाता है तो वह सोन भंडार को खोल सकता है। आजादी से पूर्व अंग्रेजों ने एक बार तोप से इस दरवाजे को उड़ाने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें इसमें सफलता नहीं मिली। इसके बाद से किसी ने दरवाजे को खोलने की कोशिश नहीं की है।

# कमिश्नर और आईजी ने किया श्रावण माह मेले की तैयारियों का निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी जिले के पौराणिक धार्मिक स्थल श्री लोधेश्वर महादेव धाम में श्रावण माह मेले को लेकर मंगलवार शाम आयुक्त अयोध्या मण्डल श्री गौरव दयाल व आईजी श्री प्रवीण कुमार ने जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला क्षेत्र की समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैरिकेडिंग, अभरण सरोवर सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर पहुँचकर उन्होंने सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। मंडलायुक्त और आईजी ने डीएम और एसपी सहित विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर जनमानस के कल्याण की मंगल कामना की। आईजी श्री प्रवीण कुमार

### लोधेश्वर महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक व पूजन-अर्चन

ने पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक और एडीशनल एसपी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच भी की और सख्त बैरिकेडिंग की आवश्यकता पर बल दिया। मंडलायुक्त श्री गौरव दयाल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा श्रावण मेला के लिए बेहतरीन व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से मेला अच्छे ढंग से संचालित हो रहा है और आवश्यक सुधारों के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। मंडलायुक्त ने बताया कि लोधेश्वर महादेव मंदिर का प्रस्तावित कॉरिडोर भव्य और आकर्षक बनकर तैयार होगा। यह कॉरिडोर लोधेश्वर धाम तक सुगम और व्यवस्थित पहुँच सुनिश्चित करेगा। उन्होंने



बताया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है और इसके पूरा होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। कॉरिडोर के निर्माण से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। इस दौरान एडिशनल एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, सीओ गरिमा पंत, एसडीएम रामनगर विवेकशील यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव, तहसीलदार विपुल सिंह, थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे, महादेवा चौकी प्रभारी संतोष त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार सहित प्रशासनिक व पुलिस विभाग के कई अधिकारी और भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### बेलहरा की बैठक बनी पॉलिटिकल कॉमेडी शो!

# 'विकास के नाम पर 'विवाद का बजट'

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी । नगर पंचायत बेलहरा में मंगलवार को आयोजित बोर्ड बैठक, विकास के मुद्दों पर चर्चा का मंच कम और आरोपों के राग-दरबारी का अखाड़ा ज़्यादा बन गई। जैसे ही बैठक शुरू हुई, वैसे ही मानो कोई कॉमिक शो ऑन एयर हो गया–ज्यादातर सभासदों ने एक सुर में नारेबाज़ी छेड़ दी, और बोर्ड बैठक को ''भ्रष्टाचार का वार्षिक महोत्सव'' बताते हुए बहिष्कार कर दिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं चेयरमैन शबाना खातून और अधिशासी अधिकारी साहब ने प्रयास किया कि कुछ 'विकास' पर बात हो, लेकिन सभासदों का कहना था–ल्लविकास? वो तो चेयरमैन के सपनों में ही होता है, ज़मीन पर तो जलभराव ही जलभराव है!'' सभासदों के अनुसार, बेलहरा में जल निकासी की व्यवस्था ऐसी है कि बारिश हो या न हो, मोहल्लों में बोटिंग की सुविधा साल भर चालू है। कुछ मोहल्ले तो इतने जलमग्न हैं कि वहां के वोटर अब 'नाविक' के दर्जे

**नगर पंचायत बेलहरा की बोर्ड बैठक बनी बेल बजाओ अभियान' का मंच!**

की मांग कर रहे हैं। ईओ और अध्यक्ष पर लगे आरोप कुछ यूं हैं जैसे सरकारी कामों की –बाहर से सुनहरी, अंदर से कच्ची। सभासद नसीर खान, सुभाष जायसवाल, लक्ष्मी देवी समेत अधिकतर सदस्य तगड़ी टीम भावना दिखाते हुए सीधे फतेहपुर तहसील पहुंच गए और एसडीएम को ज्ञापन सौंप दिया। ज्ञापन क्या था, एक तरह से ''गड़बड़ियों की ग़ज़ल'' थी, जिसमें हर मिसरा तानाशाही, मनमानी और धांधली पर आधारित था। सभासदों का आरोप है कि चेयरमैन और ईओ की जोड़ी नगर पंचायत को अपने निजी प्रयोगशाला की तरह चला रही है–ल्लयहां टेंडर भी हवा में उड़ते हैं और पैसा भी! उधर, चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी का कहना है कि ये सारे आरोप निराधार हैं–शुद्ध राजनीति प्रेरित! (मतलब सच कहो तो राजनीति का नया सीजन चल रहा है और सबको अपनी-अपनी स्क्रिप्ट मिली हुई है!) बेलहरा नगर पंचायत की बोर्ड बैठक फिर एक बार साबित कर गई कि विकास से ज़्यादा, विवाद ज़रूरी है। सभासद विकास योजनाओं को बहस में बहा लाए, और जनता–वो तो आज भी सोच रही है, ल्लहमें क्या मिला?ङ्क अब देखना ये है कि ये ज्ञापन शासन के दरबार में क्या असर दिखाता है या फिर वो भी किसी सरकारी फाइल की तरह धूल खाता रहेगा!

### सर्पदंश से महिला की मौत

**फतेहपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के दिकोलिया मजरे देवखरिया गांव में एक 35 वर्षीय महिला की सर्पदंश से मौत हुई। प्राप्त विवरण के अनुसार सोमेश कुमार जो मजदूरी करके जीवन यापन करता है। सोमेश की 35 वर्षीय पत्नी सीता रात सोई हुई थी। इस दौरान करीब दो बजे सीता के हाथ की ऊँगली में जहरीले सर्प ने डस लिया। थोड़ी सीता दर्द से जोर-जोर चिल्लाने लगी। लेकिन वह कुछ बात नहीं पाई। परिजन सामान्य दर्द समझे और नजर अंदाज कर गए।वहीं सुबह प्रहर हालत बिगड़ने लगी और परिजन इलाज के लिए सीएचसी पहुंचे जहाँ पर इलाज के दौरान उपस्थित डॉक्टर ने सीता को मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतका का रिश्ते में जेठ राकेश कुमार ने बताया की सीता तीन बच्चो की माँ थी जिसमे 13 व 11 वर्षीय दो पुत्र व 9 वर्षीय पुत्री है। सीता ने शाम को घर में सर्प होने की बात बताई थी।उसी सर्प ने डसा होगा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सीएचसी के डॉक्टर ने कहा यदि सांप काटने के तुरंत बाद महिला को सीएचसी लाया गया होता तो जान बच सकती थी।

### सर्पदंश से कृषक की मौत

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चौकी अहमदपुर अंतर्गत गांव पूरे देवदत्त मजरे देवकली में शंकर 45 वर्ष पुत्र सुखलाल खेत में घास काटने गया था। वहीं सांप ने काट लिया।जिससे उसकी मौत हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

### एसडीएम ने संयुक्त चिकित्सालय का किया गहन निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर का एसडीएम प्रीति सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी में डॉ. धीरेन्द्र पटेल, फार्मासिस्ट, नर्स और वार्ड बॉय मौजूद मिले। मंगलवार की रात्रि करीब 8 एसडीएम ने औचक निरीक्षण किया उन्होंने इमरजेंसी में भर्ती मरीजों का रजिस्टर चेक किया। साथ ही इंजेक्शनों की एक्सपायरी डेट की भी जांच की। निरीक्षण में वार्डों में साफ-सफाई की कमी पाई गई। स्ट्रेचर और व्हीलचेयर निर्धारित स्थान पर नहीं थे। एसडीएम ने अस्पताल प्रशासन को साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्हीलचेयर और स्ट्रेचर को सही जगह पर रखने को कहा। एसडीएम ने बताया कि यह रूटीन चेकिंग का हिस्सा है। इमरजेंसी में सभी स्टाफ उपस्थित थे और अभिलेख दुरुस्त पाए गए।

### सर्पदंश से किसान की दर्दनाक मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**सिद्धौर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जैदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोहरपुर माजरे देवकली गांव में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। खेत में मवेशियों के लिए हरा चारा लेने गए एक किसान की सर्पदंश से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक रमाशंकर (पुत्र सुखलाल) की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी मातम का माहौल व्याप्त है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, रमाशंकर सुबह के समय खेत में चारा काटने गया था। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे एक विषैले सांप ने उसे डस लिया। सर्पदंश के बाद रमाशंकर किसी तरह खेत से बाहर निकलने की कोशिश करता रहा, लेकिन कुछ ही दूरी पर जाकर वह बेसुध होकर गिर पड़ा। गांव के कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ी, तो तत्काल उसके परिजनों को सूचना दी गई। लेकिन जब तक परिवार वाले मौके पर पहुंचे, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना देने पर जैदपुर थाना प्रभारी संतोष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।बताया गया कि रमाशंकर मूलतः कोठी थाना क्षेत्र के बुधनई गांव का निवासी था, लेकिन इन दिनों वह अपनी ससुराल लोहरपुरा गांव में ही रह रहा था। पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए वह खेती-किसानी में जुटा हुआ था। रमाशंकर की दो बेटियां हैं, जिनकी आंखें अब हमेशा के लिए पिता के साए से वंचित हो गईं।घटना की खबर पूरे गांव में फैलते ही लोगों की भीड़ मृतक के घर पर जुटने लगी। परिजनों का विलाप देख हर आंख नम हो उठी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि रमाशंकर के परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए, जिससे उसकी पत्नी और बेटियों का जीवन यापन संभव हो सके। थाना प्रभारी संतोष सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी व पेंशनर्स एसोसिएशन का विरोध प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। बांटो और राज करो की नीति, नही चलेगी, नही चलेगी, कर्मचारी पेंशनर्स एकता, लड़ेंगे और अधिकार लेंगे जैसे नारों के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारी व पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ नागरिकों ने गन्ना संस्थान में जोरदार धरना प्रदर्शन कर पेंशनर्स हितों की मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतिनिधि सदर के नायब तहसीलदार को सौंपा। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बाबूलाल वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने धरना दिया। एसोसिएशन ने सरकार से मांग किया कि वित्त विधेयक 2025 के माध्यम से पेंशनरी नियमो में किये गए बदलावों को तुरंत निरस्त करने, आठवें वेतन आयोग का गठन करने, पेन्शन पुनरीक्षण सहित प्राथमिक विद्यालयों के मर्ज न करने, पेंशन राशि करण कटौती 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष करने, पेंशनर्स



का 18 माह का डीए, एरियर भुगतान करने व पुरानी पेंशन को बहाल करने जैसी सात सूत्रीय मांगों को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन किया। गन्ना संस्थान परिसर में ज्ञापन देने के लिए भारी संख्या मे सेवा निवृत्त अधिकारियों /कर्मचारियों ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने कहा कि हम पेंशनर्स पांच लाख वोटरों के घर के मुखिया है। सरकार हम से न टकराएं, हम अब रुकने वाले नही है,हर स्तर पर हम लड़ेंगे। समर्थन में माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एसपी सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, सहित कई कर्मचारी संगठनों ने भी धरना स्थल पर बैठकर समर्थन दिया, जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में नायब तहसीलदार सदर ने धरना स्थल पर आकर ज्ञापन लिया। इस मौके पर एसोसिएशन के महामंत्री अशोक सोनी, डॉ ओम प्रकाश वर्मा, उपाध्यक्ष सर्वजीत यादव, सदस्य कार्यकारिणी सुरेंद्र कुमार वर्मा, मुन्नी सिंह, महिला प्रकोष्ठ माती से जगत नारायण, हैदरगढ़ से रामयज्ञ सरोज, मोहम्मद रजा खान आदि लोगों ने सम्बोधित किया। डॉ शशि कुमार अवस्थी, विनोद कुमार सहित लगभग 350 लोग धरना प्रदर्शन में शामिल रहे।

### नारायण अदालत का बड़ा कड़ा फैसला

# दलित महिला से दुराचार आरोपी को आजीवन कारावास, 51 हजार अर्थ दण्ड

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी।अनुसूचित जाति जनजाति सम्बन्धी मामलों की विशेष न्यायाधीश वीना नारायण ने एक महिला को शादी का झांसा देकर दुराचार करने,फिर शादी से इंकार कर जान से मरवा देने की धमकी देने संबंधी मुकदमें का फैसला सुनाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास तथा 51हजार अर्थ दण्ड की सजा सुनाई।

विशेष लोक अभियोजक कृपा शंकर तिवारी ने अभियोजन कथानक का ब्योरा देते हुए बताया कि थाना सतरिख के गांव संदौली उमर पुर निवासी वादिनी ने थाना सतरिख में 17 जनवरी उन्नीस को तहरीर देकर कहा था कि वह पासी जाति की है। वादिनी करीब साल भर पूर्व 6बजे शाम गांव के बाहर शौच को गई थी।वहां पर गांव के प्रेम यादव के रिश्तेदार विनोद यादव निवासी देवकालिया थाना मसौली नशे की हालत में आ गैरऔर मुझे डरा धमका कर गलत काम किया और फिर कहा कि तुम परेशान न होना,तुम्हारे साथ शादी कर लूंगा। उस दिन के बाद शादी के आश्वासन के साथ शारीरिक संबंध बनाये।विनोद/आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर6306653412 दिया और कहा कि इस नम्बर से बात होती रहेगी। पीड़िता प्रीति अपने नम्बर 7080112850 से विनोद से बात करती रही। दस जनवरी उन्नीस को विनोद यादव ने पीड़िता को गांव बाहर तालाब पर फोन से बुलाया,सम्बंध बनाए ,जाते समय एलानिया कहा कि तुमसे शादी नही कर सकता मैं यादव हूं तुम पासी जाति की हो। चार दिन बाद विनोद पुनः वादी पीड़िता के गांव आकर उससे मिले और जान से मरवा देने की धमकी दी थी। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी कर विभिन्न धाराओं में आरोपी विनोद यादव को दोषी करार देकर आजीवन कारावास वा 51हजार रूपये अर्थ दण्ड की सजा से दण्डित किया।

### एचपीसी का स्थापना दिवस रक्तदान कर लोग बने महादानी

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 51वे स्थापना दिवस अवसर पर मंगलवार को सुबह स्थानीय कस्बा टिकैतगंज में संचालित एच.पी गैस ग्रामीण वितरक द्रवारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने रक्तदान कर महादानी बने।इस अवसर पर एजेंसी के संचालक एवं प्रबंधक इंद्रेश मौर्य ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।



शिविर में सम्मिलित जनों का आभार जताया। एजेंसी कर्मियों का सेवा सत्कार किया गया।

### शिव सैनिक करेंगे बाबा विश्वनाथ नाथ का जलाभिषेक

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के शिवसैनिक आगामी शुक्रवार 18 जुलाई को वाराणसी काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजन एवं जलाभिषेक के लिए 17 जुलाई को सायं पांच बजे बाराबंकी रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेंगे ।पार्टी के प्रदेश महासचिव/पूर्वांचल प्रभारी मनोज विद्रोही ने बताया कि आगामी 18 जुलाई को हजारों की संख्या में पूर्व वर्षों की भांति शिवसैनिक वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक करेंगे जिसका नेतृत्व प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह करेंगे। जिसमें प्रदेश व पूर्वांचल के जनपदों के शिवसेना यूबीटी के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।



# भाकियू का शिविर, रक्तदाता किसानों में दिखा उत्साह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा सामाजिक कार्यों की श्रृंखला में मंगलवार को जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा की अगुवाई व प्रभारी रक्तकोष डॉ. गौरव सिंह व चिकित्साधिकारी मनीष यादव की देखरेख में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल रक्तदान जैसे जीवनदायी कार्य को प्रोत्साहित करना था, बल्कि समाज में किसानों की सेवा भावना को भी उजागर करना था।मंगलवार को आयोजित

शिविर में कुल 25 किसानों ने रक्तदान हेतु पंजीकरण कराया, जिनमें से 18 किसानों ने सफलतापूर्वक रक्तदान कर 'महादानी' की उपाधि प्राप्त की जिनमे पन्नालाल,उपरांत पटेल,राजकुमार,देवेन्द्र सिंह,सीमा कुमारी,संदीप कुमार, विशु धीमान, आशीष, हेतराम, सियाराम, विपिन



कुमार, शहाबुद्दीन, अजय कुमार,आशुतोष वर्मा,सरोज कुमार बृजेश कुमार,आदि शामिल रहे।

भाकियू पदाधिकारियों ने बताया कि यह शिविर संगठन के सामाजिक सरोकारों के तहत आयोजित किया गया था और भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्य लगातार किए जाते रहेंगे। किसानों में रक्तदान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने इसे सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

इस अवसर पर भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल,मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा रिन्कू,राम सेवक रावत,ओम प्रकाश वर्मा, रामानंद वर्मा,प्रमोद कुमार,संजय रस्तोगी,हाजी इम्तियाज,राम मदन,राजेश वर्मा,सहित चिकित्सक गण भी उपस्थित रहे।

### जरूरतमंद किसानों को केसीसी ऋण का समय पर लाभ दें बैंक-कृषि मंत्री

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को विधानभवन में बैंकों तथा कृषि बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की अद्यतन स्थिति के संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने लीड बैंक तथा अन्य सभी संबंधित बैंकों द्वारा केसीसी पर अपनाई गई कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बैंकों को 31 जुलाई तक युद्ध स्तर पर कार्य कर जरूरतमंद किसानों को केसीसी का लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान श्री शाही ने सभी बैंक प्रतिनिधियों से उनके बैंकों द्वारा अब तक किये गये केसीसी ऋण की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। बैंक प्रतिनिधियों की ओर से संतोषजनक प्रत्युत्तर न मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कृषि मंत्री ने 31 जुलाई, 2025 तक केसीसी ऋण उपलब्ध कराने के लिए विशेष महाभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसके लिए मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने की भी आवश्यकता है, जिससे जरूरतमंद किसानों तक सम्पूर्ण जानकारी पहुंच सके। बीमा कम्पनियों द्वारा प्रत्येक तहसील स्तर पर कार्यालय न खोले जाने तथा किसानों के प्रति उनके उदासीन रवैये पर भी मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि बीमा कम्पनियां प्रत्येक तहसील स्तर पर कार्यालय खोलकर किसानों को आवश्यक सहायता उपलब्ध करायें। इस अवसर पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र, सचिव कृषि इन्द्रविक्रम सिंह तथा टीके शिबू, कृषि निदेशक डॉ. पंकज कुमार त्रिपाठी, निदेशक सांख्यिकी सुमिता सिंह, कृषि विभाग के अधिकारी तथा बैंक और बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल थे।

### सात साल की बच्ची की हत्या, पत्नी ने पति पर लगाया आरोप

लखनऊ। कैसरबाग थाना इलाके में सोमवार देर रात सात साल की बच्ची की संदिग्ध हालात में हत्या कर दी गई। इसका आरोप पत्नी ने पति पर लगाया है। जबकि पति का कहना है कि उसे फंसाने के लिए साजिश के तहत पत्नी ने हत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि कैसरबाग स्थित खंदारी बाजार की रहने वाली रोशनी खान ने पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी। उसने बताया कि उसके पति शाहरूख खान ने सात साल की बेटी की हत्या कर दी है। सूचना पाकर कैसरबाग थाना प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा, पुलिस फोर्स और फारेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। महिला ने आरोप के आधार पर पुलिस ने पति शाहरूख को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि उसकी शादी को आठ साल बीत चुके हैं। उनकी एक सात साल की बेटी थी। उसने कहा की पत्नी रोशनी उसे छोड़कर प्रेमी उदित जायसवाल के साथ रह रही थी। सोमवार रात को वह अपनी बेटी से मिलने के लिए आया था। इसी दौरान पत्नी रोशनी से उसकी बहस हो गई। उसे फंसाने के लिए ही पत्नी ने ही साजिश के तहत बेटी की हत्या कर दी और इल्जाम उस पर लगा दिया। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी ने बताया कि बच्ची के शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच की जा रही है। दंपति समेत अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# उत्पीड़न का शिकार दलित का हाल चाल लेने पहुंची आयोग सदस्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महादेवा बराबंकी। महादेवा मंदिर में दलित युवक पर जानलेवा हमला प्रकरण तूल पकड़ रहा है। भारत सरकार अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य श्रीमतीअंजू बाला आज पीड़ित युवक का हाल-चाल लेने उसके आवास महादेवा गांव पहुंची। और घटनाक्रम की निन्दा की।

मालूम हो कि गत सप्ताह महादेव निवासी युवक शैलेंद्र का वहां के कथित पुजारी पुत्रों से विवाद हो गया था । जिसमें उसके साथ मारपीट हुई दबंगों ने उसे मरणासन्न कर दिया जो कि घटना सीसीटीवी में कैद हो गई दबंगों को लगा की घटना कैमरे में कैद हो गई है ये समझकर हमलावर उसे परिक्रमा मार्ग मे घसीट कर ले गए जहां की सीसीटीवी नहीं लगे हैं।

जानकारी में आया है कि पर्यावरण प्रेमी एवं भाजपा समर्पित मोनू भास्कर भाजपा मंडल अध्यक्ष के साथ संगठन के निर्देश



पर गुरु पूर्णिमा अवसर पर महादेव मंदिर के विद्वान पुजारी वीरेंद्र अवस्थी को सम्मानित करने गए थे। यह चर्चा अखबारों मेंभी आ गई। मंदिर के तथाकथित पुजारी परिवार को यह बात अच्छी नहीं लगी। यही रंजीत उक्त घटना का बड़ा कारण बन गई। रामनगर पुलिस ने पहले तो रिपोर्ट दर्ज करने से करती रही अब गिरफ्तारी से कन्नी काट रही है। एक पूर्व माननीय जिनका विवादों से गहरा रिश्ता है। भाजपा कार्यकर्ता की लोकप्रियता से उनका पुराना बैर है। इस मामले में वह मैनेजर बनकर सामने आए हैं। महादेवा गांव आयी श्रीमती बाला के समक्ष आज एकत्रित जन समूह द्वारा जी भर कर गुब्बार निकाला गया। यहां उपस्थित एक महिला ने तो आरोपी परिवार को दलित उत्पीड़न का आदी तक का डाला।

# 8 स्कूली वाहन सीज, 12 वाहन के चालान

### फिटनेस, परमिट, बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र की गहनता से की जांच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। परिवहन विभाग द्वारा 1 से 15 जुलाई तक स्कूली वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान के अंतिम दिन प्रवर्तन टीम ने अनफिट और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर चालान और सीज करने की कार्यवाही की। जिसमें स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र की जांच की गई। आज मंगलवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला एंव यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने जांच के दौरान 8 वाहनो को सीज एंव 12 वाहनो के अन्य अभियोगो मे चालान किये। एआरटीओ ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं



किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने स्कूली वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होने जनपद के समस्त विद्यालय संचालकों, प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को सख्त चेतावनी देते हुये कहा कि वाहनों की पंजीकरण में निर्धारित सीटिंग क्षमता से अधिक छात्र-छात्राओं को नहीं बैठाये। अन्यथा चेकिंग के दौरान कोई भी वाहन मानक विहीन, अनफिट, या सीटिंग क्षमता से अधिक छात्र-छात्राओं को ले जाते मिलने पर वाहन के साथ वाहन स्वामी और विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## लॉर्ड्स टेस्ट में मिली हार के बाद बोले कप्तान गिल

# ‘निचले क्रम का जुझारूपन और साहस काबिले तारीफ’

एजेंसी



लंदन। भारत के कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट में टीम की कड़ी लड़ाई और खासतौर पर निचले क्रम के खिलाड़ियों के जुझारूपन की सराहना की। भारत इस रोमांचक मुकाबले में अंतिम सत्र तक मुकाबला करता रहा, लेकिन जीत से महज 22 रन दूर रह गया। पांचवें दिन के पहले सत्र में भारत की स्थिति बेहद खराब रही और टीम 82 रन पर सात विकेट खो बैठी थी। जीत के लिए अभी 111 रन की दरकार थी, लेकिन रवींद्र जडेजा ने नितीश रेड्डी, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ क्रमशः 30, 35 और 23 रनों की साझेदारी कर भारत को जीत के करीब ला दिया। गिल ने मैच के बाद कहा, जडेजा भारत के सबसे मूल्यवान खिलाड़ियों में से एक हैं। इस सीरीज में उन्होंने लगातार चौथी फिफ्टी लगाई है और जिस तरह से उन्होंने संयम और धैर्य दिखाया, वह शानदार था। उन्होंने 55 में से 30 ओवर बल्लेबाजी की और 99 में से 61 रन बनाए। यह दिखाता है कि वह कितने भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। निचले क्रम के साथ बल्लेबाजी करना हमने पहले दो मैचों में चर्चा की थी और आज जो साहस और जज्बा उन्होंने दिखाया, वो प्रशंसनीय है। गिल ने माना कि अंतिम दो दिन बल्लेबाजी में लय नहीं मिलने के कारण 192 रन का लक्ष्य मुश्किल बन गया। यशस्वी जायसवाल के शुरुआती विकेट के बाद राहुल और करुण नायर ने कुछ स्थिरता दी थी, लेकिन चौथे दिन स्टंप्स तक भारत 58/4 पर पहुंच चुका था, जिसमें गिल और नाइटहॉक आकाश दीप भी आउट हो गए थे। उन्होंने कहा, अगर शीर्ष क्रम में एक-दो 50 रन की साझेदारी हो जाती, तो बाद में बल्लेबाजी आसान हो जाती, यह पहली बार था जब हमने सीरीज में वैसा प्रदर्शन नहीं किया, जैसा करते आए हैं। लेकिन ऐसा होता है। हमें लगा कि 192 का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था, अगर हम शुरुआती 20-25 ओवर संभाल लेते। मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच हुई स्लेजिंग को लेकर गिल ने कहा, थोड़ी बहुत गर्मा क्रिकेट का हिस्सा होती है। दोनों टीमें अपना सबकुछ झोंक देती हैं। ऐसे में थोड़ा तनाव होना स्वाभाविक है, लेकिन इसमें कोई दुश्मनी नहीं है। अगली बार जब दोनों टीमें आमने-सामने होंगी, तो आपस में वही सम्मान रहेगा।

# लॉर्ड्स में गांगुली का शर्ट लहराने की यादों ने आर्चर को प्रेरित किया: स्टोक्स

एजेंसी



लंदन। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने खुलासा किया कि भारत की 2002 में इंग्लैंड पर ऐतिहासिक जीत के बाद सौरव गांगुली द्वारा लार्ड्स की बालकनी में शर्ट लहराने की घटना ने जोफ्रा आर्चर को तीसरे टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। गांगुली ने नेटवेस्ट ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल में भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए अपनी शर्ट उतार दी थी और यह आज तक अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे नाटकीय क्षणों में से एक है। आर्चर ने तीसरे टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को खतरनाक ऋषभ पंत को बोल्ड किया और इसके बाद वाशिंगटन सुंदर का अपनी ही गेंद पर शानदार कैच लिया। भारत इस मैच में 22 रन से हार गया था। स्टोक्स ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैंने आज सुबह उससे कहा, 'तुम्हें पता है कि आज क्या है। पता है ना। उसने मुझसे कहा, तुम्हें पता है कि उस दिन भारत में 300 से अधिक रन बनाकर जीत हासिल की थी और गांगुली ने शर्ट लहराई थी। उसे लग रहा था कि वह विश्व कप फाइनल था और इस घटना को आज छह साल हो गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में अपनी जीत उसी दिन दर्ज की जिस दिन उसने 2019 में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में स्कोर बराबर रहने के बाद बाउंड्री काउंट-बैक के आधार पर न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत हासिल की थी। हालांकि, जब स्टोक्स ने आर्चर को छह साल पहले के उस महत्वपूर्ण दिन के बारे में याद दिलाया, तो तेज गेंदबाज को 17 साल पहले हुए गांगुली वाले पल की याद आ गई। स्टोक्स ने कहा, ''मैं उस दिन की बात कर रहा था जब हमने विश्व कप जीता था लेकिन वह कह रहा था, 'ओह, वो वाला। वह वाकई कमाल का लड़का है। छोटे लक्ष्य के सामने ऋषभ पंत का विकेट वास्तव में महत्वपूर्ण था। मुझे पूरा विश्वास था कि जोफ्रा आज कुछ ऐसा करने वाला है जिससे मैच में अंतर पैदा हो जाए। चोट के बाद वापसी करने वाले स्टोक्स ने भारत पर दबाव बनाए रखने के लिए 9.2 ओवर और 10 ओवर का स्पैल पूरा किया। स्टोक्स ने कहा कि वह 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए फिट रहेंगे। उन्होंने कहा, ''मैं मैनचेस्टर में होने वाले टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह से फिट रहूंगा। उस मैच से पहले हमें विश्राम करने का पर्याप्त मौका मिलेगा। स्टोक्स से खेल के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हुई तीखी बहस और छींटाकशी के बारे में पूछा गया, लेकिन उन्होंने इस पर ज्यादा कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि इस तरह की बड़ी सीरीज में हमेशा ऐसा कोई न कोई पल ज़रूर आता है जब दोनों टीम के खिलाड़ी एक दूसरे से भिड़ेंगे। मुझे यह मंजूर है बशर्ते यह सीमा पार न जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### लुका मोड्रिक एसी मिलान से जुड़े, एक साल का किया करार

**नई दिल्ली।** क्रोएशिया के कप्तान और दिग्गज मिडफील्डर लुका मोड्रिक ने रियल मैड्रिड से 13 साल का लंबा सफर खत्म कर इटली के प्रसिद्ध क्लब एसी मिलान के साथ एक साल का करार किया है। इस अनुबंध को जून 2027 तक बढ़ाने का विकल्प भी शामिल है। सोमवार को सीरी ए क्लब एसी मिलान ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की। 39 वर्षीय मोड्रिक की मिलान में एंट्री की पुष्टि क्लब के नए कोच मास्सिमिलियानो एलेग्री ने इस महीने की शुरुआत में ही कर दी थी। मोड्रिक मिलान के लिए जर्सी नंबर 14 पहनेंगे। मोड्रिक को दुनिया के महानतम मिडफील्डरों में गिना जाता है। उन्होंने मई में घोषणा की थी कि क्लब वर्ल्ड कप के बाद वह रियल मैड्रिड को अलविदा कहेंगे। उन्होंने स्पेनिश क्लब के लिए 597 मैच खेले और 28 ट्रॉफियां जीतीं, जिनमें चार ला लीगा और छह चैंपियंस लीग खिताब शामिल हैं। रियल मैड्रिड के लिए उन्होंने अपना अंतिम मुकाबला बुधवार को खेला, जिसमें वह क्लब वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट के रूप में उतरे। इस मैच में रियल को 0-4 की हार झेलनी पड़ी। मैच के बाद रियल मैड्रिड के मैनेजर और पूर्व खिलाड़ी ज़ाबी अलोंसो ने कहा, ''यह एक कड़वा अंत है... वह विश्व फुटबॉल और रियल मैड्रिड के लिए एक लीजेंड हैं। उन्हें उनके शानदार योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा, न कि आज के 25 मिनट के खेल के लिए। क्रोएशिया के अब तक के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माने जाने वाले मोड्रिक ने अपने देश के लिए 188 मुकाबलों में 28 गोल किए हैं। उन्होंने 2018 फीफा विश्व कप में क्रोएशिया को पहली बार फाइनल तक पहुंचाया और गोल्डन बॉल जीती। उसी साल उन्होंने बैलन डी'ऑर भी जीता और 2007 के बाद पहले खिलाड़ी बने जिन्होंने लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बादशाहत को तोड़ा। मोड्रिक की एंट्री से एसी मिलान का मिडफील्ड और मजबूत हो गया है, जहां पहले से यूसुफ फोफाना, युनुस मुसाह और रुबेन लॉफ्टस-चीक जैसे खिलाड़ी हैं। साथ ही सैमुएल रिक्की भी इस महीने की शुरुआत में टोरिनो से मिलान में शामिल हुए हैं। गौरतलब है कि एसी मिलान पिछले सीज़न इटालियन टॉप-फ्लाइट लीग में आठवें स्थान पर रही थी और किसी भी यूरोपीय प्रतियोगिता में क्वालिफाई नहीं कर पाई थी। क्लब अपना सीरी ए अभियान 23 अगस्त को नवप्रवेशित क्रेमोनेसे के खिलाफ शुरू करेगा।

### लॉस एंजिल्स ओलंपिक में 12 जुलाई को शुरू होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद बहुप्रतीक्षित वापसी लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फ़ेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई को होगी, जिसमें पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी20 में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के अनुसार अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। ओलंपिक में इससे पहले केवल एक बार 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। उसमें तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने भाग लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने प्रतियोगिता के एकमात्र मैच में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता था। पुरुष और महिला वर्ग में कुल 90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित होने के कारण 12 प्रतिस्पर्धी टीमें 15 सदस्यीय दल की घोषणा कर सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने क्रिकेट, बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस (सिक्स) और स्क्वाश को 2028 ओलंपिक खेलों में शामिल करने को मंजूरी दी थी।

### देश का निर्यात जून में 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर, व्यापार घाटा 18.78 अरब डॉलर

**नयी दिल्ली।** देश का वस्तु निर्यात जून महीने में 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर रहा। वहीं व्यापार घाटा 18.78 अरब डॉलर रहा। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले साल जून में निर्यात 35.16 अरब डॉलर था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में आयात 3.71 प्रतिशत घटकर 53.92 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले जून माह में यह 56 अरब डॉलर था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जून के दौरान निर्यात 1.92 प्रतिशत बढ़कर 112.17 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि आयात 4.24 प्रतिशत बढ़कर 179.44 अरब डॉलर रहा।

### किआ ने स्थानीय रूप से विनिर्मित इलेक्ट्रिक वाहन ‘कैरेंस क्लेविस’ उतारा

**नयी दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी किआ इंडिया ने देश में अपने इलेक्ट्रिक वाहन खंड का विस्तार करते हुए अपनी स्थानीय रूप से निर्मित पहली कार ‘कैरेंस क्लेविस ईवी’ मंगलवार को पेश की। कंपनी इस मॉडल का उत्पादन आंध्र प्रदेश के अनंतपुर स्थित विनिर्माण संयंत्र में कर रही है। किआ पहले से ही देश में दो आयातित इलेक्ट्रिक वाहन ईवी6 और ईवी9 बेच रही है। किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ग्वांगु ली ने कहा, '' पिछले कुछ साल में हमने एक मजबूत वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड तैयार किया है और उस विशेषज्ञता को भारत में लाने पर हमें गर्व है। ‘कैरेंस क्लेविस ईवी’ इस यात्रा में अगले कदम का प्रतिनिधित्व करती है।'' ‘कैरेंस क्लेविस ईवी’ दो बैटरी विकल्पों 42 किलोवाट और 51.4 किलोवाट के साथ आती है। इसकी शोरूम कीमत 17.99 लाख रुपये से 24.49 लाख रुपये तक है। ली ने कहा कि किआ ‘कैरेंस क्लेविस ईवी’ को एक ऐसे देश के लिए सोच-समझकर बनाया गया है जो महत्वाकांक्षा एवं एकजुटता के साथ आगे बढ़ता है।

### निसान लागत कम करने के लिए जापान में ओप्पामा संयंत्र बंद को करेगी बंद

**तोक्यो।** मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी निसान लागत कम करने के लिए जापान के ओप्पामा स्थित अपने प्रमुख कारखाने को बंद कर रही है। कंपनी अपना सारा उत्पादन दक्षिण-पश्चिमी जापान स्थित एक अन्य संयंत्र में स्थानांतरित कर रही है। जापान की मोटर वाहन कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि तोक्यो के दक्षिण में कनागावा प्रांत में ओप्पामा संयंत्र में वाहन उत्पादन मार्च 2028 में बंद हो जाएगा। बयान के अनुसार, इसके बाद ओप्पामा में बनने वाले या उत्पादन के लिए निर्धारित सभी मॉडल फुकुओका प्रांत स्थित निसान मोटर क्यूशू (संयंत्र) में बनाए जाएंगे। ओप्पामा संयंत्र, निसान मोटर कॉर्पोरेशन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है। इसने 2010 में प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों से आगे रहते हुए अपनी ‘लीफ इलेक्ट्रिक कार’ यहीं पेश की थी। निसान ने इस वर्ष की शुरुआत में कहा था कि वह अपने वैश्विक कार्यबल में करीब 15 प्रतिशत या लगभग 20,000 कर्मचारियों की कटौती कर रही है। वह अपने मोटर वाहन संयंत्रों की संख्या 17 से घटाकर 10 कर रही है ताकि '' व्यवसाय को अधिक लचीला और कुशल बनाया जा सके। निसान को वित्त वर्ष 2024-25 में 670.9 अरब येन (4.5 अरब अमेरिकी डॉलर) का घाटा हुआ, जो पिछले वित्त वर्ष में दर्ज 426.6 अरब येन के लाभ से कम है।

# टी20 में ऐतिहासिक जीत के बाद वनडे में दबदबा बनाने की कोशिश करेगी भारतीय टीम

एजेंसी



साउथम्पटन। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला टीम बुधवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भी इसी लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने टी20 श्रृंखला में 3-2 से जीत दर्ज करके नया इतिहास रचा था। यह पहला अवसर था जबकि भारत ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इंग्लैंड से श्रृंखला जीती। इस साल के आखिर में भारत में वनडे विश्व कप खेला जाना है और उसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम 50 ओवरों के प्रारूप में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहेगी। भारत ने अपना आखिरी वनडे मैच मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में जीता था। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में जीत हासिल करने से भारतीय टीम का विश्व कप से पहले मनोबल और बढ़ेगा। भारत ने हाल के वर्षों में अपने दृष्टिकोण में बदलाव किया है तथा 300 से अधिक का स्कोर बनाने पर अधिक जोर दिया है। त्रिकोणीय श्रृंखला में उसने 276, 275, 337 और 342 का स्कोर बनाया था। कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में हमने जो वनडे मैच खेले हैं उनमें 300 से अधिक रन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। इससे हमारे गेंदबाजों को थोड़ा राहत मिलती है। युवा सलामी बल्लेबाज़ प्रतीका रावल को एक बार फिर अनुभवी शेफाली वर्मा पर प्राथमिकता दी गई है। रावल ने त्रिकोणीय श्रृंखला में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था जहां उन्होंने महिला वनडे में सबसे तेज़ 500 रन बनाने वाली बल्लेबाज़ बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया था। कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप-कप्तान स्मृति मंधाना, फिनिशर ऋचा घोष और भरोसेमंद जेमिमा रोड्रिग्स और हरलीन देओल जैसे दमदार बल्लेबाजों की मौजूदगी में भारत का शीर्ष और मध्य क्रम मजबूत नजर आता है। इसके अलावा निचले क्रम में दीप्ति शर्मा और अमनजोत कौर की बल्लेबाजी क्षमता को जोड़ लें तो भारत दुनिया की किसी भी टीम को हराने में सक्षम दिखता है। रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर के चोटिल हो जाने के कारण बाहर हो जाने के बाद तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई अनुभवी अरुंधति रेड्डी करेंगी, जिसमें उन्हें क्रांति गौड़ तथा ऑलराउंडर अमनजोत कौर और सयाली गणेश का सहयोग मिलेगा। भारत के पास स्पिन विभाग में अच्छी पकड़ है।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 से बाहर हुए शोएब बशीर

नई दिल्ली। इंग्लैंड के ऑफस्पिनर शोएब बशीर को हाथ की उंगली में फ्रैक्चर होने के कारण भारत के खिलाफ जारी एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 के बाकी बचे दो टेस्ट मैचों से बाहर कर दिया गया है। बशीर जल्द ही इस चोट के लिए सर्जरी करवाएंगे। बशीर को यह चोट तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन लगी, जब उन्होंने रविंद्र जडेजा का कैच पकड़ने की कोशिश की। यह घटना भारत की पहली पारी के 78वें ओवर में हुई। चोट लगने के बाद वे मैदान से बाहर चले गए और शेष पारी में वापसी नहीं कर सके। हालांकि, इंग्लैंड की दूसरी पारी में वे बल्लेबाजी के लिए उतरे और 9 गेंदों में 2 रन बनाए। टेस्ट के पांचवें दिन भी बशीर ज़्यादातर समय मैदान से बाहर रहे, लेकिन जब भारत के निचले क्रम के बल्लेबाज़ इंग्लैंड को परेशान कर रहे थे, तब उन्हें गेंदबाज़ी के लिए बुलाया गया।

# सर्राफा बाजार में नई ऊंचाई पर चांदी, सोने की घटी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में मामूली गिरावट नजर आ रही है। वहीं चांदी ने आज जोरदार छलांग लगा कर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना दिया है है। सोने की कीमत में तेजी आने के कारण आज देश ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,770 रुपये से लेकर 99,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,450 रुपये से लेकर 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,19,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,770 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीसरे टेस्ट में 176 रन से हराया, श्रृंखला 3-0 से जीती

एजेंसी

सबिना पार्क, जमैका। ऑस्ट्रेलियाई तेज़ गेंदबाज़ मिशेल स्टार्क ने सोमवार (भारतीय समयानुसार मंगलवार) को अपने 100वें टेस्ट मैच को यादगार बनाते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। पिंक बॉल से खेले जा रहे इस मुकाबले के तीसरे दिन उन्होंने महज़ 9 रन देकर 6 विकेट झटके, जिसमें उनके टेस्ट करियर का 400वां विकेट भी शामिल था। वहीं स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक लेकर वेस्टइंडीज की पारी को पूरी तरह ढहा दिया। वेस्टइंडीज की टीम मात्र 27 रन पर सिमट गई, जो टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर है। इस शर्मनाक प्रदर्शन के साथ मेज़बान टीम को 176 रन से हार का सामना करना पड़ा और ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज़ पर 3-0 से कब्ज़ा कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 204 रन का लक्ष्य दिया था। जवाब में स्टार्क ने पहले ही ओवर में तीन विकेट लेकर तहलका मचा दिया। उन्होंने जॉन कैम्पबेल को पहली गेंद पर आउट किया, फिर केवलॉन एंडरसन को एल्बीडब्ल्यू किया और अगली गेंद पर ब्रैंडन किंग के स्टंप उड़ा दिए। वेस्टइंडीज का स्कोर 0 पर 3 हो गया - जो टेस्ट इतिहास में सिर्फ छठी बार हुआ है। स्टार्क ने अपनी दूसरी ओवर की पहली ही गेंद पर मिकाइल लुईस को पवेलियन भेजा और टेस्ट करियर में 400 विकेट पूरे किए। फिर शाई होप को भी एलबीडब्ल्यू कर दिया। उन्होंने महज 15 गेंदों में पांच विकेट लेकर नया रिकॉर्ड बनाया, जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज़ पांच विकेट हैं। इसके बाद स्कॉट बोलैंड ने भी कहर बरपाया। उन्होंने जस्टिन ग्रेव्स, शमार जोसेफ और जोमेल वॉरिकन को लगातार गेंदों पर आउट कर हैट्रिक पूरी की। यह वेस्टइंडीज का 14.3 ओवर में समापन था और वे टेस्ट इतिहास के सबसे कम स्कोर (न्यूजीलैंड का 26 रन) से केवल एक रन ज्यादा बना सके - वह भी एक फील्डिंग मिस के चलते।

## उचित डीपीआर न बनाने वाले सलाहकारों को दंडित करेगी सरकार: गडकरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार उन सलाहकारों को दंडित करेगी जो राजमार्गों और सुरंगों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने में उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं करते हैं। डीपीआर, सड़क निर्माण परियोजना के लिए एक व्यापक खाका होता है। इसमें इसके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक सभी तकनीकी, वित्तीय और लॉजिस्टिक्स विवरण का उल्लेख होता है। गडकरी ने यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा, '' भारत में सलाहकार कंपनियों द्वारा तैयार डीपीआर की गुणवत्ता अच्छी नहीं है। इसके अलावा, ठेकेदार भी अच्छा काम नहीं कर रहे हैं। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, '' हमने डीपीआर तैयार करने वाले सलाहकारों को ‘रेटिंग’ देना शुरू कर दिया है३ जो लोग अच्छी डीपीआर बना रहे हैं उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा और जो उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं कर रहे हैं उन्हें दंडित किया जाएगा। गडकरी ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कोष के सामाजिक-आर्थिक ऑडिट की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीएसआर कोष का इस्तेमाल देश के आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों की मदद के लिए किया जाना चाहिए।

# टेस्ला ने मुंबई में अपना पहला ‘एक्सपीरियंस सेंटर’ खोला, भारत में आधिकारिक शुरुआत

एजेंसी



मुंबई। इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी टेस्ला ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला ‘एक्सपीरियंस सेंटर’ मंगलवार को खोलने के साथ ही आधिकारिक तौर पर भारत में प्रवेश किया। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में इसका उद्घाटन किया। फडणवीस ने इस मौके पर कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि टेस्ला भारत में अपने अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करे। मुख्यमंत्री ने कहा, '' हम चाहते हैं कि अनुसंधान, विकास और विनिर्माण भारत में ही हो। मुझे यकीन है कि टेस्ला उचित समय पर इस बारे में विचार करेगी। उन्होंने कहा, '' अपनी इस यात्रा में महाराष्ट्र को एक भागीदार मानें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई में अपना पहला केंद्र खोलने का टेस्ला का फैसला शहर और राज्य में उसके विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, '' टेस्ला एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन इस बात का प्रमाण है कि टेस्ला सही शहर और सही राज्य (यानी मुंबई और महाराष्ट्र) में आ गई है। फडणवीस ने कहा कि मुंबई न केवल भारत की वित्तीय, वाणिज्यिक और मनोरंजन राजधानी है, बल्कि एक उद्यमशीलता केंद्र भी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने 2015 में अमेरिका में पहली बार टेस्ला गाड़ी चलाई थी। उन्होंने कहा, '' तब मैंने सोचा था कि भारत में भी ऐसी गाड़ी होनी चाहिए। इसमें करीब 10 साल लग गए, लेकिन हमें बहुत खुशी है कि आप आखिरकार यहां आ गए हैं। भारत में लोग टेस्ला का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मुझे यकीन है कि आपूर्ति शुरू होने पर आपको यहां अपने सबसे अच्छे बाजारों में से एक मिलेगा।'' मुख्यमंत्री ने कहा, '' हम एक विनिर्माण केंद्र भी हैं। चार्जिंग से जुड़े बुनियादी ढ़ांचे, वाहन प्रोत्साहन और विनिर्माण प्रोत्साहनों के लिए हमारी नीतियां सर्वश्रेष्ठ में से हैं। यह एक अच्छी शुरुआत है और इसमें बाजार को बदलने की क्षमता है। टेस्ला इंडिया ने मुंबई के लोढ़ा लॉजिस्टिक्स पार्क में 24,565 वर्ग फुट का ‘वेयरहाउसिंग स्पेस’ पांच साल की अवधि के लिए पिछले महीने पट्टे पर लिया था। ‘टेस्ला एक्सपीरियंस सेंटर’, टेस्ला की गाड़ियों और उनकी प्रौद्योगिकी को ग्राहकों तक पहुंचाने का एक खास तरीका है। ये पारंपरिक ‘कार शोरूम’ से हटकर होते हैं और ग्राहकों को टेस्ला के उत्पादों एवं नवाचारों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित होते हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने जून में कहा था कि इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी भारत में कारों के निर्माण में रुचि नहीं रखती, बल्कि देश में शोरूम स्थापित करने की इच्छुक है।

# मोदी, आरएसएस पर अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के आरोपी को माफी मांगने के बाद मिली अंतरिम राहत

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के आरोपी हेमंत मालवीय के माफी मांगने के बाद मंगलवार को अंतरिम राहत दी।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने इंदौर निवासी व्यंगचित्रकार मालवीय को अंतरिम संरक्षण का आदेश पारित करते हुए उन्हें हिंदी में हलफनामे के रूप में भी माफी मांगने का निर्देश दिया। पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 15 अगस्त की तारीख मुकर्रर करते हुए पक्षकारों को अगली तारीख तक अपनी दलीलें पूरी करने का निर्देश दिया। आरोपी ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के तीन जुलाई उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी, जिसमें उनके फ़ेसबुक पर पोस्ट किए गए संबंधित व्यंगचित्र मामले में उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। वह 14 जुलाई को उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद आपत्तिजनक व्यंगचित्र को फ़ेसबुक से हटाने के लिए तैयार हुआ था। सुनवाई के दौरान पीठ ने मालवीय के आचरण पर असहमति और असंतोष व्यक्त किया था। पीठ ने 14 जुलाई को उनकी वकील वृंदा ग्रोवर से पूछा था कि क्या याचिकाकर्ता व्यंग्यचित्र वाली अपनी फ़ेसबुक पोस्ट हटाने को तैयार हैं। इस पर सहमति व्यक्त करते हुए अधिवक्ता ने कहा था, मैं बयान दूंगी कि मैं आपत्तिजनक टिप्पणियों का समर्थन नहीं कर रही हूं।” उन्होंने मामले में अंतरिम सुरक्षा की भी गुहार लगाई थी और कहा था कि मामला



व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा है और पुलिस उनके (मालवीय) दरवाजे पर दस्तक दे रही है।

उन्होंने हालांकि कहा था कि उनकी (याचिकाकर्ता की) टिप्पणियां अशोभनीय या घटिया लग सकती हैं, लेकिन वे कोई अपराधी नहीं हैं। इसलिए 50 साल के इस आरोपी को अंतरिम राहत दी जानी चाहिए। इस पर पीठ ने कहा, अभी भी (आरोपी) परिपक्वता नहीं है। हम सहमत हैं कि यह (फ़ेसबुक पोस्ट) भड़काऊ है। शीर्ष अदालत ने इन टिप्पणियों के साथ कहा था कि वह इस मामले में मंगलवार को विचार करेगी। अदालत ने कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने से संबंधित 2021 के एक मामले में 11 जुलाई को आरोपी मालवीय की अग्रिम जमानत की मांग वाली याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की थी। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता ग्रोवर के मामले पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध स्वीकार करते हुए इस मामले को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। अदालत के समक्ष अधिवक्ता ने यह भी दलील दी थी कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में याचिकाकर्ता की निंदा की और कहा है कि अर्नेश कुमार (2014) और इमरान प्रतापगढ़ी (2025) के मामलों में उच्चतम न्यायालय के फैसले इस मामले में लागू नहीं होंगे। पीठ के समक्ष उन्होंने यह भी कहा था कि याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज अपराधों के लिए अधिकतम सजा तीन साल की जेल है। व्यंग्यचित्रकार हेमंत ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से अग्रिम जमानत देने से इनकार करने के तीन जुलाई के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए राहत की गुहार लगाई थी । उसने अपनी याचिका में यह भी कहा कि उच्च न्यायालय का हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता बताने वाला आदेश लगभग दंडात्मक लगती है, न कि ठोस जांच आवश्यकताओं या उद्देश्य पर आधारित।

## भाजपा की संगठित लूट के विकास को हर बार बहाकर ले जाता है मानसून : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा शासन में लूट मची हुई है लेकिन कमीशनखोरी पर टिका सारा विकास भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े पुलों, सड़कों, रेल पटरियों के ढ़हने से हर बार मानसून की बारिश में बह जाता है।

श्री गांधी ने कहा “मानसून आया और साथ ही आपके टैक्स के पैसे भी बहा ले गया- भाजपा के भ्रष्टाचार की गंदगी में, हर बार जब कोई पुल गिरता है, हर बार जब कोई सड़क बह जाती है, हर बार जब कोई ट्रेन पटरी से उतरती है। समझ लीजिए, ये सिर्फ़ निर्माण की असफलता नहीं ये एक संगठित लूट है - आपकी जेब से। हर बार जब हादसे में किसी के प्रिय की जान जाती है और कोई ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जाता, तो वो दुर्घटना नहीं, हत्या होती है। उन्होंने मानसून आते ही ढांचों के ढहने के उदाहरण देते हुए कहा कि गुजरात के जूनागढ़ में नया पुल उद्घाटन से पहले ही ढह गया। राजकोट में नेशनल हाइवे बारिश में धँस गया। दिल्ली में करोड़ों रुपए से बना प्रगति मैदान अंडरपास फिर डूब गया। हर साल यही हाल होता है। उत्तराखंड में टनकपुर-पिथौरागढ़ हाइवे का हिस्सा नदी में समा गया। पुल एक साल भी नहीं चला। बिहार में पिछले 5 साल में 12 पुल गिर चुके हैं। ताज़ा मामला अररिया में उद्घाटन से पहले ही करोड़ों रुपए में बना एक पुल गिर गया। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में हाल ही में बना एनएच बारिश में बह गया। भाजपा सरकार के कार्यकाल में अनेक ऐसे निर्माण कार्य हैं और उनके उदाहरण भी अनगिनत हैं। कांग्रेस नेता ने कहा “हर साल ये होता है। हर साल छोटे गाँव से लेकर बड़े शहर तक लोग इस बर्बाद होती सार्वजनिक व्यवस्था का दंश झेल रहे हैं और मोदी सरकार का एक ही जवाब होता है और टैक्स बढ़ा दो। सोचिए यह पैसा जा कहाँ रहा है। सरकारें टैक्स इसलिए लेती हैं कि आपको मिले सड़कें, पुल, अस्पताल, बिजली, पानी लेकिन भाजपा सरकार में ये पैसा जाता है भ्रष्ट नेताओं की जेब में, सरकारी कमीशनखोरों की तिजोरी और प्रचार की चमकदार होर्डिंग्स में लेकिन अब बहुत हो गया। भारत अब चुप नहीं बैठेगा।

## जयशंकर का चीनी नेताओं से गलबहियां करने का औचित्य बताए सरकार : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ कंधा से कंधा मिलाकर भारत के खिलाफ युद्ध लड़ने वाले चीनी नेताओं के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर की गलबहियां करना बेतुका है और चीन को लाल आंख दिखाने की बात करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चीन के सामने झुक रहे हैं।

पार्टी ने कहा कि श्री मोदी का चीनी नेताओं के प्रति प्रेम सर्वविदित है। वह लाल आंख दिखाने की बजाय चीन के नेताओं के लिए हर समय लाल कारपेट बिछाए रहते हैं और इसी का परिणाम है कि विदेश मंत्री चीनी नेताओं के साथ गलबहियां कर रहे है और चीन के शीर्ष नेताओं से मिल रहे हैं। कांग्रेस सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, “आज पहलगाम आतंकी हमले को 85 दिन हो गए हैं, लेकिन अब तक इन दुर्दांत आतंकवादियों में से एक भी गिरफ़्तार नहीं हुआ है। इस दौरान हमारी सेना के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने साफ कहा कि जब हम पाकिस्तान को सबक सिखा रहे थे तो पाकिस्तान अकेला नहीं था, उसके साथ ही हम चीन से भी लड़ रहे थे। चीन, पाकिस्तान के साथ पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ा था। उप सेना प्रमुख ने ये भी कहा कि इस पूरे ऑपरेशन में हम तीन दुश्मनों से लड़ रहे थे, जिसमें से चीन एक था। चीन ने पाकिस्तान को लाइव इनपुट्स दिए, रियल टाइम इंटेलिजेंस दी लेकिन पिछले 48 घंटों में जो तस्वीरें सामने आईं हैं, उसमें दिख रहा है कि हमारे विदेश मंत्री एस. जयशंकर चीन में हैं और वह वहां के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उप-राष्ट्रपति से मिल रहे हैं। उन्होंने कहा श्री मोदी का चीन से प्रेम पूरी दुनिया जानती है। शी जिनपिंग से वह 30-30 बार मिलते हैं, महाबलीपुरम में शहनाई सुनते हैं, साबरमती के तट पर झूला झूलते हैं, शी जिनपिंग के साथ पुराना रिश्ता बताते हैं लेकिन आज जब चीन हमारे दुश्मन देश के साथ खड़ा है, तो उसे ‘लाल आंख’ दिखाने की बात करने वाले मोदी जी उसके लिए ‘लाल कालीन’ क्यों बिछा रहे हैं। सवाल है कि जिस पाकिस्तान ने ऐसा किया और जिस चीन ने उसका साथ दिया उसके साथ गलबहियां क्यों की जा रही है। हमारे उप सेना अध्यक्ष राहुल आर सिंह ने कहा कि चीन पीछे से था, पाकिस्तान फ्रंट से था, लेकिन जब हम लड़ रहे थे तो हम चीन से लड़ रहे थे।

## नक्सलियों ने स्वीकारा- एक साल में विभिन्न राज्यों में मारे गए 357 साथी

एजेंसी

बीजापुर। सालभर में देश के अलग-अलग राज्यों में कुल 357 नक्सली मारे गए हैं। नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी ने मंगलवार को जारी प्रेसनोट और बुकलेट में यह स्वीकार किया है।जारी बुकलेट व प्रेसनोट को लेकर हिन्दुस्थान समाचार कोई आधिकारिक दावा नहीं करता है।

मंगलवार को नक्सलियों ने 24 पेज का गोंडी बोली और अंग्रेजी में बुकलेट भी जारी किया। जारी बुकलेट में लिखा है कि सालभर में नक्सलियों के पोलित ब्यूरो मेंबर और नक्सल संगठन के महासचिव बसवा राजू समेत सेंट्रल कमेटी के 4 सदस्य, स्टेट कमेटी के 16 सदस्य मारे गए हैं। इन 357 में 136 महिला नक्सली भी मारी गई हैं। सबसे ज्यादा दंडकारण्य में 281 नक्सली ढेर हुए हैं। वहीं, पुलिस के अनुसार पिछले डेढ़ साल में सिर्फ बस्तर में ही करीब 420 से ज्यादा नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर किया है।

**संगठन की केंद्रीय कमेटी ने जारी किया प्रेस नोट व बुकलेट, कहा- 28 जुलाई से 3 अगस्त तक मनाएंगे शहीदी सप्ताह**

**पुलिस के अनुसार 2024 में 217 नक्सली और पिछले 6 महीने में 200 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं**

नक्सलियों के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 14 बिहार-झारखंड, 23 तेलंगाना, 281 दंडकारण्य, 9 आंध्र-ओडिशा विशेष क्षेत्र/आंध्र प्रदेश, 8 महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ (एमएमसी), 20 ओडिशा, 1 पश्चिमी घाट और 1 पंजाब से हैं। उनके 4 साथी खराब स्वास्थ्य और अनुचित उपचार के कारण, 1 दुर्घटना में, 80 फर्जी मुठभेड़ों में और 269 घेराबंदी हमलों में मारे गए। मारे गए



नक्सलियों में बसवा राजू समेत राज्य समिति स्तर के 16, जिला समिति के 23, एसी/पीपीसी के 83, पार्टी के 138 सदस्य, पीएलजीए के 17 सदस्य, जन संगठनों के 6 सदस्य और 34 लोग शामिल हैं। 36 लोगों का विवरण उपलब्ध नहीं है। नक्सलियों का कहना है कि अधिकांश कगार युद्ध में मारे गए हैं। घेराबंदी के दौरान कुछ साथी पकड़े गए, जिनकी हत्या करने काा आरोप लगाया है। मारे गए नक्सलियों की याद में नक्सली 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीदी सप्ताह मनाएंगे। इस दौरान मारे गए साथियों को श्रद्धांजलि देंगे। गांव-गांव में सभा करेंगे। वहीं इस दौरान नक्सली किसी बड़े हमले की योजना को अंजाम देने का प्रयास कर सकते हैं। नक्सलियों के बुकलेट में लिखा है, कि देश में क्रांतिकारी आंदोलन को खत्म करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के ‘कागार’ युद्ध को विफल किया जाएगा। बस्तर में एक जनवरी, 2024 से जून, 2025 तक हुई अलग-अलग मुठभेड़ों में 420 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया गया है। पुलिस के अनुसार, इनमें 2024 में 217 नक्सली और पिछले 6 महीने में 200 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। वहीं नक्सलियों के अलग-अलग लेटर में जारी आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि नक्सल संगठन भी मारे गए नक्सलियों के स्पष्ट आंकड़े जारी नहीं कर रहा है। पिछले डेढ़ साल में नक्सलियों को बड़ी क्षति पहुंची है।

### बीएसई को मिली बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) को मंगलवार सुबह एक धमकी भरा ईमेल मिला जिसमें कहा गया था कि उसकी इमारत में चार आरडीएक्स आईईडी बम लगाए गए हैं जो दोपहर तीन बजे फटेंगे। पुलिस ने इसकी जानकारी मिलने के बाद तत्काल सारे स्थान की तलाशी ली और कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह एक निराधार और गलत सूचना निकली क्योंकि परिसर की तलाशी के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। गौरतलब है कि यह ईमेल ''कॉमरेड पिनाराई विजयन'' नामक आईडी से भेजा गया था। ईमेल मिलने के बाद मुंबई पुलिस और बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) की एक टीम बीएसई पहुँची और वहां की व्यापक तलाशी ली गयी। उन्होंने बताया कि इस दौरान वहाँ कुछ भी संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। इस मामले में माता रमाबाई अंबेडकर मार्ग पुलिस स्टेशन में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(1)(बी), 353(2), 351(3) और 351(4) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। बीएसई ने मंगलवार को यहां जारी एक बयान में कहा ''13 जुलाई की रात को बीएसई को एक अज्ञात आईडी से ईमेल के ज़रिए बम की धमकी मिली। एहतियात के तौर पर बीएसई ने तुरंत अपने परिसर में सतर्कता और निगरानी बढ़ा दी और एक प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है।''

## बिहार में उच्च शिक्षा है अपने निम्नतम स्तर पर : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि बिहार में शिक्षा, विशेष रूप से उच्च शिक्षा की स्थिति चरमरा गई है जिसके कारण बिहार में उच्च शिक्षा अपने निम्नतम स्तर पर पहुंच चुकी है और इसमें अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत सटीक बैठती है।

कांग्रेस प्रवक्ता कन्हैया कुमार ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वहां शिक्षा के हालात किस कदर बदतर हो गये हैं इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि वहां प्रिंसिपल की नियुक्ति लॉटरी व्यवस्था के जरिए की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि यह व्यवस्था प्रिंसिपल पद पर नियुक्ति के लिए ऊपर से आ रहे दबावों को देखते हुए की गई और इसमें जिसका नाम पर्ची में आएगा उसी की इस पद पर नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि बिहार से एक अजीब घटना सामने आई कि इस तरह की व्यवस्था में महिला कॉलेज में भी पुरुष प्रिंसिपल बना दिए गए। इसके बाद वाइस चांसलर का एक इंटरव्यू आया, जिसमें वे बहुत सारी सफाई दे रहे हैं। उन्होंने इंटरव्यू में जो बातें कही है, उससे बिहार की शिक्षा व्यवस्था की स्थिति का पता चलता है और बिहार की शिक्षा व्यवस्था को लेकर ‘अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी, टके सेर खाजा’वाली कहावत सटीक बैठती है। श्री कुमार के अनुसार वाइस चांसलर ने अपने इंटरव्यू में कहा शहर के कॉलेजों में प्रिंसिपल बनने के लिए बड़े-बड़े लोगों की सिफारिश आती है, इसलिए हमने लॉटरी निकाली। साथ ही कहा कि ऐसा कोई नियम नहीं है, जिसमें लिखा हो कि महिला कॉलेज का प्रिंसिपल पुरुष नहीं बन सकता। मतलब मनमाने तरीके से बिहार में शिक्षा व्यवस्था चल रही है। यह कहने को तो उच्च शिक्षा है, जो अपने निम्नतम स्तर पर है। आप किसी भी कॉलेज में छात्रों की संख्या देखेंगे तो पता चलेगा कि 4 कमरे का कॉलेज है, लेकिन हजारों छात्रों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। मतलब पैसा दीजिए, डिग्री लीजिए। यहां सिर्फ डिग्री दी जा रही है। पढ़ाई के नाम पर कुछ नहीं होता है। प्रवक्ता ने कहा कि बिहार में शिक्षा क्षेत्र में ढांचागत विकास के नाम पर कुछ नहीं है और वहां छात्रों को सारी व्यवस्थाएं खुद ही करनी पड़ती हैं। सबसे दिक्कत यह है कि वहां नियमित क्लास नहीं होती, सेशन कभी भी समय पर नहीं होता, इंफ्रास्ट्रक्चर बेहद जर्जर हालात में हैं, विश्वविद्यालय लूट का अड्डा बन चुके हैं, क्षमता से ज्यादा छात्र पंजीकृत होते हैं, छात्र पैसा देकर प्रवेश पाते हैं, लेकिन न उन्हें पढ़ाया जाता है, न प्रयोगशाला की सुविधा दी जाती है, न पुस्तकालय की सुविधा मिलती है इसके उलट जब आप डिग्री लेने जाएंगे तो आपसे मिठाई खाने के नाम पर रिश्वत लिए बिना डिग्री नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि लॉटरी से प्रिंसिपल बनाना, इसी सिस्टम का पर्दाफाश करता है। ये पूरा कट-कमीशन का सिस्टम है। बिहार में वही वाइस चांसलर बनता है, जिसकी सरकार में पहुंच है। ऐसे लोग वाइस चांसलर बनने के बाद कॉलेज के सीईओ की तरह काम करते हैं।

## हर सरकारी अस्पताल में होगी बेहतर सुविधा: पंकज

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार स्वास्थ्य ढांचे को आधुनिक और मज़बूत बनाने के साथ दिल्ली के हर सरकारी अस्पताल को बेहतर सुविधाओं से लैस करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। डॉक्टर पंकज ने आज गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि ‘स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली’ के संकल्प को पूरा करने के लिए दिल्ली सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर को भी बेहद मजबूत बनाने में जुटी है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल परिसर में चल रहे सभी सिविक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने जीटीबी अस्पताल में 14 नए आईसीयू बेड्स को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अस्पताल आने वाले मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया कि अस्पताल परिसर में खुले पड़े सभी बिजली के तारों को तुरंत उचित तरीके से कवर किया जाएताकि भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना नहीं हो। उन्होंने मरीजों की आवाजाही और अतिरिक्त सहायता डेस्क जैसी व्यवस्थाएं को सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाएं, जिससे अस्पताल पहुंचे मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा और परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

# पेज एक का शेष

### अंतरिक्ष मिशन की सफलता पर...

अब उन्होंने अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में भी भारत का नाम रोशन किया है। एक्स-4 मिशन में भागीदारी कर उन्होंने न केवल भारत, बल्कि उत्तर प्रदेश को भी गर्व से भर दिया है। एक्सिओम स्पेस की यह मिशन सीरीज़ वाणिज्यिक मानव अंतरिक्ष अभियानों का हिस्सा है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक, पायलट और प्रशिक्षित एस्ट्रोनॉट शामिल होते हैं। इस बार भारत से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का चयन होना एक बड़ा मील का पत्थर माना गया। मिशन के दौरान टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर कई वैज्ञानिक प्रयोगों और तकनीकी परीक्षणों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। भारत की ओर से इसमें तकनीकी कौशल और वैज्ञानिक सहभागिता की एक नई ऊंचाई देखी गई।

### आतंकवाद से सख्ती...

ठीक यही किया है और आगे भी करते रहेंगे। यह ज़रूरी है कि एससीओ अपने संस्थापक उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहे और इस चुनौती पर अडिग रुख अपनाए। डा. जयशंकर ने दुनिया भर में जारी संघर्षों और टकरावों का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन को वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करने तथा इन समस्याओं का समाधान करने की चुनौती है। उन्होंने कहा, हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में भारी अव्यवस्था व्याप्त है। पिछले कुछ वर्षों में, हमने और अधिक संघर्ष, प्रतिस्पर्धा और दबाव देखा है। आर्थिक अस्थिरता भी स्पष्ट रूप से बढ़ रही है। हमारे सामने चुनौती वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करना, विभिन्न पहलुओं को जोखिम मुक्त करना और इन सबके माध्यम से, उन दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करना है जो हमारे सामूहिक हितों के लिए खतरा हैं।

यमन में नर्स निमिषा...

थी। सूत्रों ने कहा, मामले के संवेदनशील होने के बावजूद भारतीय अधिकारी लगातार स्थानीय जेल अधिकारियों और अभियोजक कार्यालय के साथ संपर्क में रहे, जिसके कारण निमिषा प्रिया की मौत की सजा टलवाने में सफलता मिली। इस बीच, कुछ रिपोर्टों के अनुसार निमिषा के कानूनी सलाहकारों ने उसकी माफी के लिए लगभग 8.5 करोड़ रुपये (10 लाख डॉलर) की पेशकश की थी, जिसे स्थानीय प्रथा के अनुसार ‘खूंबहा’ कहा जाता है। गौरतलब है कि केरल की 37 वर्षीय नर्स को यमन के एक नागरिक की हत्या के आरोप में दोषी ठहराया गया है। केरल के पलक्कड़ ज़िले की निवासी निमिषा नर्सिंग प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 2011 में यमन चली गयी थी। उसे 2017 में अपने ‘व्यापारिक सहयोगी’ तलाल अब्दो महदी की कथित हत्या के आरोप में गिरफ़्तार किया गया था। तीन साल बाद 2020 में यमन की एक अदालत ने उसे इस मामले में मौत की सज़ा सुनायी थी।

### भारतीय सेना पर...

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान गांधी ने एक प्रेस कांफ्रेंस की थी। इस दौरान राहुल गांधी की टिप्पणी सशस्त्र बलों के लिए अपमानजनक थी और एक पूर्व रक्षा कर्मी के रूप में उनके अपने मनोबल को ठेस पहुंचाने वाली थी। श्रीवास्तव के मुताबिक, श्री गांधी ने अपनी संवाददाता सम्मेलन में कहा था, चीनी सैनिक अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था, निःसंदेह, भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, यह स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन है और इसमें ऐसे बयान देने की स्वतंत्रता शामिल नहीं है जो किसी व्यक्ति या भारतीय सेना के लिए अपमानजनक हों।

### अमेरिका ने भारत...

गया था। इसके बाद विक्रेता-संबंधी व्यवधानों को दूर करने के बाद जीई ने उत्पादन फिर से शुरू कर दिया। आखिरकार एयरोस्पेस ने भारत के स्वदेशी लड़ाकू जेट एलसीए मार्क-1ए के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इंजन की आपूर्ति शुरू कर दी। कंपनी ने इसी साल 26 मार्च को पहला इंजन वितरित किया। इसके बाद 13 जुलाई को जीई ने दूसरा इंजन भेजा। इस डिलीवरी के साथ कंपनी ने अपनी उत्पादन प्रक्रिया में स्थिरता का संकेत दिया है। कंपनी अब मासिक रूप से दो इंजन वितरित करने की योजना बना रही है। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने एक बयान में कहा है कि एफ-404 इंजनों की आपूर्ति अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमानों का विकास करके भारत की सेना के लिए एक मजबूत भविष्य सुनिश्चित करने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जीई एयरोस्पेस का भारत में सैन्य जेट प्रणोदन सहयोग का एक मजबूत इतिहास है। एचएएल के साथ 40 साल के संबंधों और देश की रक्षा निर्माण क्षमताओं को बढ़ाते हुए 1980 के दशक में एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के साथ सहयोग करने के बाद जीई एयरोस्पेस के एफ-404 इंजन को 2004 में सिंगल-इंजन तेजस के लिए चुना गया था। यह इंजन भारत के एकल इंजन वाले लड़ाकू विमान के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। जीई एयरोस्पेस से लगातार इंजन मिलने से तेजस एमके1ए का उत्पादन नियमित हो सकेगा। हाल ही में एचएएल की साझा की गई तस्वीरों में टेल नंबर एलए-5041 तक के ढांचे दिखाई दिए हैं। पहले विमान का ढांचा नंबर एलए-5033 था और इस सीरियल नंबर के अनुसार कम से कम 9 एयरफ्रेम तैयार हैं। एचएएल ने पहले प्रति वर्ष 16 विमान बनाने की योजना बनाई थी, लेकिन इंजन की आपूर्ति में तेजी आने से प्रतिवर्ष 24 विमानों की आपूर्ति की जा सकती है। इससे तेजस एमके1ए के उत्पादन में हुई देरी की भरपाई करके एचएएल वायु सेना को आपूर्ति शुरू करेगा। इंजन वितरण में देरी के कारण एचएएल को वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा था, लेकिन अब सब कुछ पटरी पर लौटता दिख रहा है।

### वैश्विक बाजार की...

के तहत एक लाख से अधिक हस्तशिल्पियों और कारीगरों को प्रशिक्षण और टूलकिट प्रदान किए गए हैं। इन योजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। योगी ने कार्यक्रम में सम्मानित किए गए युवाओं की सफलता की कहानियों को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि ये युवा अपनी परंपरागत शिक्षा के बाद असहाय स्थिति में थे, लेकिन कौशल विकास प्रशिक्षण ने उन्हें नई दिशा दी। आज ये युवा 25,000 से 1,00,000 रुपये प्रति माह कमा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से हताश न होने और निरंतर प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हताशा और निराशा में जीवन नहीं है। सही प्रशिक्षण और मेहनत से आप सफलता की नई कहानी लिख सकते हैं। उन्होने कहा कि इंस्टीट्यूशंस को इंडस्ट्री के साथ हमें जोड़ना पड़ेगा जिससे इंडस्ट्री की डिमांड क्या है, उसकी मांग क्या है, उसके अनुरूप हम कार्यक्रम को आगे बढ़ा सकते हैं। इसी में एक नया प्रयास प्रारंभ हुआ है कि इंडस्ट्री के साथ जुड़ने वाला यह युवा अपने प्रोजेक्ट वर्क को इंडस्ट्री के अंदर पूरा करे, इस दौरान उसे पीएम और सीएम इंटर्नशिप की स्कीम के साथ जोड़कर 5000 रुपये महीना भी एक वर्ष तक गवर्नमेंट उपलब्ध करवाएगी। एक वर्ष के बाद उसके अनुभव का लाभ लेते हुए इंडस्ट्री उसका सिलेक्शन भी कर सकती है। नहीं तो मार्केट में उसकी डिमांड इतनी ज्यादा होगी कि वह स्वयं ही उसके अनुरूप अपने लिए कहीं भी काम की तलाश कर सकता है। किसी भी फील्ड में काम की कोई कमी नहीं है। योगी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति युवाओं को एक साथ डिग्री और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा देती है। भविष्य की योजनाओं के लिए नई शिक्षा नीति अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि एनईपी के तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग और आईटीआई मिलकर स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इससे छात्र डुअल डिग्री या सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। उन्होंने ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और 3डी प्रिंटिंग जैसे न्यू-एज क्षेत्रों में अवसरों की बात की, साथ ही परंपरागत ट्रेड्स जैसे प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन और एसी मैकेनिक की मांग को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमें मार्केट की मांग के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित करना होगा। कार्यक्रम में व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, श्रम राज्यमंत्री मन्नू कोरी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान योगी ने 15 युवाओं को ‘यूथ आईकॉन’ सम्मान और 11 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसके अलावा, प्रदेश के लिए पांच स्किल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों को‘इंडस्ट्री एम्बेसडर’ सम्मान से भी सम्मानित किया। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज के साथ नॉलेज पार्टनर के रूप में एमओयू का आदान-प्रदान भी किया गया।

# बिहार कैबिनेट में पांच वर्ष में एक करोड़ नौकरी देने सहित 30 प्रस्तावों पर मुहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में अगले पांच सालों में 1 करोड़ नौकरी देने के लक्ष्य सहित कुल 30 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

पटना स्थित पुराने सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में 30 अहम प्रस्तावों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुहर लगाई है। इसके तहत अगले पांच सालों में 1 करोड़ नौकरी देने के लक्ष्य को कैबिनेट से मंजूरी दी गई है। बिहार में चल रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण में लगे बीएलओ और सुपरवाइजर को सरकार 6000 रुपये एकमुश्त अतिरिक्त मानदेय देगी इस प्रस्ताव को भी कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दी। बिहार सरकार वर्ष 2025 से 2030 के दौरान पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी और रोजगार देगी। नई नौकरी और



रोजगार सृजन के लिए सरकार को परामर्श देने के लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित किया जाएगा। इसके लिए कुल 12 सदस्य इसमें बनाए गए हैं। इसके अलावा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य हेतु 77895 बीएलओ और 8245 बी एलओ सुपरवाइजर को वार्षिक मानदेय के अतिरिक्त एकमुश्त मान देय 6000 रुपये देने के लिए 51 करोड़ 68 लाख 40000 रुपये की स्वीकृति दी गई है। बिहार कैबिनेट की बैठक में चार डॉक्टरों को बर्खास्त करने को लेकर भी निर्णय लिया गया है। इसके तहत लखीसराय में पोस्टेड डॉक्टर कृतिका सिंह, डॉ कृति किरण, बेगूसराय में पोस्टेड डॉक्टर चंदना कुमारी और जमुई में तैनात डॉक्टर निमीषा रानी को सरकारी सेवा से बर्खास्त करने का फैसला लिया गया है। इन सभी को लगातार अनुपस्थित रहने की वजह से सरकारी सेवा से बर्खास्त किया गया है। पटना की ही तरह भागलपुर और मुंगेर में गंगा पर परियोजना मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी दी है। इसके तहत भागलपुर में सुल्तानगंज-भागलपुर-सबोर के बीच 40.80 किलोमीटर लंबा पथ बनेगा। इसके लिए 4,850 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। मुंगेर जिले में भी गंगा पथ परियोजना को मंजूरी दी गई है। मुंगेर -बरियारपुर-घोरघट -सुल्तानगंज के बीच 42 किलोमीटर लंबा पथ बनेगा और इसके लिए 5,120 करोड़ रुपये की स्वीकृत दी गई ।

# हवा के हल्के झोंके से ही उड़ा नगर परिषद का सांकेतिक बोर्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। फारबिसगंज नगर परिषद अपनी कारगुज़ारियों के कारण हमेशा चर्चा में बना रहता है।गुणवत्ताविहीन विकास कार्य नगर परिषद प्रशासन की शगल बनती जा रही है।इसी कड़ी में फारबिसगंज नगर परिषद में जनता की गाढ़ी कमाई से भरे जाने वाले टैक्स के पैसे से नप क्षेत्र में सांकेतिक बोर्ड लगाया जा रहा है। हालांकि लग रहे सांकेतिक बोर्ड में भारी घालमेल होने और मोटी कमीशन लेकर काम करवाए जाने का आरोप नगर परिषद के चुने हुए जनप्रतिनिधि ही लगाते हुए जांच की मांग कर रहे हैं।बावजूद इसके नगर परिषद प्रशासन और मुख्य पदों पर बैठे जनप्रतिनिधियों के कानों तक में जूं तक नहीं रेंग रही है। सोमवार की संध्या हवा की झोंको ने नप क्षेत्र में लग रहे सांकेतिक बोर्ड



की गुणवत्ता की पोल खोल दी।सांकेतिक बोर्ड का पीलर खड़ा रहा और उसके बोर्ड हवा के झोंको के साथ उखड़ गया।एनएच 27 फोरलेन सड़क स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के पास यह सांकेतिक बोर्ड लगा था।इतना ही नहीं शहर के कई स्थानों पर सांकेतिक बोर्ड हवा के झोंके को सह नहीं सका और कई स्थानों पर बोर्ड फट गया। नगर परिषद की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़ा करते हुए स्थानीय लोग जांच की मांग कर रहे हैं।उल्लेखनीय हो कि इससे पहले सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन में भी भारी अनियमितता के साथ अधिष्ठापन में लूट को लेकर शहरवासियों में नगर परिषद प्रशासन के प्रति तीव्र रोष है।3.08 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से 196 स्थानों पर अधिकांश कम रेजॉलूशन वाला कैमरा को अधिष्ठापित किया गया है।सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन की जांच की मांग नगर परिषद के पार्षद सहित नगर परिषद कर्मचारी संघ ने भी कार्यपालक पदाधिकारी से की,लेकिन सभी जिम्मेवार बस लुट में लगे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रेखा गुप्ता ने मैराथन धावक सरदार फौजा सिंह के निधन पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विश्व के सबसे उम्रदराज मैराथन 114 वर्षीय धावक सरदार फौजा सिंह के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और उनके असंख्य प्रशंसकों के साथ हैं। रेखा गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि विश्व के सबसे उम्रदराज मैराथन धावक सरदार फौजा सिंह के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। अपनी विलक्षण जीवटता, अनुशासन और अद्वितीय ऊर्ज़ा से उन्होंने न केवल खेल जगत को गौरवान्वित किया बल्कि फिटनेस और आत्मबल के प्रतीक बनकर युवाओं को भी प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सदी पार कर चुका एक ऐसा धावक जिसने साबित किया कि आयु नहीं संकल्प मायने रखता है। गुप्ता ने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों व असंख्य प्रशंसकों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि विश्व प्रसिद्ध मैराथन धावक फौजा सिंह का सोमवार को पंजाब के जालंधर जिले में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। वह 114 वर्ष के थे और अपने पैतृक गांव ब्यास में टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें जालंधर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शाम को उनकी मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना की जानकारी जालंधर पुलिस और उनके जीवन पर पुस्तक 'द टर्बन्ड टॉरनेडो' लिखने वाले लेखक खुशवंत सिंह ने दी है।

### जेल में कैदी ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल के अस्पताल में एक कैदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जेल के प्रवक्ता अरविंद कुमार के अनुसार मृतक की पहचान रमेश कर्मकार के रूप में हुई है। मृतक रमेश कर्मकार ने जेल अस्पताल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना दिनांक 13 जुलाई की रात को सामने आई जब रमेश का शव जेल नंबर-3 के अस्पताल में खिड़की से लटका हुआ मिला। जेल के प्रवक्ता के अनुसार कैदी रमेश कर्मकार को 28 जून से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते तिहाड़ जेल के ही नंबर-3 के अस्पताल में भर्ती किया गया था। शनिवार रात को वह अपने वार्ड में अकेला था। इसी दौरान उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह 14 जुलाई को जब जेल स्टाफ ने नियमित निरीक्षण किया, तब घटना का पता चला। तुरंत ही वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया और पुलिस को बुलाया गया। जेल सूत्रों के अनुसार रमेश कर्मकार हत्या के मामले में जेल में बंद था। फिलहाल हरि नगर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सूचना मिलने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस इसे हर एंगल से जांच रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या रमेश कर्मकार किसी मानसिक दबाव में था या उसके साथ जेल में किसी प्रकार का दुर्व्यवहार हुआ था जिसने उसे यह कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। फिलहाल पुलिस जेल में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।

### आईएएस अधिकारी दिनेश कुमार राय ने लिया वीआरएस

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव रहे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी दिनेश कुमार राय ने ऐच्छिक सेवानिवृत्ति (वीएरएस) ले लिया है। उनकी ओर से लिये गये वीआरएस की मुख्य वजह उनका राजनीति में प्रवेश बताया जा रहा है। इसके संकेत भी उन्होंने खुद दिया है। सोमवार को नीतीश सरकार ने उनकी वीआरएस की मंजूरी देते हुए अधिसूचना भी जारी कर दी। दिनेश राय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी अधिकारियों में गिने जाते रहे हैं और लंबे समय तक वे उनके आप्त सचिव भी रह चुके हैं।मूल रूप से रोहतास जिले के करगहर क्षेत्र के निवासी दिनेश राय जब बीते महीने सचिव बनने के बाद पहली बार गृह जिले पहुंचे थे, तो किसी दिग्गज नेता की तरह उनका स्वागत हुआ।अब जब वीआरएस को सरकार की हरी झंडी मिल गई है, तो चर्चा है कि दिनेश राय जदयू के टिकट पर करगहर या सासाराम से चुनाव लड़ सकते हैं। नीतीश कुमार के करीबी और प्रशासनिक अनुभव से लैस राय को जदयू के अंदर संभावित 'एख्र मटेरियल' कहने वालों की भी कमी नहीं।चुनावी साल में वीआरएस लेना और वह भी ऐसे वक्त जब नीतीश कुमार प्रशासनिक 'फ़ेस कार्ड्स' को सियासी चेहरों में बदलने की कवायद में लगे हैं, दिनेश राय की एंट्री को साधारण घटनाक्रम नहीं माना जा सकता। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ब्यूरोक्रेसी से राजनीति में आने की यह सबसे प्रभावशाली 'सर्जिकल एंट्री' हो सकती है, जिसका असर जदयू के साथ-साथ विपक्षी खेमों पर भी पड़ेगा।

### बिहार के गयाजी में डूबने से तीन की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**पटना।** बिहार में गयाजी जिले के मगध मेडिकल कॉलेज थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोसडिहरा गांव में मंगलवार को आहर (खाली जगह पर जमा हुआ पानी) में नहाने के दौरान डूबने से हुई तीन छात्रों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गरही संवेदना व्यक्त की है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक गयाजी जिले के मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के कोसडिहरा गांव में आहर में नहाने के दौरान डूबने से हुई 03 छात्रों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को 04-04 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे को लेकर तैयारियों में जुटे अधिकारी

**देहरादून।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 19 जुलाई को प्रस्तावित उधमसिंहनगर जनपद के भ्रमण को लेकर तैयारियां तेजी हो रही हैं। इसी बीच कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। देहरादून सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गृह मंत्री के आगमन से संबंधित सभी तैयारियों और व्यवस्थाओं को समय से पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को मौसम को ध्यान में रखते हुए संपादित करें और उसका वैकल्पिक प्लान भी तैयार रखें। संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जिन विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया जाना है उनकी सूची तैयार करें। बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ आदि अधिकारी उपस्थित थे।

# गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी से बाढ़ का खतरा मडराया, निचले इलाके में फैला पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में मानसून की सक्रियता के साथ गंगा नदी का जलस्तर भी अब तेजी से बढ़ रहा है, जिससे पटना, बक्सर और भागलपुर में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। आज केंद्रीय जल आयोग और मौसम विज्ञान केंद्र, पटना की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी पटना के दीघा घाट पर खतरे के निशान (50.45 मीटर) से 2.36 मीटर नीचे (48.09 मीटर) और गांधी घाट पर खतरे के निशान (50.52 मीटर) से 1.51 मीटर नीचे (47.09 मीटर) बह रही है। बक्सर में गंगा चेतावनी स्तर (59.32 मीटर) से 2.87 मीटर नीचे (57.43 मीटर) है। भागलपुर में यह खतरे के निशान (33.68 मीटर) से 3.16 मीटर नीचे (30.52 मीटर) दर्ज की गई।



पटना के निचले इलाकों में दानापुर, पंडारक और फतुहा में मंगलवार सुबह से ही पानी प्रवेश करने लगा है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। दीघा नहर के रास्ते पानी को गंगा में डायवर्ट करने के लिए मोटर पंपों का उपयोग किया जा रहा है। बक्सर में गंगा घाटों की सीढ़ियां डूब चुकी हैं और सहायक नदी कर्मनाशा का जलस्तर भी बढ़ रहा है। भागलपुर में गंगा हर घंटे 1 सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रही है। जिससे सुल्तानगंज, नाथनगर और नवगछिया जैसे क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। जल संसाधन विभाग ने गंगा की सहायक नदियों सोन, गंडक और कोसी, में जलस्तर बढ़ने के कारण अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश के बाणसागर बांध से 1.25 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जो सोन नदी के जरिए गंगा में पहुंच रहा है। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश ने भी गंगा के जलस्तर को बढ़ाया है। विभाग के अनुसार अगले 2-3 दिनों तक जलस्तर में और वृद्धि हो सकती है।

### गया-जहानाबाद और जमुई में अति भारी बारिश का अलर्ट

दक्षिण बिहार के गया, नवादा और जमुई में आज आति भारी बारिश का अलर्ट है। जबकि पटना, बेगूसराय, मुंगेर और भागलपुर में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी है। पिछले 48 घंटों में वज्रपात से 8 से अधिक मौतें हुई हैं, जिसके चलते लोगों को खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे न रुकने की सलाह दी गई है। बिहार सरकार ने जिला प्रशासनों को अलर्ट रहने और राहत सामग्री, नाव और सामुदायिक रसोई की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

## पंजाब विधानसभा में फौजा सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा में मंगलवार को 114 वर्षीय मैराथन धावक फौजा सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही संसदीय कार्यमंत्री रवजोत सिंह ने कहा कि फौजा सिंह पंजाब ही नहीं पूरे देश का मान थे। उन्होंने सिख समुदाय और पंजाबियों का नाम पूरे विश्व में रोशन किया। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि 114 वर्ष की आयु में भी फौजा सिंह युवाओं के लिए प्रेरणा थे। उनके नाम कई रिकॉर्ड हैं। स्पीकर ने इंग्लैंड में फौजा सिंह की उपलब्धियों के बारे में सदन को बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि पंजाब के जालंधर जिले में अपने पैतृक गांव में सोमवार को टहलने निकले 114 वर्षीय फौजा सिंह को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। उन्हें जालंधर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई।

# नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिले मुख्यमंत्री धामी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से भेंट की है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 5 जल विद्युत परियोजनाओं के क्रियान्वयन का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से उत्तराखंड के सामाजिक और आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के क्रम में विशेषज्ञ समिति की ओर से संस्तुति की गई राज्य की 21 जल विद्युत परियोजनाओं में 5 जल विद्युत परियोजनाओं के क्रियान्वयन का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को सकारात्मक कार्यवाही के प्रति आश्वस्त किया।

# नाबार्ड ने मनाया 44वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय स्तर पर बनी नीति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने 44वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। नाबार्ड के प्रवक्ता ने बताया कि यह आयोजन चैन्ई में किया गया था जिसमें पूरे देश के प्रतिनिधि उपस्थित थे। नाबार्ड भारत के ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है और संस्था की दूरदृष्टि के तहत आने वाले नए युग की शुरुआत को चिन्हित करता है। इस अवसर पर नीति निर्माता, राज्य सरकारों के अधिकारी, बैंकिंग क्षेत्र के प्रमुख और आधार स्तर पर काम करने वाले नवप्रवर्तक उपस्थित थे। कार्यक्रम में वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव एम. नागराजू, तमिलनाडु सरकार के मुख्य



सचिव एन. मुरुगानंदम की विशेष उपस्थिति के साथ नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी के. वी., उप प्रबंध निदेशक जी. एस. रावत और उप प्रबंध निदेशक ए. के. सूद भी उपस्थित थे। इनके साथ इंडियन बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रबंध निदेशक, नाबार्ड के वरिष्ठ अधिकारी तथा केंद्र और राज्य सरकारों के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी केवी ने कहा कि ''हमारा 44 वर्षों का यह सफर ग्रामीण परिवर्तन के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वित्तीय पहुंच से लेकर नवोन्मेष और अनुकूलता बढ़ाने तक, हमने लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। भारत जब समावेशी और संधारणीय विकास की ओर अग्रसर हो रहा है, इस यात्रा में नाबार्ड अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तत्पर है।


# कांवड़ियों के उपद्रव से परेशान हुए व्यापारी, बाजार बंद की दी चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। कांवड़ मेला शुरू होने के बाद से ही हरिद्वार में कांवड़ियों के उपद्रव के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हालांकि पुलिस-प्रशासन भी उपद्रव मचाने वाले कांवड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। फिर भी कुछ कांवड़िए माहौल को खराब करने में लगे हुए हैं। कांवड़ियों के इस उत्पात से सबसे ज्यादा परेशान व्यापारियों ने पुलिस-प्रशासन के साथ बैठक की और उन्हें अपनी समस्या बताई। व्यापारी नेता संजीव नैयर ने कहा कांवड़ियों के भेष में कुछ उपद्रवी हरिद्वार का माहौल खराब करने में लगे हुए है। इस तरह के कांवड़िए लगातार व्यापारियों के साथ बदतमीजियां कर रहे हैं। बावजूद इसके व्यापारी अतिथि देवो भव के रूप में कार्य कर रहे है। हालांकि अब ऐसे कांवड़ियों की हरकत बर्दाश्त से बाहर हो गई है। कुछ कांवड़िएं तो व्यापारियों के साथ मारपीट पर



उतारु हो गए है। इसीलिए व्यापारियों ने आज आपातकाल बैठक बुलाई, जिसमें पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। व्यापारियों ने बैठक में साफ किया है कि यदि कांवड़ियों की बदतमीजी और मारपीट इसी तरह चलती रही तो उन्हें बाजार बंद करना पड़ेगा। वहीं, व्यापारियों के जिला अध्यक्ष राजीव पराशर ने कहा कि कांवड़ मेले में व्यापार करना मुश्किल हो गया है। कुछ लोग कांवड़ के नाम पर व्यापारियों से बदतमीजि कर रहे है, जो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं सीओ हरिद्वार नीरज सेमवाल ने कहा कि आज व्यापारियों की समस्याओं को लेकर बैठक बुलाई गई थी। बैठक में कांवड़ मेले में व्यापारियों को जो समस्या आ रही है, उस पर बात की गई। व्यापारियों को आश्वत किया है कि पुलिस उनकी सेवा में हर समय तैयार है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063